सुप्रभात

रांची, मंगलवार

29.11.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 136

12 रोमांचक मैच में घाना ने कोरिया को 3-2 से हराया

## न्यूज डायरी

### इडी ने जेल अधीक्षक समेत 4 को समन भेजा

**रांची।** ईडी ने बिरसा जेल के सुपरिटेंडेंट हामिद अख्तर सहित चार लोगों को समन जारी किया है। इसके अलावे बरहरवा टोल प्लाजा मामले के जांच अधिकारी शरफुद्दीन खान को समन जारी किया है। दोनों को पांच दिसंबर को ईडी के रांची स्थित जनरल कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। साथ ही पंकज मिश्रा के ड्राइवर सूरज पंडित और चंदन को भी तलब किया है। ईडी ने इन लोगों को छह दिसंबर और सात दिसम्बर को पेश होने का निर्देश दिया है।

### फ्री सैनिटरी पैड देने का मामला केंद्र और राज्यों को नोटिस

**नयी दिल्ली।** 6वीं से 12वीं तक में पढ़ने वाली लड़कियों को फ्री सेनेटरी पैड मिलेंगे या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस भेजा है। फ्री सैनिटरी पैड देने सरकारों को निर्देश जारी करने की मांग डॉ. जया ठाकुर ने की है। याचिका उनके वकील वरिंदर कुमार शर्मा और वरुण ठाकुर ने दायर की है। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने योजना के संबंध में केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा है। मामले की अगले सुनवाई जनवरी में होगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 12 वर्ष कैद की सजा

**कोडरमा।** नाबालिक से दुष्कर्म के मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने आरोपी बेकोबार थाना कोडरमा निवासी मनोब्बर हुसैन पिता हनीफ को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी मानते हुए 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायीं है। साथ ही 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। घटना कोडरमा थाना क्षेत्र के बेकोबार की है। पीड़िता के पिता ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मनोब्बर हुसैन पर दुष्कर्म का आरोप है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों के अवलोकन करते हुए आरोपी को उक्त सजा सुनायी।

### संस्कृति के प्रकाश स्तंभ हैं शिल्पकार : धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कहना है कि शिल्पकार भारतीय संस्कृति के प्रकाशस्तंभ हैं। सोमवार को एक समारोह में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि भारत मौजूदा दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।

### पांच राजनयिकों ने राष्ट्रपति को सौंपे अपने परिचय पत्र


**नयी दिल्ली।** बंगलादेश और जापान सहित पांच देशों के राजनयिकों ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे। राष्ट्रपति भवन में सोमवार को यहां आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने बंगलादेश, मालदीव, संयुक्त अरब अमीरात, लातविया और जापान के उच्चायुक्तों और राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए।

### चीन में जिनपिंग के इस्तीफे की मांग तेज

**बीजिंग।** चीन में कोरोना की रोक थाम के लिए सरकार द्वारा अपनायी गयी सख्त नीति के खिलाफ राजधानी बीजिंग सहित देश के विभिन्न शहरों में लोगों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन शुरू किये हैं। जनता लॉकडाउन और आने-जाने के प्रतिबंधों को उठाने की मांग कर रही है और साथ ही चीन की साम्यवादी पार्टी के शासन का भी विरोध शुरू हो गया है और लोग राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इस्तीफे की भी मांग कर रहे हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 65,000 रु./प्रति किलो |




## रचा इतिहास

# ऋतुराज ने एक ओवर में जड़े सात छक्के


**अहमदाबाद।** महाराष्ट्र के कप्तान युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड ने सोमवार को इतिहास रच दिया। विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए यूपी के खिलाफ मैच में एक ओवर में सात छक्के जमा दिये। गायकवाड़ लिमिटेड ओवर क्रिकेट में यह कारनामा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गये। यह कारनामा महाराष्ट्र की पारी के 49वें ओवर में किया। शिवा सिंह के इस ओवर में एक गेंद नो बॉल थी। इस तरह यह ओवर सात गेंदों का हुआ और गायकवाड ने सभी सात गेंदों पर छक्के जमा दिये। इस ओवर में कुल 43 रन बने। गायकवाड ने इस पारी में 159 गेंदों पर 220 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 16 छक्के जमाये। महाराष्ट्र ने यह मैच 58 रन से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। उनसे पहले सर गारफील्ड सोबर्स, रवि शास्त्री, हर्षल गिब्स, युवराज सिंह, रास व्हाइटली, हजरतउल्ला जजई, लियो कार्टर, कीरोन पोलार्ड और तिसारा परेरा यह कारनामा कर चुके हैं। अगर प्रथम श्रेणी मैचों की बात करें तो एक ओवर में आठ छक्के मारने का रिकार्ड न्यूजीलैंड के ली जर्मोन के नाम पर है। उन्होंने वेलिंगटन में शेल ट्राफी में यह कमाल किया था।

## ब्रूटल मर्डर : दिल्ली में श्रद्धा मर्डर जैसा एक और कांड

# पत्नी ने पति को कई टुकड़ों में काटा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा मर्डर केस की पहेली अभी सुलझी भी नहीं कि उसी जैसा टुकड़े-टुकड़े में काट कर हत्या का एक और मामले सामने आ गया। इसमें आरोपी पत्नी और पुत्र है। दोनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पत्नी और बेटे ने मिल कर पहले हत्या की, फ्रिज में लाश के टुकड़े कई दिनों तक रखे और कुछ देर रात एक-एक टुकड़ा लगातार फेंकते रहा। दिल्ली के पांडव नगर स्थित रामलीला ग्राउंड और नाले में मई माह 2022 में कई मानव अंग मिले थे। उसकी छानबीन में दिल्ली पुलिस जुटी हुई थी। करीब छह माह बाद इस मामले में महिला समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम पूनम और दीपक है। अंजन दास ही वह व्यक्ति था जिसके ये मानव अंग जगह-जगह मिले थे। हैरानी की बात तो यह है कि पूनम, अंजन दास की पत्नी है और दीपक बेटा।



### पॉलिथीन बैग में पैक कर फ्रिज में रख दिया

हत्या के बाद दोनों ने सीने और शरीर के अन्य हिस्सों को चाकू से गोदा। शव को एक दिन के लिए छोड़ दिया। पूरा खून निकल जाने और शव सूख जाने के बाद मां-बेटे ने शव के टुकड़े किये। पॉलिथीन बैग में पैक कर शव के टुकड़ों को फ्रिज में रखा। इसके बाद घर की सफाई की और खून को साफ कर दिया। अगले तीन चार दिनों में दोनों ने रामलीला मैदान के झाड़ी वाले हिस्से और अशोक नगर के गंदा नाला के पास शव के टुकड़ों को फेंक दिया। पुलिस को पांच जून को शव का पहला टुकड़ा मिला था। इसके बाद तीन चार दिन में शव के अन्य हिस्से मिले। सिर को मिट्टी में दफनाया गया था।

मृतक की पत्नी ने बताया कि अंजन उसके बच्चों पर बुरी नीयत रखता था। इसी कारण पुत्र के साथ मिलकर अंजन की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसके शरीर से पूरा खून निकलने दिया गया। अगले दिन शव के 10 टुकड़े कर फ्रिज में रख दिया।

**पूनम दूसरी पत्नी, अंजन तीसरा पति था :** दिल्ली में रिश्तों की कत्ल की ये कहानी दहलाने वाली है। इस कहानी में लव, सेक्स और धोखा सब है। 2011 में अंजन दास और पूनम के बीच प्यार हुआ था। 2017 में दोनों ने साथ जीने-मरने की कसम लेते हुए शादी कर ली। पर इस शादी में धोखा छिपा था।

(शेष पेज 11 पर)

### आफताब की गाड़ी पर तलवारों से हमला

इधर श्रद्धा मर्डर केस के आरोपी आफताब की वैन पर सोमवार को हमला हुआ। दिल्ली पुलिस आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट कराकर वापस ले जा रही थी। इस दौरान एफएसएल लैब के बाहर कुछ अज्ञात लोगों ने वैन पर तलवार से हमला कर दिया। हालांकि, आफताब तब तक गाड़ी में बैठ चुका था। हमलावरों को रोकने के लिए पुलिस को हथियार निकालना पड़ा। एक हमलावर ने सिर पर भगवा रंग का गमछा बांधा हुआ था। पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया है। हमलावर ने आफताब के 70 टुकड़े करने की धमकी दी है।

## सीएम ने उत्पाद दुकान संचालकों, एजेंसी को चेताया, कहा

# अपनी कार्यशैली सुधारें राजस्व संग्रह बढ़ायें

### उत्पाद राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक

### कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान अविलंब करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नयी उत्पाद नीति के तहत राजस्व संग्रहण एवं क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने उत्पाद दुकानों के संचालकों की कार्यशैली पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि दुकानों में कार्यरत कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान अविलंब करें। मैन पावर सप्लाई एजेंसी सुनिश्चित करें कि खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों का वेतन बकाया न रहे। उन्होंने दुकान संचालकों से कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर कार्यशैली में सुधारें,अन्यथा सरकार सख्त कारईवाई करेगी।

**15 दिनों के अंदर फिर समीक्षा :** सीएम ने सख्त हिदायत दी कि विक्रेता अपनी जिम्मेदारी समझें एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति करने के सभी सार्थक प्रयास करें। अगले 15 दिनों के अंदर इनके कार्यों की फिर से समीक्षा की जायेगी। यथोचित सुधार नहीं होने पर सभी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई होगी। राजस्व संग्रहण में शिथिलता बरतने वाली एजेंसियों, थोक विक्रेताओं एवं पदाधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा।

**15 तक वेतन भुगतान करें :** बैठक में मुख्य सचिव ने मानव प्रदाता एजेंसियों को से कहा कि विक्रेताओं का लंबित वेतन का भुगतान 15 दिसंबर तक अवश्य कर दें। उन्होंने झारखंड राज्य विबरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को भी निर्देश दिया कि तकनीकी आधारभूत संरचना तथा विनिर्माणशालाओं में बूम वैरियर एवं दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापन की कार्रवाई को शीघ्रता पूर्ण करायें।

**अब तक 1084 करोड़ ही जमा :** बैठक में उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री को बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के माह नवंबर तक के कुल लक्ष्य 1600 करोड़ रुपये के विरुद्ध राज्य कोषागार में 1084 करोड़ ही जमा हुए हैं। यह नवंबर तक के लक्ष्य का लगभग 68 प्रतिशत खुदरा उत्पाद दुकानों की विक्री है।

(शेष पेज 11 पर)



### अवैध व नकली शराब विक्रेताओं पर सख्ती करें

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खुदरा उत्पाद दुकानों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाये। सरकारी खुदरा मदिरा दुकानों में किसी भी प्रकार से अवैध शराब की बिक्री न हो। राज्य में नकली शराब बनाकर बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। शराब के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये। उन्होंने संचालकों से कहा कि खुदरा उत्पाद दुकानों की लगातार निरीक्षण करें। खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों की मिलीभगत की जांच भी सुनिश्चित करें। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों का लक्ष्य निर्धारित करें। उत्पाद राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों के बाहर रेट लिस्ट डिस्प्ले लगायें। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों ओवरप्राइसिंग की शिकायतें सुनने को मिली है। ओवरप्राइसिंग के संबंध में कार्रवाई करें। अवैध शराब एवं सरकार द्वारा निर्धारित कीमतों में हेरफेर करने वाले माफिया तथा दुकानदारों पर सख्त नजर बनाये रखें। एक्साइज कंट्रोल रूम को सशक्त बनायें। आम जनता का शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। थोक विक्रेता मांग के अनुरूप सभी वांछित पैक साइज की मदिरा उपलब्ध करायें।

### घाटे की वजह क्या है

सोमवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद राजस्व संग्रहण घटने की क्या वजह है। इसका पता कर जल्द से जल्द सुधार की जाये। उत्पाद राजस्व संग्रहण का जो वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे अगले 4 महीनों के भीतर हर हाल में पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार ने नयी शराब नीति बनायी गयी है। इसका उद्देश्य राजस्व में वृद्धि करना है। राजस्व वृद्धि में कमी को लेकर सीएम ने मानव प्रदाता एजेंसी के सभी प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगायी।

# धर्मांतरण गंभीर मुद्दा, केंद्र बनायेगा कठोर कानून

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने कहा है कि जबरन मतांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए कदम उठाये जायेंगे। इस मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार में निश्चित रूप से किसी व्यक्ति को धोखाधड़ी, धोखे से, जबरदस्ती, प्रलोभन या ऐसे अन्य माध्यमों से परिवर्तित करने का अधिकार शामिल नहीं है। केंद्र सरकार ने जबरन मतांतरण से जुड़ी याचिकाओं पर जवाब दाखिल करते हुए ये जवाब दिया है। केंद्र ने कहा है कि सरकार मुद्दे की गंभीरता से अवगत है। केंद्र का कहना है कि इस पर अंकुश लगाने के लिए 9 राज्यों ने वर्षों से अधिनियम पारित किये हैं। केंद्र का कहना है कि झारखंड, ओड़िशा, एमपी, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, यूपी, कर्नाटक और हरियाणा ऐसे राज्य हैं जहां पहले से ही धर्मांतरण पर कानून है।

### सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने अपने जवाब में कहा

सुप्रीम कोर्ट को केंद्र ने अपने जवाब में कहा है कि धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में दूसरे लोगों को मतांतरणरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने भारत के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि इस अदालत द्वारा निर्धारित सभी तरह के कानून का पालन किया जाये। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, महिलाओं और आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों सहित समाज के कमजोर वर्गों के पोषित अधिकारों की रक्षा के लिए इस तरह के अधिनियम आवश्यक हैं।

# इडी अब पूजा सिंघल और अन्य की संपत्ति जब्त करेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अब निलंबित आईएएस पूजा सिंघल समेत अन्य आरोपितों की संपत्तियों को जब्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। संभव है दिसंबर के पहले सप्ताह में आरोपियों की संपत्ति जब्त की जाये। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इडी उन संपत्तियों को जब्त करेगा जो मनरेगा घोटाले मे अवैध रूप जुटायी गयी है। पूजा सिंघल के पति अभिषेक कुमार झा का पल्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ऐसी ही एक प्रमुख संपत्ति है। इस मामले में पांच मई को ईडी ने पूजा सिंघल के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने भारी मात्रा में नकदी बरामद की थी। इसके बाद पूजा सिंघल से पूछताछ की गयी थी। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इडी ने पूजा के पति अभिषेक कुमार झा, सीए सुमन कुमार सिंह के अलावा खूंटी जिले के बर्खास्त इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा और जय किशोर चौधरी, शशि प्रकाश व राजेंद्र कुमार जैन के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की थी। गौरतलब है कि 18.06 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला का आरोप तत्कालीन खूंटी डीसी पूजा सिंघल पर है।



(शेष पेज 11 पर)

### नाबालिग से गैंगरेप में 20- 20 साल की सजा

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी विक्की उरांव एवं मुकेश मुंडा को 20-20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही इनपर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोनों को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में एपीपी मोहन कुमार ने सात लोगों की गवाही करायी थी। इससे पूर्व 21 नवंबर को पोक्सो कोर्ट ने इन्हें दोषी ठहराया था। दोनों पर ओरमांझी थाना क्षेत्र की रहनेवाली नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस मामले को लेकर ओरमांझी थाना में 24 सितंबर 2019 को इन दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# झारखंड का पारा गिर कर 8 डिग्री पहुंचा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी समेत पूरे राज्य में सर्दी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। राज्य का न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने 28 नवंबर को दी है। केंद्र के मुताबिक आने वाले 5 दिनों के दौरान दिन रात के तापमान में कोई बड़े बदलाव के संभावना नहीं है। केंद्र के मुताबिक 29 नवंबर से 4 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जाएगा। मौसम शुष्क रहेगा। मौसम केंद्र के मुताबिक आज डाल्टनगंज का न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस कम है। राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 11.1 और जमशेदपुर का 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### आज से 4 दिसंबर तक रहेगा कोहरा



# झारखंड के मुख्य सचिव सुप्रीम कोर्ट में तलब

### हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2016 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कंटैम्ट केस पर सुनवाई करते हुए जेपीएससी और सरकार को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही दो दिसंबर को झारखंड के मुख्य सचिव को सशरीर उपस्थित होने को कहा। इस मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की जानकारी प्रार्थी के अधिवक्ता ललित कुमार ने दी।

सुप्रीम कोर्ट की ओर से गत दो अगस्त को सुनाये गये फैसले का जेएसएससी द्वारा पालन नहीं किया गया था। इसके खिलाफ प्रार्थी सोनी कुमारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कंटेम्प्ट फाइल की गयी है। प्रार्थी सोनी कुमारी के वकील ललित कुमार का मानना है कि जेएसएससी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार रिजल्ट प्रकाशित नहीं कर रहा। सुप्रीम कोर्ट ने इस परीक्षा के लिए प्रकाशित अंतिम कट ऑफ को आधार मानते हुए स्टेट लेवल रिजल्ट प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था। जेएसएससी ने इसे नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से रिजल्ट जारी करना शुरू किया। सुप्रीम कोर्ट में फाइल किये गये कंटेम्प्ट में झारखंड के मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, कार्मिक सचिव और जेएसएससी सचिव के खिलाफ याचिका दायर की गयी है।



**क्या है मामला :** 2016 की नियोजन नीति के तहत झारखंड के 13 अनुसूचित जिलों के सभी तृतीय और चतुर्थ वर्गीय पदों को उसी जिले के लिए स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित किया गया था। वहीं, गैर अनुसूचित जिले में बाहरी अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की छूट दी गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

# 30 को बजट और खर्चे की समीक्षा करेंगे सीएम

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** सीएम हेमंत सोरेन 30 नवंबर को वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट के खर्चे की समीक्षा करेंगे। विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी मुख्यमंत्री लेंगे। मुख्यमंत्री यह जानना चाहते हैं कि इस वित्तीय वर्ष 2022 23 में जो बजटीय प्रावधान विभिन्न विभागों को विकास कार्यों के लिए आवंटित किया गया था उसमें से अब तक कितना व्यय हुआ है और विकास कार्य क्या-क्या किये गये हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा को देखते हुए वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी विभागों को पत्र लिखा है और 29 नवंबर तक अपने-अपने विभागों के बजटीय प्रावधान और किये गये संबंधित सारी जानकारी मांगी है। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष के समाप्ति में महज चार माह बचे हैं। ऐसे में 31 मार्च के पहले अधिक से अधिक राशि वह करने का प्रयास हो रहा है। यह भी देखा जाएगा समीक्षा में कि जिन विभागों को राशि दी गई और वे अब उसे खर्च करने में सक्षम नहीं है तो उस राशि को प्रत्यापित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश देंगे। इसकी शुरूआत पहले से ही सभी विभागों ने कर दिया है।

# जेल सुपरिटेंडेंट सहित चार लोगों को ईडी ने जारी किया समन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ईडी ने बिरसा जेल के सुपरिटेंडेंट हामिद अख्तर सहित चार लोगों को समन जारी किया है। इसके अलावे बरहरवा टोल प्लाजा मामले के जांच अधिकारी शरफुद्दीन खान को समन जारी किया है। दोनों को 5 दिसंबर को ईडी के रांची स्थित जनरल कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। साथ ही, सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के ड्राइवर सूरज पंडित और चंदन को भी तलब किया है। ईडी ने इन लोगों को छह दिसंबर और सात दिसम्बर को पेश होने का निर्देश दिया है।सूत्रों के अनुसार ईडी बरहरवा टोल प्लाजा मामले में पंकज मिश्रा को कैसे क्लीन चिट देने के मामले की गहराई से जांच कर रही है। ईडी ने पहले शरफुद्दीन खान का बयान दर्ज किया था। वह ईडी का गवाह है। गौरतलब हो कि दुमका रेंज के डीआईजी ने ईडी की आशंकाओं को खारिज करते हुए एक विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पंकज मिश्रा को दो मामलों में क्लीन चिट दे दी गई।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए 50 कांग्रेस नेताओं का जत्था इंदौर रवाना

## भारत जोड़ो यात्रा में झामुमो की भागीदारी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी कांग्रेस नेताओं के साथ इंदौर हुए रवाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 50 लोगों का जत्था सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए सोमवार को रांची एयरपोर्ट से इंदौर के लिए रवाना हुए। प्रदेश कांग्रेस का यह जत्था 29 एवं 30 नवंबर को इंदौर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई थी। जो तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र होते हुए मध्यप्रदेश पहुंची है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि इस यात्रा को आपार जनसमर्थन मिल रहा है। किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, छोटे व्यवसायियों, सिनेस्टार, खिलाडियों का समर्थन मिल रहा है। इसी कडी में झारखंड के कांग्रेसजन इस पदयात्रा में शामिल होकर ऐतिहासिक पल का गवाह बनेंगे। महंगाई और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देश और राज्य के युवाओं को दिग्भ्रमित होने से रोकेंगे। वहीं कांग्रेस नेताओं के साथ प्रदेश में चल रही महागठबंधन सरकार में झामुमो कोटा के मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी यात्रा में शामिल होने के लिए गये है। मिथिलेश ठाकुर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि के रूप में भारत जोड़ों यात्रा में शामिल होंगे।



### गंगा-जमुनी तहजीब को बचाने जा रहे हैं: बन्ना गुप्ता

इंदौर जाने से पूर्व बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि देश जोड़ने के लिए राहुल गांधी पदयात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि देश को तोड़ने वाली शक्तियां देश को तोड़ने में लगी हुई हैं और हम देश को जोड़ने में लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी देश की गंगा जमुनी संस्कृति को बचाये रखना चाहते हैं। इसलिए झारखंड से भी कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में हमलोग इंदौर जा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री और झामुमो के प्रतिनिधि के रूप में इंदौर जाने से पहले झामुमो कोटे से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हम देश की एकता और अखंडता कायम रखने के लिए राहुल गांधी के प्रयासों को मजबूती देने के लिए इंदौर जा रहे हैं।

**कांग्रेस-झामुमो के ये नेता इंदौर पहुंचे:** इंदौर जानेवाले नेताओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंत्री मिथलेश ठाकुर, विधायक प्रदीप यादव, अनूप सिंह, अंबा प्रसाद, रामचंद्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक और मंत्री योगेन्द्र सिंह, काली चरण मुंडा, विनय सिन्हा दीपू, कुमार राजा, शशिभूषण राय, शकील अख्तर अंसारी शामिल हैं। अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, भानु प्रताप बड़ाईक सड़क मार्ग से इंदौर पहुंचे। वहीं इसके पूर्व पदयात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के कई जिलाध्यक्ष सहित नेता एक दिन पहले ट्रेन से रवाना हुए थे।

## राज्य में 15 दिसंबर से शुरू होगी धान की खरीदारी

**रांची।** झारखंड में 15 दिसंबर से धान की खरीद शुरू होगी। सरकार किसानों से धान खरीदेगी। राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक ने इसको लेकर चावल मिल मालिकों के साथ बैठक की है इस संबंध में सभी जिलों के उपायुक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस साल देर से मानसून आने और कई प्रखंडों में सुखार की वजह से धान उत्पादन पिछले साल से कम होने की आशंका है। फिर भी उम्मीद की जा रही है कि धान की फसल अपेक्षाकृत काफी कम हुई होगी। इसके बावजूद धान खरीद का लक्ष्य पिछली बार की तरह आठ लाख मैट्रिक टन रखा गया है।

## रिम्स के सेंट्रल लैब में रिएजेंट खत्म, सीबीसी छोड़ सभी टेस्ट बंद

**रांची।** रिम्स में सोमवार को अचानक पैथोलॉजिकल टेस्ट में इस्तेमाल किया जाने वाला रिएजेंट खत्म हो गया। इसके बाद से ही न्यू ट्रामा सेंटर स्थिति सेंट्रल लैब में मरीजों का केवल सीबीसी टेस्ट किया जा रहा है। इसके अलावा सभी टेस्ट बंद कर दिये गये हैं। इतना ही नहीं लैब वालों ने सैंपल लेने से भी हाथ खड़े कर दिए है। नतीजा टेस्ट के लिए आए मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत **पंचायत डहू में आर.ई.ओ. रोड निमियाछापर से पंचायत भवन डहू तक पथ निर्माण (लंबाई– 1.00 कि.मी.)** की ई– अति अल्पकालीन **निविदा आमंत्रण सूचना स.–06/2022-23/RWD/CHATRA,** दिनांक–18.11.2022, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 03.12.2022 है तथा **P.R. No. 282640 RURAL WOAK DEPARTMENT (22–23):D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

निविदा की शर्तें संख्या–

2 वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि :– **28.11.2022**

3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **03.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।**

4 (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग एवं (3) मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– **05.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।**

5 ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **07.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।**

6 अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 283596 (Rural Work Department) 22-23 (D)



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जि0ग्रा0वि0अभि0)**

**– :: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :: –**

विधायक योजनान्तर्गत रामगढ़ जिले के माण्डू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास हेतु माननीय विधायक माण्डू विधानसभा क्षेत्र द्वारा अनुशंसित बहुउपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिश्ठित पुस्तक प्रकाशकों/ आपूर्तिकर्त्ताओं/ पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 15.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाएं स्वीकृत नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 15.12.2022 को अपराह्न 4:00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष समाहरणालय सभा कक्ष ब्लॉक 'बी' में खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

निविदा से संबंधित शर्ते एवं पुस्तकों की सूची जिला के बेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त, रामगढ़

PR 283617 District(22-23)#D



झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, कोडरमा

**ई0–निविदा सूचना**

1. कारा का नाम– मंडल कारा कोडरमा।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जियों, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय हेतु ई0–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक ई0–निविदा दिनांक–01.01.2023 से 31.03.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक मंडल कारा कोडरमा** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –

(I) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii)10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
(iii)50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।

4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–02.12.2022 से 15.12.2022 के अपराह 5:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि–02.12.2022 से 15.12.2022 के अपराह 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक–16.12.2022 को पूर्वाह 11:00 बजे से 17.12.2022 को अपराह 04:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–20.12.2022 को अपराह्न 12:00 बजे उपायुक्त, कोडरमा की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/ स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा

PR 283598 Home, Prison And Disaster Management(22-23).D



झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
कार्यालयः-भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग
कनहरी हील रोड , दीपूगढ़ा, हजारीबाग
E-Mail – IDscso.hzb@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के छोटे और सीमांत कृषकों/ स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह को अनुदान पर पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200Ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 41 दिनांक 11.11.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022–23 में छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स को पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना अन्तर्गत हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले में मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूप के लाभान्वित कृषक एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के क्रय पर अनुमान्य अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा, जिस पर पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 20000 रू0), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 30000 रू0) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 90000 रू0) अनुदान देय होगा। जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग या अन्य विभाग (यथा भूमि संरक्षण विभाग/कृषि विभाग/आत्मा/उद्यान/अन्य विभाग) द्वारा सिंचाई पम्पसेट का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। विहित प्रपत्र के साथ कूप स्थल/सिंचाई श्रोत पर लाभूक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। भरे हुए आवेदन पत्र पर संबंधित रोजगार सेवक/क्षेत्र पर्यवेक्षक तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसा के पश्चात् आवेदन संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। उक्त लाभूकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.12.2022 तक विहित प्रपत्र में आवेदन भर कर संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। इस योजना अन्तर्गत चयनित लाभूक पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)/ पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) क्रय कर क्रय का रसीद, आधार संख्या, बैंक खाता का छायाप्रति, पम्पसेट एवं पाईप/सोलर पम्पसेट के साथ फोटो (जियो टैगींग के साथ) संलग्न कर अनुदान हेतु दावा कार्यालय में प्रस्तुत करेगें, तत्पश्चात् अनुदान के भुगतान हेतु अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग कार्यालय या संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय या जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़ से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के वेबसाईट– **www.jharkhandsoil.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त लक्ष्य की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | जिला का नाम | मद | भौतिक लक्ष्य | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पम्पसेट (1.5-3.0HP) | पम्पसेट (3.5-5.0HP) | सोलर पम्पसेट (1.0HP) | |
| 1 | हजारीबाग | ओ0एस0पी0 | 315 | 40 | 20 | |
| 2 | | एस0सी0एस0पी0 | 250 | 20 | 10 | |
| कुल | | | 565 | 60 | 30 | |
| 3 | रामगढ़ | ओ0एस0पी0 | 300 | 40 | 20 | |

नोट :– उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता :– 1. भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग, कनहरी हील रोड, दीपूगढ़ा, हजारीबाग।
2. जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़।

ह0/–
भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 283638 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (22-23)_D


# कटिहार डीएम ने मांगी माफी, कहा - आदेश का करेंगे पालन, हाई कोर्ट ने अवमानना वाद किया खत्म

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कटिहार (बिहार) जिला के डीएम उदयन मिश्रा पर अवमानना का मामला अब खत्म कर दिया गया है। झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को अवमानना वाद पर सुनवाई हुई। दरअसल गंगा नदी में मालवाहक जहाज परिचालन की अनुमति नहीं देने से जुड़ा ये मामला है। जिसमें कटिहार डीएम ने कोर्ट में अपना लिखित जवाब दाखिल किया और कोर्ट को आश्वस्त किया कि वे अदालत के आदेश का अनुपालन करेंगे। वहीं उन्होंने कोर्ट से माफी भी मांगी। अदालत के इस रुख से कटिहार डीएम को बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ में सुनवाई हुई। अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार राज्य सरकार की ओर से अदालत में पक्ष रख रहे थे।

**जय बगरंग बली स्टोन वर्क्स के मालिक ने दाखिल की याचिका**

बता दें कि जय बगरंग बली स्टोन वर्क्स के मालिक प्रकाश चंद्र यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि जिला प्रशासन द्वारा समदा घाट (साहिबगंज, झारखंड) और मनिहारी घाट (कटिहार, बिहार) के बीच गंगा नदी में उनके मालवाहक जहाज के संचालन की अनुमति दी थी। बावजूद इसके रोल-ऑन/रोल-ऑफ था। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) से संचालन की अनुमति नहीं थी। आइडब्लूएआइ ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा जहाजों का संचालन भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम,1985,राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम,2016, अंतर्देशीय पोत अधिनियम,1917 के प्रावधानों के साथ-साथ भारत सरकार में लागू कानूनों के अनुसार किया जाएगा।

इसके अलावा संथाल परगना डिवीजन के आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ता अपने स्वामित्व वाले या वैध समझौते के तहत अपने कितने भी जहाजों/रो-रो जहाजों/बार्जों की फेरी लगा सकता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि स्पष्ट आदेश के बावजूद साहिबगंज और कटिहार जिला प्रशासन ने मालवाहक जहाज संचालित करने की अनुमति नहीं दी और जब हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में आदेश पारित किया,तो दोनों जिला प्रशासन ने बाधा उत्पन्न की। इसलिए वह काम करने में असमर्थ हैं और उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ है।

## टेरर फंडिंग: टीपीसी एरिया कमांडर मुकेश गंझू की बेल पर अगले सप्ताह फैसला

**रांची।** टीपीसी के एरिया कमांडर मुकेश गंझू की बेल पर हाईकोर्ट की डबल बेंच अगले सप्ताह फैसला सुनाएगा। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्यय और जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत ने मुकेश गंझू की ओर से एनआईए 3/18 केस में क्रिमिनल अपील पर सुनवाई की है। यह मामला मगध आम्रपाली में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से अवैध वसूली से जुड़ा हुआ है। चतरा जिले के टंडवा थाना में दर्ज पुलिस की एफआइआर को टेकअप कर राष्ट्रीय जांच एजेंसी जांच कर रही है। मुकेश गंझु की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राहुल पांडेय ने बहस की है। बता दें कि वर्ष 2018 में चतरा पुलिस ने मगध आम्रपाली प्रोजेक्ट में टीपीसी द्वारा व्यवसायियों और ट्रांस्पोर्टेशन कार्य में लगे लोगों से अवैध वसूली को लेकर एफआइआर दर्ज की थी। एनआइए जांच में यह खुलासा हुआ है कि वसूली के पैसों से प्रतिबंधित संगठन टीपीसी और समृद्ध हो रहा था। इस केस में कई लोगों को एनआइए ने अपनी जांच में आरोपी बनाया है।

## विधायक समरी लाल के निर्वाचन से जुड़े मामले में हाईकोर्ट में हुई गवाही

**रांची।** कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए कांग्रेसी उम्मीदवार सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से गवाहों की गवाही जारी रही। इस दौरान विनोद राम की गवाही हुई, इसमें उसने बताया कि समरी लाल का परिवार आजादी के पहले से ही रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है। वही मामले में सुरेश बैठा के अधिवक्ता ने उसका क्रॉस एग्जामिन किया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पैरवी की। बता दें कि वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके से भाजपा के टिकट पर समरी लाल जीते थे तो वहीं उनके निकटतम रहे कांग्रेसी उम्मीदवार सुरेश बैठा ने उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए उनके निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

## बीजेपी नेत्री से दुष्कर्म मामले में विधायक ढुल्लू महतो की याचिका पर 12 दिसंबर को होगी सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा नेत्री से बलात्कार के प्रयास मामले में डिस्चार्ज पिटिशन के खारिज होने को चुनौती देने वाली विधायक ढुल्लू महतो की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से एलसीआर की मांग की है। मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए कोर्ट ने 12 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं भाजपा नेत्री की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला ने पैरवी की। धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में संज्ञान लिया था। धनबाद की निचली अदालत में ढुल्लू महतो की ओर से 28 मार्च 2022 को मामले में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई के पश्चत निचली अदालत ने 20 मई 2022 को ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। जिसे ढुल्लू महतो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि भाजपा नेत्री ने विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ बलात्कार के प्रयास मामले में कतरास थाना में कांड संख्या 178/ 2019 दर्ज कराई थी।

## नबालिग बच्ची के साथ हुई छेड़खानी मामले में आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में शर्मशार करनेवाली घटना प्रकाश में आया है। पुंदाग ओपी क्षेत्र में स्कूल के गार्ड ने 11 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी एक स्कूल में गार्ड का काम करता है। जानकारी के अनुसार, घटना 27 नवंबर (रविवार) की है। आरोपी अशोक गुरुंग ने बच्ची को पहले 10 रुपये देकर चॉकलेट खाने को कहा। इसके बाद उसने कहा कि उसे चॉकलेट के लिए वह और पैसे देगा। इसके बाद वह बच्ची के साथ गलत हरकत करने लगा। बच्ची किसी तरह बचकर घर पहुंची और अपनी मां को सारी बात बतायी।

इसके बाद बच्ची की मां ने पुंदाग थाने में आरोपी की शिकायत की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक गुरुंग को गिरफ्तार कर लिया। वहीं बच्ची को सीडब्ल्यूसी के पास भेजा गया है।

## राज्य सरकार पर लगा 5 हजार रुपए का जुर्माना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेवानिवृत्त असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट(एसीएफ) उमाकांत राम की ओर से सेवानिवृत्त बेनिफिट दिलाने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में पिछली बार कोर्ट द्वारा अंतिम मौका दिए जाने के बाद भी प्रतिवादी वन सचिव, प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट(पीसीसीएफ), रीजनल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट( बोकारो) की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया। सोमवार को एक बार फिर मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। जिस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछली बार ही सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया गया था। नाराज कोर्ट ने राज्य सरकार पर 5000 रुपए का जुमार्ना लगाया है।

कोर्ट ने कहा है जुमार्ने की राशि जमा करने के साथ सरकार जवाब दाखिल कर सकती है। जुमार्ना की यह राशि झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) में जमा करने का निर्देश अदालत ने दिया है। बता दें कि उमाकांत राम फरवरी 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे। लेकिन उन्हें रिटायरमेंट बेनिफिट नहीं मिल पाया है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की कोर्ट में हुई।

## बर्खास्त मेयर सुनील कुमार मामले में अब अगले सप्ताह होगी सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। प्रार्थी के आग्रह पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके पास बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गयी है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाये जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के लिए अयोग्य घोषित किया गया था।

दरअसल, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित गिरिडीह नगर निगम के मेयर पद पर सुनील कुमार पासवान का चयन वर्ष 2018 में हुआ था। उनके खिलाफ झामुमो कार्यकर्ता ने उनके जाति प्रमाण पत्र को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की थी। इसके बाद गिरिडीह डीसी ने जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द कर दिया था। डीसी ने 2 दिसंबर 2019 को पत्र के माध्यम से सरकार को बताया कि प्रमाण पत्र में अंकित मूल निवास स्थान प्रमाणित नहीं होने के कारण यह कार्रवाई की गई है। बाद में झारखंड नगर पालिका निर्वाचित प्रतिनिधि नियमावली 2020 के प्रावधानों के तहत श्री पासवान को पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

# जेसीआई रांची का एक्सपो उत्सव 2022 संपन्न, 3 लाख से अधिक लोग पहुंचे

## जेसी पंकज साबू को मिला एक्सपो के सबसे बड़ा अवार्ड 'एक्सपो रत्न'

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई रांची की ओर से आयोजित एक्सपो उत्सव 2022 संपन्न हो गया। राजधानी के मोरहाबादी मैदान में 24 से 28 नवंबर तक एक्सपो लगा था। अंतिम दिन भी लोगो में भारी उत्साह देखने को मिली और काफी भीड़ भाड़ देखने को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी और गेस्ट ऑफ ऑनर डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय थे। कार्यक्रम का संचालन निखिल मोदी ने किया। मुख्य अतिथि डा महुआ माझी जी ने जेसीआई को इस 25वे एक्सपो उत्सव के सफलतम आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने ने कहा की जेसीआई को वो कई साल सामाजिक कार्य करते हुए देख रही है और उन्होंने इसकी खूब सराहना की । एक्सपो में उन्होंने स्टॉल भ्रमण किया और उन्होंने सभी स्टॉल की तारीफ की। उन्होंने जेसीआई राँची को इस कृतिमान स्थापित करने के लिए बधाई दी। वहीं, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा की वो कई वर्षो से एक्सपो को देख रहे हैं, पर इस वर्ष का एक्सपो कुछ खास था। कोरोना के बाद व्यापार कमजोर पड़ गया था यह एक्सपो ने अब व्यापार में चार चांद लगा दी है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए जेसीआई को बधाई दिया।




**एक्सपो की सफलता का श्रेय रांची की जनता को:** मौके पर अध्यक्ष सौरव साह ने कहा की वह बहुत खुश हैं, कि टीम जेसीआई ने 2 वर्ष के बाद सफलता पूर्वक एक्सपो किया। एक्सपो की सफलता का श्रेय रांची की जनता को जाता है। यह 25वां एक्सपो सभी को सालों तक याद रहेगा और अगले वर्ष हम नए और बेहतर रूप में आएंगे। मौके पर जेसीआई रांची के महिला विंग की अध्यक्ष शीतल शर्मा ने अपनी टीम को सम्मानित किया और सभी का आभार प्रकट किया। एक्सपो चीफ कोऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने एक्सपो की सफलता के लिए जेसीआई एक्सपो टीम, रांची की जनता एवं प्रेस एंड मीडिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने को कोडिनेटर जेसी तरुण अग्रवाल, जेसी सनी केडिया , जेसी राहुल तिबरेवाल और जेसी अभिषेक जैन के कार्यों को सराहा। उन्होंने बताया की इस एक्सपो में देश विदेश से आए 325 स्टॉल , 3 लाख से अधिक लोगो ने शिरकत की। यह एक्सपो पूरी तरह हाईटेक था। उन्होंने एक्सपो की बाकी सभी उपलब्धि की जानकारी दी। सचिव जेसी प्रतीक जैन ने एक्सपो के सभी स्पॉन्सर को एक्सपो से जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया। चीफ कोऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने स्टॉल धारकों को पुरस्कृत किया। बेस्ट डेकोर स्टॉल मिला अर्बन पेबल्स और स्मार्ट होम्स एंड एनर्जी सॉल्यूशन । बेस्ट सेल्समैनशिप मिला प्रतीक कोका लेन और बॉलीवुड सूट्स। अभिषेक केडिया ने आगे एक्सपो में बेहतर काम करने वाले सदस्य को सम्मानित किया।

### इन्हें मिला अवार्ड

एक्सपो पद्मभूषण मिला भारत जाजू और विक्रम चौधरी को। एक्सपो पद्माविभूषण मिला अभिषेक मोदी और प्रवीण अग्रवाल को तथा एक्सपो के सबसे बड़ा अवार्ड एक्सपो रत्न मिला जेसी पंकज साबू को।

# नगर विकास विभाग अब नगर निकाय चुनाव का दोबारा तैयार करेगा प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गुरुवार को होने वाली झारखंड कैबिनेट की बैठक अहम होगी। इस बैठक में नगर निकाय चुनाव के पुराने प्रस्ताव पर चर्चा होगी। खबर है कि कैबिनेट में चर्चा के बाद नगर विकास विभाग इसमें संशोधन कर दोबारा प्रस्ताव तैयार करेगा। मालूम हो कि नगर विकास विभाग ने बिना ओबीसी आरक्षण के 19 दिसंबर को राज्य में नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर प्रस्ताव तैयार किया था, जिसे राज्यपाल ने मंजूरी भी दे दी थी। निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने भी तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन आरक्षण रोस्टर में हुए बदलाव के बाद कई आदिवासी संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया। आनन-फानन में टीएसी की बैठक हुई, जिसमें सदस्यों ने एकल पदों पर आरक्षण में रोस्टर प्रणाली का विरोध किया और चुनाव टल गया।

**महाधिवक्ता से भी राय लेने पर बनी है सहमतिः** कैबिनेट की बैठक में नगर निकाय चुनाव में आरक्षण रोस्टर में संशोधन पर चर्चा के बाद महाधिवक्ता से भी राय ली जा सकती है। द प्रोविजन ऑफ द म्युनिसिपैलिटिज (एक्सटेंशन टू द शिड्यूल्ड एरियाज) बिल 2001 पर प्रस्तावित संशोधन पर विचार-विमर्श करने के बाद आगे की रणनीति तैयार होगी। इस बिल में प्रावधान किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नगर निकायों में अनुसूचित जनजाति की आबादी अधिक होने पर उसके अनुरूप मेयर, अध्यक्ष या वार्ड पार्षद का पद अनुसूचित जनजाति के लिए ही आरक्षित होगा। इसके लिए टीएसी की अनुशंसा भी अनिवार्य है। टीएसी की बैठक में ही महाधिवक्ता से राय लेने पर सहमति बन गयी है।

## अनगड़ा मे मुखिया एवं एक अन्य को मार पीट कर अपहरण का प्रयास

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के गोन्दली पोखर में सोमवार की शाम तीन वाहन मे दस बारह की संख्यां में पहुँचे बदमाशों ने सिरका नयाटोली निवासी घमेन्द्र सिह एंव सिरका पंचायत के मुखिया रौशन मुन्डा के साथ मारपीट करने के बाद दोनो को अपहरण करने का प्रयास किया । समय रहते लोगो के जमा हो जाने के बाद सभी बदमाश भागने में सफल रहे । जबकि एक को ग्रामीणो ने पकड लिया तथा जमकर पीटाई करने के बाद उसे अनगड़ा पुलिस के हवाले कर दिया पकड़े गए बदमास का नाम नियाज खान बताया गया है वह अपने को बेरमो का रहने वाला बताता है और बडागांय रांची में रहकर ड्राइवरी करता है। उसके पास से एक स्कोपियो को जब्त किया गया है । पकड़ा गया व्यक्ति अपने आपको स्कोपियो का चालक बताता है । घटना के संबेध में धम्रेन्द्र सिंह ने बताया कि होटल देशी तड़का गोन्दली पोखर में एक दोस्त के साथ बैठा था इसी बीच अजय सिंह एव कपिल महतो नामक बदमास के साथ दस बारह की संख्यां मे उसके पास पहुँचे और उसके साथ मारपीट मारपीट कर उसे जबरन गाड़ी मे बैठाने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोगो के जमा हो जाने के बाद वे लोग वहो से भागकर गोन्दली पोखर सेन्ट्रल बैंक पास अपनी कार में बैठे मुखिया रौशन मुन्डा के पास आए और सभी बदमाश भाग खडा हुए एक बदमाश पास खडे इनोवा गाड़ी पर दौड कर बैठा और तेजी से गाड़ी चला कर भाग गया ।

# झारखंड में बिजली संकट चरम पर, घंटों हो रही लोड शेडिंग

### रांची में सुबह शाम की जा रही है भारी कटौती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी समेत पूरे झारखंड में बिजली संकट चरम पर है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। जानकारी के अनुसार राज्य भर में 400 मेगावाट और रांची में करीब 50 मेगावाट की कमी की जा रही है। पीक आवर में यह कमी और बढ़ जा रही है। इससे सुबह और शाम को पावर कट अधिक बढ़ गया है। जेबीवीएनएल की माने तो इस संकट को टालने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड में डीवीसी कमांड एरिया समेत करीब 2100 मेगावाट बिजली की डिमांड है। इसमें करीब 400 मेगावाट की कमी हो गयी है। इस कारण रांची सहित पूरे राज्य में लोड शेडिंग चल रही है। पीक ऑवर में सुबह 6 बजे से 10 बजे तथा शाम को 6 बजे से रात 11 बजे तक लोड शेडिंग की जा रही है।

**राजधानी में भी बिजली की भारी कमी:** राजधानी रांची में भी पीक ऑवर में बिजली काफी कम मिल रही है। नामकुम ग्रिड को जहां 100 मेगावाट में से महज 80 मेगावाट, हटिया ग्रिड को पीक ऑवर में 120 से 130 मेगावाट के बदले महज 50 मेगावाट, जबकि कांके ग्रिड को 75 के बदले महज 50 मेगावाट ही मिल रही है। राजधानी रांची में करीब 50 से 100 मेगावाट की कमी दर्ज की जा रही है।

# पेयजल स्वच्छता विभाग चतरा के ईई की सचिव से शिकायत, होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव से चतरा के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (ईई) की शिकायत की गयी है। चतरा के ग्रामीणों के नाम से विभागीय सचिव को मेल से लिखी गयी चिट्ठी में इंजीनियर के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। सूत्रों की मानें तो प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभाग आगे समुचित कार्रवाई करने में लगा है। ग्रामीणों की शिकायत में कहा गया है कि अविक अंबाला को अयोग्य साहब के नाम से अलंकृत करना ठीक रहेगा। ये बहुत कम उम्र के हैं। विभागीय योजनाओं को धरातल पर उतारने में अयोग्यता, कामचोरी तो है ही, घुसखोरी, घमंडी, अव्यवहारिक स्वभाव के पदाधिकारी हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में यह दूसरे जिले में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर असीन थे। परंतु चतरा में इन्हें असिस्टेंट इंजीनियर के अलावा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर का दायित्व भी दे दिया गया। ऐसे इंजीनियर को इतनी जवाबदेही वाला पद दिये जाने से विभागीय योजनाओं पर असर पड़ रहा है।

**ऐसे इंजीनियर की संपत्ति की जांच हो:** ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की उपस्थिति में पूर्व में हुई बीस सूत्री की बैठक तथा दिशा की बैठक में भी सांसद ने अविक के कामकाज के रवैये पर गहरी नाराजगी जतायी थी। तमाम जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भी इनके निकम्मेपन को लेकर शिकायत की थी। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी की संपत्ति की जांच के साथ-साथ बर्खास्तगी की भी कार्रवाई होनी चाहिए।

## खेल और खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर हो रहा तैयार: खेल निदेशक



### निमार्णाधीन खेल योजनाओं का निरीक्षण करने पहुंची निदेशक, सुधार के दिए निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशक सरोजनी लकड़ा बोकारो के खेल से जुड़ी निर्माणधीन आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चंदनकियारी के आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र और डे बोर्डिंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र को लेकर आवासन स्थल, भोजन व्यवस्था, खेल उपकरण एवं मैदान के बारे में विस्तृत जानकारी ली। चंदनकियारी में निमार्णाधीन एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक एवं फुटबॉल मैदान में तकनीकी खामियों को देखकर उन्होंने फटकार भी लगाई और सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तीरंदाज खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से भी मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया की जल्द ही खिलाड़ियों को किट और खेल उपकरण उपलब्ध कराए जायेंगे। श्री मति सरोजनी लकड़ा ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने को लेकर विभाग गंभीर है। राज्य में खेल से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना बना रहा युवाओं को स्वावलंबी

## सरकार आपके द्वार के तहत 35,131 आवेदन मिले

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 12 लाख रुपये का लोन प्राप्त हुआ है।

### हजारों की संख्या में मिला लाभ

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कुल 35,131 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 16,230 आवेदन का निष्पादन हुआ। 14,657 आवेदन पेंडिंग हैं, जबकि 3,581 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। सबसे अधिक आवेदन 3,706 गढ़वा, पलामू 3,600, गिरिडीह 3,103, दुमका 2,415, देवघर 2,342, पूर्वी सिंहभूम 2,359, कोडरमा 2,200, पश्चिमी सिंहभूम 1,867, खूंटी 1,864, गोड्डा 1,812, लातेहार 1,067 से प्राप्त हुए हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर स्वरोजगार हेतु शुरू की गई मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ जरूरतमंदों को लगातार मिल रहा है। अबतक हजारों युवक युवतियों ने आगे बढ़कर योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार से खुद को जोड़ा है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिमडेगा निवासी बिनीत मिंज अब सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बन रहा है। उसे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 12 लाख रुपये का लोन प्राप्त हुआ है। बिनित कहते हैं, मेरा व्यवसाय शुरू हो चुका है। सरकार की योजना की मदद से मैं व्यवसाय करने में सफल हुआ। इसी तरह विनय डुंगडुंग को भी योजना से लगभग 16 लाख का लोन मिला और अपना चार पहिया वाहन स्कॉर्पियों गाड़ी क्रय किया। विनय कहते हैं कि पहले मैं दूसरे की टैक्सी चलाता था। महीने का दस से 12 हजार रुपये की कमाई होती थी। अब मेरी अपनी गाड़ी है। आर्थिक स्थिति पहले की अपेक्षा ज्यादा बेहतर होने लगी है। बिनीत और विनीत की तरह की गढ़वा स्थित खरसोटा पंचायत की युवती को पॉल्ट्री फार्म के लिए 11 लाख का लोन मिला। ऐसे ही हजारों युवक युवतियों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लाभ मिला और वे स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं।

## मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतु योजना के इंजीनियरों को निर्देश, भेजें राशि का प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग ने इंजीनियरों से मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतु योजना से पुल निर्माण मद के लिए राशि की अधियाचना भेजने को कहा है। इस संबंध में विभाग ने सभी कार्य प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखा है और अविलंब योजनाओं के लिए राशि की मांग करने की अधियाचना देने का निर्देश दिया है। विभाग ने इसके अलावा इस वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए आवंटित राशि में से कितना व्यय हुआ इसकी भी जानकारी देने को कहा गया है। इसके लिए एक विहित प्रपत्र भी तैयार कर भेजा गया है. गुमला सहित कई प्रमंडलों ने अधियाचना भेजना भी प्रारंभ कर दिया है। यह प्रयास हो रहा है कि इस वित्तीय वर्ष के बचे माह में विधायक अनुशंसा से स्वीकृत पुलों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाये।

## शिक्षा सचिव से मिलकर संघ ने समस्याएं गिनाई, वार्ता 6 दिसंबर को

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का राज्यस्तरीय प्रतिनिधिमंडल चरणबद्ध आंदोलन के बीच 28 नवंबर को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार से मिला। शिक्षकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उसके निराकरण का आग्रह किया। संघ ने सचिव को उनके द्वारा किये जा रहे सकारात्मक कार्यों में पूर्ण सहयोग के प्रति आश्वस्त किया। कहा कि शिक्षकों के गैर शैक्षणिक कार्यों और रिपोर्टिंग से शिक्षा नकारात्मक असर पड़ रहा है। संघ ने इंटर डिस्ट्रिक्ट और विद इन डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर नियमावली मे संशोधन, बायोमेट्रिक अटेंडेंस की खामियों, एमएसीपी, अपग्रेडेड स्केल पर सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया। पदधारियों ने संघीय आंदोलन की बाध्यता पर विस्तार से चर्चा की। एक घंटे तक चली बैठक के बाद सचिव ने समस्याओं के समाधान और राज्य में शिक्षा के विकास के लिए आपसी तालमेल बैठा कर निर्णय लेने के लिए 6 दिसंबर को संघ को आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के राज्य अध्यक्ष बृजेन्द्र चौबे, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, प्रवक्ता राकेश कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी अजय कुमार ज्ञानी, आनंद लाल, राजीव कुमार शामिल थे।

## झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थान में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**राहे।** झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थान मे उद्यान विकास योजनान्तर्गत मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर संस्था के सचिव भुवनेश्वर महतोए लोवाहातु पंचायत के मुखिया रंभावती देवीए राहे पंचायत के पुर्व पंचायत समिति सदस्या सरोज देवी के द्वारा किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रशिक्षण कीट का भी वितरण किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राहे व सोनाहातू प्रखंड के 50 महिलाएं व पुरुष हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव भुवनेश्वर महतो ने कहा सरकार का यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए बहुत उपयोगी साबित होगया ।

# रिम्स में जल्द शुरू होगा आर्गन ट्रांसप्लांट

## अन्य हॉस्पिटलो में भी विकल्प तलाशने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के लोगों को आर्गन ट्रांसप्लांट के लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब, राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में जल्द ही आर्गन ट्रांसप्लांट शुरू होगा। ये बातें राज्य के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि सभी तरह के ट्रांसप्लांट की सुविधा रिम्स में मिलेगी। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अन्य हॉस्पिटल्स में भी ऑर्गन ट्रांसप्लांट को लेकर क्या विकल्प हो सकता है? ऐसा होने से एक्सीडेंटल केस में किसी को नया जीवन मिल सकेगा। बताते चलें कि सोमवार को नेपाल हाउस में हेल्थ केयर फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से रोड मैप टू ट्रांसफार्म द ऑर्गन डोनेशन सिस्टम पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया था।




**मात्र 11 लोगों ने जताई डोनेशन की इच्छा**

आर्गन डोनेशन को लेकर लगातार अवेयर किया जा रहा है। जगह-जगह पर कैंप भी लगाए जा रहे है। फिर भी रिम्स में मात्र 11 लोगों ने आर्गन डोनेशन की इच्छा जताई है। इसमें 8 लोगों ने अपने सभी ऑर्गन डोनेशन करने की इच्छा जताई है, जबकि 1 डोनर लंग्स और किडनी डोनेट करेगा। वहीं, 1 डोनर लंग्स, किडनी, हार्ट, पैंक्रियाज और लीवर दान करेगा। इसके अलावा 1 डोनर किडनी डोनेट करेगा।

**रिम्स 12वां आर्गन ट्रांसप्लांट सेंटर**

रिम्स में किडनी ट्रांसप्लांट, लीवर, पैनक्रियाज व अन्य आर्गन के ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू करने की तैयारी है। रिम्स का ऑर्गन ट्रांसप्लांट सेंटर देश का 12वां सेंटर होगा, जहां लोग आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक लोग रिम्स की वेबसाइट पर जाकर ऑर्गन डोनेशन के लिए आवेदन भी कर रहे हैं। इसके लिए सरकार से अनुमति रिम्स को मिल चुकी है। वहीं आर्गन डोनेशन के लिए लोगों को अवेयर भी किया जा रहा है।

**मां की बॉडी कर दी डोनेट**

रिम्स सुपरिटेंडेंट डॉ विवेक कश्यप ने अपनी मां भानु गुप्ता की मौत के बाद उनकी बॉडी मेडिकल स्टूडेंट्स की पढ़ाई के लिए रिम्स को दान कर दी। उन्होंने कहा था कि उनके पिताजी स्व डॉ बीएन गुप्ता की भी इच्छा थी कि उनकी बॉडी डोनेट कर दी जाए। उनके पिता ने भी कहा था कि मेरी मौत के बाद मेरा शरीर मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए दान कर देना। मृत शरीर को जला देने से उसका कोई उपयोग नहीं हो पाता।

**अन्य राज्यों से झारखंड काफी पीछेः** लोकसभा के बजट सत्र (फरवरी 2022) के दौरान सांसदों ने केंद्र सरकार से आर्गन ट्रांसप्लांट की संख्या और इसके पिछले तीन सालों के रिकॉर्ड के अलावा अन्य जानकारियों की मांग की थी। इस पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी थी कि पिछले तीन सालों (2019-2021) में आर्गन ट्रांसप्लांट के सबसे अधिक केस दिल्ली में (4950) रिकॉर्ड हुए। इसके अलावे तमिलनाडु (4156) और महाराष्ट्र (3180) जैसे राज्य हैं। केरल (2479), तेलंगाना (2329), पश्चिम बंगाल (1957) जैसे राज्य भी इस लिस्ट में दूसरे राज्यों से कहीं आगे हैं। इनकी तुलना में हिमाचल प्रदेश (5), उत्तराखंड (7), मणिपुर-गोवा (17-17), झारखंड में (64) केस दर्ज किए गए। इससे समझा जा सकता है कि यहां पर आर्गन ट्रांसप्लांट को लेकर क्या स्थिति है।

## सहयोगी नदियों का जल नहीं मिले तो गंगा का अस्तित्व हो जायेगा खत्म : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधायक सरयू राय ने कहा है कि सहयोगी नदियों का जल नहीं मिले तो गंगा का अस्तित्व ही खत्म हो जायेगा। श्री राय सोमवार को गंगा संवाद पदयात्रा के समापन पर बोल रहे थे। यह आयोजन उत्तरप्रदेश के कानपुर में किया गया था। उन्होंने कहा कि कम जलप्रवाह और प्रदूषित जल प्रवाह के कारण निचले भाग में स्वच्छ गंगाजल मिलना बड़ी समस्या बन गया है। बिहार के बक्सर से लेकर झारखंड के राजमहल तक के इलाके में नदी के भीतर गंगा जल की मात्रा काफी कम हो गई है। गंगाजल के नाम पर घाघरा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, कमला आदि नदियों से प्रवाहित जल की मात्रा नहीं आये तो गंगा जी का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। यह आयोजन सुप्रसिद्ध विचारक केएन गोविंदाचार्य के नेतृत्व में किया गया था। उन्होंने कहा कि बड़ी नदियों के साथ-साथ छोटी नदियों एवं लघु जलश्रोतों को संरक्षित करना भी महत्वपूर्ण है। बड़ी नदियां इन्हीं से मिलकर बनती हैं। दामोदर नदी का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकारी खजाने से एक ढेला खर्च किये बिना पिछले 20 सालों में लगातार जन प्रयास से करीब-करीबी मुक्त हो गया है। शांतिपूर्ण जनांदोलन के माध्यम से किसी बड़े जलस्रोत को प्रदूषण मुक्त करनेवाला यह प्रत्यक्ष उदाहरण है। नदियों के संरक्षण के लिए बड़ा सम्मेलन बुलायेंगे

केएन गोविन्दाचार्य ने कहा कि नदियों पर संकट सभ्यता का संकट है। नदियों के जल से औद्योगिक साम्राज्य खड़ा होता है। पर वही आगे चलकर नदियों के लिए भस्मासुर बन जाते हैं। नदियों को लीलने पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने दो महीने के भीतर नदियों एवं अन्य जलश्रोतों की अविरलता और निर्मलता की समस्या पर विमर्श करने के लिए भी एक सम्मेलन बुलाने की बात कही है।

## आज का राशिफल
29-11-2022

मेष : आय के लिए किया गया व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी बड़ी समस्या का हल होगा। भाग्य का साथ रहेगा विवाद से बचें। भय रहेगा । राजमान मिल सकता है। धर्म कर्म में मन लगेगा।

वृष : क्रोध से बचें। मौसम का रोग परेशानी का कारण बन सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नया कार्य होगा। किसी बहकावे में नहीं आयें। यह आपके हित मे नही होगा।

मिथुन : जीवनसाथी का सुख मिलेगा। साथ ही ब्यापार एवं आय में वृद्धि होगी। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रतिद्वंद्विता बढ़ सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोई नया कार्य होगा।

कर्क : कोई नया कार्य होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। पर स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

सिंह : संतान के लिए समय उत्तम है। कार्यालयों में रुके कार्यो में गति आएगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम बिलकुल न लें। संतान की तरक्की के लिए कुछ नया आईडिया आएगा।

कन्या : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। यात्रा का योग है। पर यात्रा के दौरान सतर्क रहना होगा।

तुला : व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। स्त्री पक्ष से लाभदायक सूचना मिल सकती है। प्रसन्नता रहेगी। किसी मित्र का कोई पुराण परिचित से मुलाकात होगा।

वृश्चिक : कारोबार से मुनाफा हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

धनु : समय का लाभ ले। काम करते करते बोर होने के बाद कुछ नया कार्य करना चाहिए। संगीत व चित्रकारी आदि रचनात्मक कार्यो में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

मकर : खर्च बढ़ने की आशंका है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी, जिससे मन खुश होगा।

कुंभ : घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कार्य मे तेजी आएगी।

मीन : किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। प्रसन्नता रहेगी। मन मे किसी बात को लेकर बार बार खुशी रहेगा।

# एकेडमिक सिलेबस को भी पूर्णता व नवीनता प्रदान करने का विवि का प्रयास : कुलपति

## डीएसपीएमयू में इसी सत्र से शुरू होंगे चार नये कोर्स, एकेडमिक काउंसिल की मुहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एकेडमिक काउन्सिल की बैठक सोमवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के नवनिर्मित एडमिनिस्ट्रैटिव बिल्डिंग में हुई। इस दौरान सर्वप्रथम पिछले एकेडमिक काउन्सिल में लिए गए निर्णयों को स्वीकृति दी गयी।

बैठक में कई विषयों के सिलेबस को मंजूरी और उसके अपग्रेडेशन पर चर्चा की गई। इनमें परफामिंग आर्ट, विजुअल आर्ट के सत्र 2022-23 के लिये पोस्ट फैक्टो अप्रूवल पर सहमति बनी। इसके अलावा कई स्वपोषित और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों बीबीए और इएलएल में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी पर सहमति बनी। इसके अलावा लीगल ड्राफ्टिंग के सर्टिफिकेट और एलएलएम पाठ्यक्रम के आंतरिक मूल्यांकन पर भी पर पोस्ट फैक्टो अप्रूवल हुआ। इस बैठक में पीएचडी के लिये किसी रिसर्च गाइड के अधीन शोधार्थियों की संख्या में वृद्धि करने पर भी सहमति बनी।

इस बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा चार नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर अंतिम सहमति बनी। पहला पाठ्यक्रम एडवांस सर्वेइंग एंड मैपिंग टेक्निक नामक 6 माह का सर्टीफिकेट कोर्स होगा, जो भूगोल विभाग के अंतर्गत प्रो नलिन कांत महतो के निर्देशन में संचालित होगा। इसमें 30 विद्यार्थियों का नामांकन होगा। इसके अलावा एलएलएम पाठ्यक्रम के अंतर्गत सर्टिफिकेट कोर्स इन लीगल ड्राफ्टिंग को प्रारंभ करने पर कॉउन्सिल में सहमति बनी। एक नया पाठ्यक्रम एमबीए विभाग के अंतर्गत एग्जीक्यूटिव एमबीए ट्रेनिंग प्रोग्राम को शुरू किया जाना है, जिसकी अवधि 3 वर्ष की होगी। योग विभाग के समन्वयक डॉ अशोक नाग के निर्देशन में 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स भी अगले सत्र से प्रारंभ होना है। विश्वविद्यालय के कुलगीत पर भी सैद्धान्तिक सहमति बनी। इनके अलावा इस बैठक में पूर्व में पारित कई एजेंडों को स्वीकृति प्राप्त हुई। अकादमिक कॉउंसिल की अध्यक्षता करते हुए इन महत्वपूर्ण निर्णयों को अंतिम सहमति देने के उपरांत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि गत 6 माह में विश्वविद्यालय का निरंतर यह प्रयास रहा है कि नए पाठ्यक्रमों जैसे फिशरीज आदि को शुरू करने के साथ साथ एकेडमिक सिलेबस को भी पूर्णता और नवीनता प्रदान की जाए। पिछले दो एकेडमिक कॉउन्सिल की बैठक में हमें इसपर आशातीत सफलता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय परिवार के सहयोग से जल्द ही हम इस दिशा में और आगे बढ़ेंगे। एकेडमिक काउंसिल की बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह एवं विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयक मौजूद थे। यह जानकारी विवि के पीआरओ प्रो राजेशा कुमार सिंह ने दी।

# खाटू नरेश को विभिन्न रंगों के फूलों से सजाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गत अमावस्या महास्नान के बाद सोमवार को खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुआ। आज प्रातः 5:00 बजे मंदिर खुलने के बाद 5:30 बजे मंगला आरती 8:30 बजे श्रृंगार आरती व 12:15 बजे विश्राम संघ आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिये गये।

श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दोपहर 2:00 बजे से केसर चंदन तिलक श्रृंगार अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। खाटू नरेश का प्रातः नवीन बागा वस्त्र धारण करवाकर गुलाब के इत्र से मसाज किया गया। केसर चंदन का श्रृंगार किया गया। विभिन्न रंगों के फूलों की मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, श्री हनुमान जी, श्री शिव परिवार श्री रिद्धि सिद्धि प्राचीन फोटो व गुरुजनों के चित्रों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंदिर के सहयोगी आचार्य अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्यों ने विधिवत परंपरागत ढंग से श्रृंगार अनुष्ठान संपन्न कराया। पंचमेवा का भोग भी लगाया गया। संध्याकाल श्रृंगार सभी पट खोल दिए गए भक्तजनों की जय जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। देर रात तक भारी संख्या में मंदिर पहुंचकर श्री श्याम दरबार में अपना मत्था टेका 7:00 बजे ग्वाल आरती व 8:30 बजे सायं आरती की गयी। रात्रि 9:30 बजे मंदिर के पट बंद कर दिये गये। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती के वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को सायं 4:30 बजे से 26वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# कैराली स्कूल में वार्षिक दिवस आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कोविड-19 महामारी के दो साल बाद कैराली स्कूल में रविवार को बड़े धूमधाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। दीप्ति जयराज विशेष सचिव, आइआरएस ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसके बाद मुख्य अतिथि व अन्य गण्यमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फिलिप मैथ्यू ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का विषय कैलिडोस्कोप था। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की एक श्रृंखला के माध्यम से एक कैलिडोस्कोपिक प्रस्तुति दी। विभिन्न तालों पर संगीत और कालबेलिया तथा मनमोहक कठपुतली नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद एकेडमिक अवॉर्ड का वितरण हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में फीट ऑनबीट, मलयालम डांस, मणिपुरी, भांगड़ा, नागा, नागपुरी डांस, पपेट डांस और ऑर्केस्ट्रा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक और वार्षिक पुरस्कार का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मलयाली एसोसिएशन रांची, फिलिप मैथ्यू, जीएस पिलाई आदि का अहम योगदान रहा।

## भरतनाट्यम कार्यशाला के समापन समारोह 'प्रारंभ' का आयोजन आज

**रांची।** रांची विवि के परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग की ओर से आयोजित 5 दिनी भरतनाट्यम कार्यशाला का समापन समारोह 'प्रारंभ' का आयोजन मंगलवार की शाम 3 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विवि के वीसी डॉ एके सिन्हा होंगे। इस कार्यशाला का आयोजन आश्वी डायगनोटिस्टक के सहयोग से किया जा रहा है। यह जानकारी परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग की कोऑडिनेटर डॉ नियति कल्प ने दी।

# मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल में मना वार्षिक महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल ने सोमवार को गुरु नानक स्कूल ऑडिटोरियम में वार्षिक महोत्सव का आयोज किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साईनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल एवं वशिष्ठ अतिथि सरला बिरला स्कूल की प्रधानाचार्य परमजीत कौर थीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गयी।

कार्यक्रम में स्कूल की दोनों शाखाओं - लाइन टैंक रोड एवं अशोक नगर - के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रूद्र सिंह राठौर ने स्मार्ट क्लास की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। दिशा लाठ ने समाज में बेटियों को शिक्षित करने पर प्रकाश डाला, वहीं यशवी साहू ने पर्यावरण को बचाने रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने पर चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिवांश पांडे द्वारा मां मेरी मां गीत ..., रही। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा वंदे मातरम भी गाया गया। वहीं, कुछ बच्चों ने कविता एवं बाल गीत गाकर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने राधा रानी, गोपियां और कृष्ण बनकर नृत्य प्रस्तुत किये और वृंदावन को दर्शाने की कोशिश की। स्कूल की निदेशक विभा सिंह ने बताया कि हम अपने बच्चों को इस तरह से तैयार करते हैं कि शहर में शहर के सभी टॉप स्कूल में उनका नामांकन उनके मेरिट पर हो। हम सिर्फ प्रवेश परीक्षा की तैयारी ही नहीं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि वह जहां भी जायें, वहां टॉपर ही रहे। स्कूल ना सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि बच्चों का स्वर्णिम विकास करना भी अपना मुख्य उद्देश समझता है। स्कूल की निदेशक ने बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत की सहारना की।

# श्रीराम मंदिर का निर्माण राष्ट्र स्वाभिमान का है पुनर्स्थापन : डॉ वीरेंद्र साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद महानगर के नेतृत्व में दिव्य दिग्विजय रामराज्य रथ यात्रा का महादेव मंडा चुटिया से सोमवार की सुबह श्री रामलला के महाआरती के बाद नगर भ्रमण के लिये निकली। इस दौरान पुष्प वर्षा की गयी।

यह यात्रा चुटिया थाना, सुजाता चौक, राजेंद्र चौक, महावीर मंदिर डोरंडा, शिव मंदिर कडरू, सहजानंद चौक, श्री श्याम मंदिर रातु रोड चौक, कचहरी चौक, करम टोली चौक, मेडिकल चौक, बड़ागाई चौक, शिवाजी चौक, बूटी बस्ती, विकास से बिहार की ओर प्रस्थान कर गयी। दिव्य रामराज्य यात्रा के साथ गणेश, शंख, पांचजन्य, देवदत्त, महालक्ष्मी, कामधेनु, गरुड़ इत्यादि शंख ध्वनि एवं वेद मंत्रों के बीच पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूज्य संत श्रीशक्ति शांतनंदा महर्षिए ने कहा कि रामराज्य स्थापित करने के लिए त्रेतायुग में भगवान श्री राम ने अश्वमेध यज्ञ किया था। इसी प्रकार श्री राम जन्मभूमि पर बनने वाली भव्य मंदिर पूर्ण होने के पूर्व पूरे भारत में दिग्विजय रथ यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा यह यात्रा 5 अक्टूबर से अयोध्या से प्रारंभ होकर नेपाल काठमांडू सहित भारत के 27 राज्यों का लगभग 15000 किलोमीटर भ्रमण कर 2 दिसंबर को पुनः अयोध्या पहुंचेगी। प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम का मंदिर, देश का राष्ट्र मंदिर होगा। श्री राम मंदिर राष्ट्र स्वाभिमान का पुनर्स्थापन है। भगवान पुरुषोत्तम राम का मंदिर विश्व के समस्त प्राणियों के लिए प्राण के समान होगा। सनातन परंपरा ही समस्त जीवो के अंदर में भगवान को विराजमान पाता है। उसकी सुरक्षा, समृद्धि एवं संरक्षण का विषय के संदर्भ में सनातन परंपरा ही सोचता है। इस यात्रा का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह,रंगनाथ महतो, कैलाश केसरी, अमर प्रसाद, विश्वरंजन कुमार,रोबिन कुमार, रोशन कुमार,दीपक साहू, रतन केसरी, बैजनाथ, काजल सोनी इत्यादि ने की।

# नर सेवा, नारायण सेवा की मिसाल पेश कर रहा प्रणामी ट्रस्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान में सोमवार को निर्धनों के बीच कंबल, मफलर, मोजा आदि बांटा गया। इस दौरान करीब 150 गरीबों को मुफ्त कंबल आदि दिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की उपस्थिती में कटहल मोड़ रोड पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन प्रणामी मंदिर के प्रांगण में निर्धनों को उनी वस्त्र दिया गया। सेवा के कार्य मे संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, सुरेश चौधरी, बिष्णु सोनी, शिवभगवान अग्रवाल, परमेश्वर साहु, चरणजीत साहु, रमेन्द्र पाण्डेय, आलोक सिंह, धीरज कुमार गुप्ता एव इनके अलावा भी संस्था के सदस्य उपस्थित थे।



# सीएमपीडीआइ में बीएचयू रांची चैप्टर के पूर्व छात्र समागम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** सीएमपीडीआइ के मयूरीहॉल में बीएचयू पूर्व छात्र समागम, रांची चैप्टर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआइ के सीएमडी मनोज कुमार (1986 बैच, माइनिंग) एवं विशिष्ट अतिथि बीएचयू, रांची चैप्टर की शुरुआत करने वाले 1960 बैच के माइनिंग छात्र आरएस रूंगटा ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

मौके पर मनोज कुमार ने कार्यक्रम आयोजन करने के लिए सभी लोगों को बधाई दी और हर्ष प्रकट किया। वहीं, श्री रूंगटा ने निरंतरता बनाये रखने की अपील की और पूर्ववर्ती छात्रों से अपना अनुभव साझा किया।

इस अवसर पर सुप्रसिद्ध दूरदर्शन कलाकार पंडित वृजेंद्र महाराज एवं उनकी टीम द्वारा शास्त्रीय संगीत तथा सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यंगना कुमारी रूपा और उनकी टीम द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा शायरी और गीत पेश भी किये गये।

समागम में रांची स्थित विभिन्न कंपनियों तथा झारखंड सरकार में कार्यरत बीएचयू के पूर्ववर्ती छात्र की सहभागिता से यह कार्यक्रम आयोजित की गयी। स्वागत भाषण सीएमपीडीआइ के पूर्व निदेशक एके राणा (1985 बैच माइनिंग), मंच संचालन प्रतीक शुक्ला तथा धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक मिश्रा ने किया।

# विद्यार्थियों को दिलायी गयी संविधान की शपथ

## संत जेवियर्स कॉलेज में संविधान दिवस का हुआ आयोजन, प्रधानाचार्य ने इसका महत्व बताया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** सोमवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय के सभागार में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलायी गयी। भारतीय संविधान के मूल्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने छात्रों को संविधान के महत्व का बोध कराया तथा छात्रों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ सिखाया। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो बीके सिन्हा ने संविधान निमार्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाने के लिए लोगों को अपने वक्तव्य से प्रेरित किया। महाविद्यालय के डॉ अजय श्रीवास्तव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ मारकुस बारला तथा डॉ वेंकट अप्पा राव ने भी सभा को संबोधित कर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। सभा के संचालन में राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का अहम् योगदान रहा। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षकों में डॉ विजय शर्मा, सौम्या मानिनी सिन्हा, डॉ आशुतोष पाण्डेय, डॉ श्रेया पाण्डेय, विकास रंजन,आशा साहू एवं अभिषेक राज उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का मुख्य संकेन्द्रण कविता वाचन, नृत्य-संगीत प्रस्तुतीकरण, भाषण प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक था। मंच का संचालन अमार तथा काजल ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज ने मवि हातमा में लगाया नेत्र जांच शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज की ओर से सोमवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय हातमा में बच्चों के लिए नेत्र जांच शिाविर का आयोजन किया गया। इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज की वाईस प्रेसिडेंट वीणा अग्रवाल के नेतृत्व में कक्षा छट्ठी, 7वीं और 8वीं के बच्चों के नेत्र की जांच की गई।

जांच के दौरान पता चला कि कुछ बच्चों के कमजोर नजर थे। कुछ बच्चों की आंखों में संक्रमण भी पाया गया। कुछ बच्चों के आंख चोटिल भी थे। उन बच्चों को दवाईयां और आई ड्राप्स दिये गये। डॉक्टर ने उनके नेत्र विकारों को पहचाना। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की सचिव पिंकी पॉल, रश्मि खेतान, सविता सिंह, रानी सिंह, रेणु चौधरी, ज्योति बुधिया ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# जैविक उद्यान में लगेगी बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा

## बिरसा जू पहुंचे वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव

### ●मंत्री ने स्मारक समिति की पहल की सराहना की



जैविक उद्यान पहुंचे मंत्री रामेश्वर उरांव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति ओरमांझी की पहल पर जैविक उद्यान में भगवान बिरसा मुंडा की आदम कद प्रतिमा जल्द स्थापित होगी। इसे लेकर सोमवार को राज्य के वितमंत्री रामेश्वर उरांव जैविक उद्यान पहुंचे थें। उन्होने समिति की पहल की सरहाना की और कहा जैविक उद्यान की स्थापना 1984 में हुई। 38 वर्ष बाद भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित नही होना अफसोस जनक है। उन्होंने कहा जनता की अपेक्षा जरूर पुरी होगी और जल्द जैविक उद्यान में प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिमा स्थापित होने के बाद इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा की जाएगी। इससे पूर्व स्मारक समिति के अध्यक्ष बीना देवी मुंडा नें शॉल ओढाकर व क्षेत्र के युवतियों ने फुल वर्षा कर मंत्री रामेष्वर उरांव की स्वागत किए। वहीं समिति की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा जल्द स्थापित कराने की एक मांग पत्र भी सौंपा गया। उन्होने छात्राओं से बात की और परिचय जानने के बाद छात्राओं से कहा आप लोग मांदर बनाने वाले हैं और हम मांदर बजाने वाले। शुरू से हम जंगल पहाड़ से जुडे लोगों के साथ रहे हैं। वहीं जैविक उद्यान निदेशक जबर सिंह, एसीएफ अषोक कुमार सिंह, पशुचिकित्सक डा ओपी साहू, वन्यक्षेत्र पदाधिकारी बाबुनंद प्रसाद, रामलखन पासवान ने भी स्वागत किया। बाद में मंत्री रामेश्वर उरांव बैटरी चालित वाहन में बैठ उद्यान का भ्रमण भी किए। कहा ओरमांझी का जैविक उद्यान काफी मनोरम है। यहां काफी सकुन भी है। मौके पर स्मारक समिति के मुख्य संरक्षक सह जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य जमल मुंडा, अध्यक्ष बीना मुंडा, महासचिव आसाराम मुंडा, सचिव अशोक मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र उरांव, संरक्षक श्रवण मुंडा काशीनाथ पाहन, मंगल उरांव, रोपण उरांव, करमु पाहन, दीपक मुंडा, सुधीर मुंडा, नेवाराम मुंडा , दिलरंजन पहान, विष्णु मुंडा, बलराम पहान, संजय तिर्की बंधन मुंडा, बबलू मुंडा सहित उद्यान कर्मी उपस्थित थे।

### पश्चिम बंगाल से जीराफ लाने में पहल करें

मंत्री रामेश्वर उरांव ने उद्यान निदेशक जबर सिंह से उद्यान व उद्यान के पषुओं की जानकारी ली और जैविक उद्यान के लाइब्रेरी में वीडियो विजवल देखी। निदेशक ने बताया कि कोलकाता जू से जेबर जल्द जैविक उद्यान लाया जा रहा है। इसके लिए विभागीय प्रकृया भी हो चूकी है। उन्होने मंत्री से कहा कोलकता में काफी संख्या में जीराफ है। पश्चिम बंगाल सरकार से बात जीराफ लाने में राजनीति पहल करने का भी आग्रह भी किया। वहीं मंत्री ने जीराफ लाने में हरसंभव पहल करने का आष्वासन दी है। इधर जैविक उद्यान में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने को जानकरी होने पर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है।



मंत्री रामेश्वर उरांव को स्वागत करते समिति के लोग।

## बाइक पर कोयला ले जा रहे लोगों को टीपीसी ने पीटा

**बुढ़मू।** रविवार रात में मोटरसाईकिल में चोरी का कोयला लाद कर ला रहे लोगों की पिटाई टीपीसी उग्रवादियों द्वारा किये जाने की सूचना है। जानकारी के अनुसार रात में करीब 12 बजे कोयजम घाटी के पास 10- 12 की संख्या में खड़े वदीर्धारी लोगों द्वारा रात में मोटर साईकिल में कोयला लेकर आ रहे लोगों को रोक कर पिटाई किया गया। साथ ही बिना निर्देश के गैरकानूनी काम नहीं करने की चेतावनी दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा पिटाई किये जाने के सूचना के बाद हमलोग दिन भर क्षेत्र में ही है लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। वहीं दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार घटना को टीपीसी के मुरारी जी के दस्ते द्वारा अंजाम दिया गया है।

## इटकी में प्रखंड के मुखियाओं की बैठक

**इटकी।** इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय में सोमवार को प्रखंड के मुखियाओं की एक बैठक विनय उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इटकी प्रखंड मुखिया संघ का गठन किया गया। फ्रांसिस्का केरकेट्टा सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनी गई। इसके अलावा रमेश महली को उपाध्यक्षए राजन किस्पोट्टा सचिव व विनय उरांव कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक में मुखिया सन्नी उरांव, लखन लकड़ा, रीता देवी, अनिता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## महिला समूह ने किया जामुदाग में बैठक

**सोनाहातू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जेएसएलपीएस के महिला समूह के सदस्यों ने सोमवार को जामुदाग क्लस्टर के सीएलएफ कार्यालय में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक किया गया।बैठक में सभी महिला समूह के सदस्यों को अपने अपने गांव में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान रैली निकालने का निर्देश दिया गया। मौके पर ललित कुमार महतो, हीरालाल महतो, हरेश्वरी देवीए रासमणि देवीए रमला देवीए जलेश्वरी देवीए राजेश महतोए रीता महतोएमंटु कोइरी उपस्थित थे।

## मांडरः सड़क हादसे में दो की मौत

**मांडर।** रांची-मेदनीनगर पथ पर स्थित तिग्गा फियूल पिट्रोल पंप के निकट हुए सड़क हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार सोमवार रात 8.00 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पतरातू निवासी आनंद साहू 50 वर्ष एवं विजय साहू 45 वर्ष अपने अन्य साथियों के साथ बोलेरो से अन्यत्र शादी पार्टी में जा रहे थे। गाड़ी काफी तेजगति होने के कारण उक्त स्थान पर रांची की ओर जा रहे हैं ट्रैक्टर को दे मारा जिससे घटनास्थल पर ही आनंद साहू एवं विजय साहू की मृत्यु हो गई तथा चालक सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनके स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं चान्हो प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार महतो को हल्की चोटें आई उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## भूअर्जन विभाग ने किया रैयतों के कागजात का सत्यापन, लगाया कैंप

**इटकी।** एनएच 23 पलमा से गुमला सड़क चौड़ीकरण परियोजना को लेकर अधिगृहित भूमि के मुआवजा भुगतान के लिये रैयत आवेदकों के कागजातों का भूअर्जन विभाग द्वारा सोमवार से गढ़गांव में कैम्प लगा कर सत्यापन का कार्य शुरू किया गया है। जो रैयत अभी तक आवेदन जमा नही किये हैं वे कैम्प में आकर आवेदन जमा करा सकते हैं। ज्ञात हो कि एनएच 23 पलमा से गुमला तक सड़क चौडीकरण निर्माण परियोजना के लिए मौजा गढ़गांव के 145 और चचगुरा मौजा के 124 रैयतों की भूमि अधिग्रहण किया गया है। कैम्प में भूअर्जन के अमीन जमील अख्तर, आशीष कुमार, अंचल अमीन आनंद महली, आरसीडी कंपनी के अधिकारी मौजद थे।

## महिला की हत्या की आशंका, केस दर्ज

**पिपरवार।** बन्हे गांव में रविवार को पारिवारिक विवाद में महिला ने लगाई फांसी लगाई थी। हत्या की आशंका जताते हुए महिला के परिजनों ने पिपरवार थाना में आवेदन दर्ज करवाया। आवेदन मृतिका के ससुर धनेश्वर साव, भसुर किशुन साव, पति, सुनील साव, देवर पिंटू साव, सास सारो देवी, गौतानी अनिता देवी पर हत्या की आशंका जताते हुए और सबूत मिटाने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि करीब 3 महीने पहले मोनिका कुमारी के भसुर एवं ससुर द्वारा गाली गलौज एवं मारपीट किया गया था और घर में दहेज के लिए मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता था।

## ओरमांझी में अयोध्या श्रीराम मंदिर प्रारूप रथ का स्वागत

### पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्रारूप दिग्विजय रथ का ओरमांझी में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रीराम मंदिर के रूप रथ को देखने को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह थे। अपने घर के आगे हांथ जोड़े खड़े लोग पुष्पवर्षा कर रहे थें। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी व उकरीद चैक स्थित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के द्वारा श्रीराम रथ का पूजन और पुष्पवर्षा की गई। बताया गया कि पांच अक्टूबर को अयोध्या से चली है दिग्विजय रथ देशभर के विभिन्न 27 राज्यों से होते हुए ओरमांझी पहुंची थी। यह रथ झारखंड बिहार के रास्ते नेपाल तक जाएगी और गीताजयंती तक 60 दिनों में अपनी यात्रा पूर्ण करेगी। बजरंग दल के अध्यक्ष कामेष्वर महतो ने बताया इस दिव्य दिग्विजय रथ में श्रीराम माता सीता के साथ श्रीराम जन्मभूमि का विराट भव्य मंदिर का प्रारूप में श्रीराम लला का अखंड राम ज्योति विद्यमान है। रथयात्रा में शामिल अयोध्या के कई साधु व महंतो द्वारा प्रत्येक दिन रथ में पूजन हवन के साथ गो पूजन व पौधरोपण किए जातें है। श्रीराम राज्य दिग्विजय रथ का स्वागत करने में विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के मंत्री वीरेंद्र साहू, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, रांची विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अमर प्रसाद, विभाग दुर्गा वाहिनी संयोजिका काजल सोनी, रांची महानगर मंत्री विश्वरंजन, रांची ग्रामीण जिलामंत्री रोबिन कुमार, मंत्री रोशन कुमार चौधरी, रातू प्रखंड मातृशक्ति प्रमुख रंजू देवी, इंद्राणी देवी, काजल चैधरी, बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो, प्रखंड संयोजक अजय महतो, सहसंयोजक रंजीत महतो, प्रखंड कार्यवाह अरविंद कुमार, छोटेलाल कुमार, जागेश्वर भोक्ता, विपिन कुमार सहित कई रामभक्त मौजूद थे।



श्रीराम रथ के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता।

## रातू के दलादिली चौक से मोटरसाइकिल की चोरी

### पुलिस को लोगों से नहीं मिल रहा सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के दलादिली चौक स्थित हरि ओम तेल मील के समीप खड़ी मोटर साइकिल जेएच 01 सीएस 6719 को अपराधियों ने 26 नवंबर की शाम करीब छह बजे चोरी कर ली। बाइक सिमलिया नयांटोली निवासी सिरिल उरांव की है। वह सब्जी खरीदने आये थे। सब्जी खरीद कर जब वापस आयेए तो मोटर साइकिल को गायब देख उनके होश उड़ गये। तत्काल इसकी सूचना थाने को दी। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर से खोजबीन शुरू की। लेकिन कोई पता नहीं चला। विवश होकर वह 27 की सुबह रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराये हैं।

### खंगाले जा रहे फुटेज

घटना स्थल का कॉल डंप कराया गया। चौक में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लापरवाही की वजह से चोरी, लूट व छिनतई की घटनाएं हो रही है। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। क्षेत्र में 24 घंटे गश्ती दल सक्रिय है। लोगों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से पुलिस और पब्लिक दोनों परेशान हैं।

## बेड़ोः राम विवाह महोत्सव को लेकर अखंड हरिकीर्तन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के करंजी में अघन मांस के पंचमी तिथि पर श्री राम विवाह महोत्सव के शुभ अवसर पर 24 घंटा का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके पूर्व सोमवार की अगले सुबह कार्यक्रम स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाला गयी। जो कलश यात्रा पूरे करांजी गांव का परिक्रमा करते हुए ऐतिहासिक करांजी डैम बांध पहुंचा। जहां पुजारी के वैदिक मंत्रोचार के साथ पवित्र गंगाजल की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं के कलश में पवित्र गंगाजल उठाया। वही करांजी डैम बांध से कलश यात्रा पुनः वापस कार्यक्रम स्थल पहुंच कलश का स्थापना किया गया। कलश स्थापना के साथ ही श्री राम विवाह महोत्सव का विशेष पूजा अर्चना पुरोहित के रूप में राजा पाठक यजमान धनक देव तिवारी सह पत्नी सीता देवी द्वारा गौरी गणेश पूजन के साथ राम विवाह महोत्सव अनुष्ठान संपन्न कराया। वही पूजा अर्चना के बाद 24 घंटा अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। अखंड हरिकीर्तन में सिलागाईए गणेशपुर के महिला कीर्तन मंडली टीम के साथ बीजूपाड़ाए गढ़ाटोलीए तुकोए केशाए बेड़ो समेत कई गांव के कीर्तन मंडली ने अखंड हरी कीर्तन में भाग लिया।

## ओरमांझीः लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ आजसू का धरना कल

**ओरमांझी।** बिजली के लचर व्यवस्था को लेकर आजसू पार्टी द्वारा राज्यभर के सभी सब स्टेशनों पर धरना प्रदर्शन करेगी। इसकी जानकारी आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने दी। कहा कि आजसू पार्टी के केंद्रीय कमिटी के दिशा-निर्देश पर आगामी 30 नवंबर बुधवार को झारखण्ड के सभी प्रखंड के पावर सब स्टेशन पर धरना प्रदर्शन दिया जाएगा। धरना को सफल बनाने के लिए रांची जिला अंतर्गत सभी प्रखंड अध्यक्षों, पंचायत कमिटी, प्रखण्ड कमिटी, रांची महानगर कमिटी, जिला कमिटी, केंद्रीय कमिटी को दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

## बिहार पुलिस के दो जवानों को अपहर्ता समझ ग्रामीणों ने पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** थाना क्षेत्र स्थित मिल्लत कॉलोनी में अपहरणकर्ता समझकर ग्रामीणों ने बिहार पुलिस के जवानों के साथ मारपीट करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दहेज मामले में फरार चल रहे आरोपित को पकड़ने आयी बिहार के सिवान जिले की पुलिस सुबह मिल्लत कॉलोनी आयी थी। लेकिन ग्रामीणों ने दो जवानों को अपहरणकर्ता समझकर पिटाई कर दी। पुलिस के जवान पुलिस ड्रेस में नहीं थे। पुलिस के जवानों ने आरोपित को पकड़कर जब गाड़ी में बैठाया तो इसी क्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने अपहरणकर्ता समझकर पुलिस के जवानों की पिटाई कर दी। बिना स्थानीय पुलिस को सूचना दिये ही पुलिस वहां पहुंची थी।

घटना की सूचना मिलते ही कांके थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया।इस संबंध में थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि सिवान के दहेज मामले में गुलाम अशरफ उर्फ रौनक के खिलाफ वारंट निकला है। उसे गिरफ्तार करने पुलिस आयी थी। घर में जांच करने के दौरान आसपास के लोगों ने हंगामा और धक्का-मुक्की की। मारपीट नहीं हुई है। आरोपित फरार है।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज के प्रशिक्षु शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना




खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा गेतलसूद रांची के 87 प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों का एक दल पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। यह दल पंजाब के बाघा बॉर्डर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जलियांवाला बाग और हिमाचल प्रदेश में चंबा खजियार डलहौजी धर्मशाला एवं. विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगा। यह दल आज रांची रेलवे स्टेशन से अमृतसर के लिए रवाना हुआ और वे7 दिसम्बर को पुनः वापस लौटेगे। शैक्षणिक भ्रमण हेतु संस्था के अध्यक्ष श्री जैलेंद्र कुमार प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने दल को रवाना किया। मौके पर शैक्षिक भ्रमण पर जा रही कॉलेज की निदेशक सुश्री शालिनी प्रिया समाजसेवी श्री संजय पटेल प्रभारी प्राध्यापिका वर्षा रानी मौजूद थे।

## मेकॉन स्पोर्ट्स टीम ने जीता फुटबॉल मैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित जाजपुर स्टेडियम में चल रहे सात दिवसीय शाहिद सुबेदार मेजर शांति तिर्की फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला संपन्न हो गया। पुरुष वर्ग में फाइनल मैच मेकान स्पोर्ट्स और समेरा एफसी ब्राम्बे फुटबॉल टीम के बीच खेला गया जिसमें ट्राई ब्रेकर में मेकान स्पोर्ट्स की टीम दो गोल से जीत कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमायाण वहीं महिला वर्ग में अमर स्पोर्ट्स रातू की टीम दो गोल से विजयी रही उसने आस्कर इंडिया ओरमांझी की टीम को हराया था।

मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि कांग्रेस के हटिया विधानसभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने विजेता टीम को दो लाख पचास हजार रुपए राशि की चेक और एक बड़ा ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम को अतिथि झामुमो नेता कलाम आजाद ने एक लाख पचहतर हजार रुपए कि चेक और ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं विजेता महिला टीम को साठ हजार रुपए का चेक और ट्राफी देकर जिला परिषद सदस्य पुनम देवी ने सम्मानित कियाण मौके पर मैन ऑफ द मैच और बेस्ट डीफेंडर मेकान स्पोर्ट्स के रेमन लकड़ा को एक रेंजर साइकिल और मैन ऑफ द सीरीज मनोहर बोदरा को एल इडी टीवी देकर पुरस्कृत किया गयाण मौके पर आजसू के भरत काशी, बीडीओ नूतन कुमारी, प्रमुख मधु कच्छप, विजय धान, उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, बजरंग महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।




# अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है

## फ्लोरेंस कॉलेज में नर्सिंग छात्राओं को दी गई विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग इरबा में सोमवार को फेयरवेल समारोह का आयोजित कर बीएससी नर्सिंग पांचवें बैच के 38 छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए, वहीं संस्थान से विदा होने वाले कई छात्र छात्राओं के आंखें नम हो गई। मुख्य अतिथि सदर थाना प्रभारी (इंस्पेक्टर) श्याम किशोर महतो ने समारोह का उद्घाटन किया और छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की, कहा अनुशासन जीवन ही सफलता की कुंजी होती है। नर्सिंग ऐसा क्षेत्र है जिसमें जीवन के प्रारंभ से मृत्यु के अंतिम क्षण तक सेवा करने का अवसर मिलता है। उन्होने नर्सिंग शिक्षा का अलख जगाने वाले कॉलेज के संस्थापक स्व एहसान अंसारी की दुरदर्षिता की सरहाना की और कहा आज नर्सिंग क्षेत्र में फ्लोरेंस राज्यभर में बेहतर संस्थान है। यहां से नर्सिंग की षिक्षा ले राज्यभर की बेटियां देषभर के बड़ हॉस्पिटल से जुड़ रही हैं। उन्होने कहा किसी भी संस्थान को बेहतर बनाने में बेहतर शिक्षा व प्रबंधंन महत्वपूर्ण होते हैं। वहीं निदेशक डा शाहीन कौशर ने छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया और कहा नर्सिंग ऐसी सेवा क्षेत्र है जिसमें गौरव के साथ संतुष्टि प्राप्त होती है। उन्होने कहा सभी 38 बीएससी नर्सिंग के छात्रों का कैंपस सिलेक्शन एशियन हॉस्पिटल धनबाद, मधुबनी मेडिकल कॉलेज बिहार, रानी हॉस्पिटल रांची, एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल ईरबा व पारस हॉस्पिटल पटना में हुई है।



नृत्य प्रस्तुत करती नर्सिंग की छात्राएं।

### 300 विद्यार्थियों का होता है कैंपस सलेक्शन

फ्लोरेंस के लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं प्रत्येक वर्ष कैंपष सैलेक्शन होते हैं। वहीं सचिव जीनत कौशर ने संस्थान को उंचाई तक पहुंचाने में छात्र-छात्राओं व षिक्षकों को श्रेय दिया। मौके पर निदेशक डा शाहीन कौशर, उपप्राचार्या विनिसा टी बंसरियार, समाज सेवी सत्तार अंसारी, अबू नसर, बिनीता खलखो, वर्षा कुमारी, माधुरी लिली दांग, सुधीर कुमार, शोएब अख्तर, जूली किस्कू, शिवानी तिर्की, सादिक अंसारी, सकील परवेज, हाजी मंसूर अंसारी, सुप्रिया कुमारी, शशि कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर में

### ठाकुरगांवः न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बुडीबागी का 14वां वार्षिकोत्सव मनाया गया



**ठाकुरगांव।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बुडीबागी का 14वां वार्षिकोत्सव सह बाल दिवस का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दुबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सुदूर क्षेत्र में यह विद्यालय शिक्षा के साथ बच्चों को उच्च संस्कार, तकनीकी शिक्षा समेत खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता विजेता वर्मा, समाजसेवी जमील अख्तर ने भी संबोधित किया। मौके पर अतिथियों ने स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों तथा शिक्षकों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रचार्य रशीद इकबाल, अलताफ हुसैन, रतन नाग, सपना सिन्हा, बरखा कुमारी, नुसरत खातुन, सलमा खातुन, जिन्नत कौशर, फैयाज खान समेत सभी शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

### चान्होः बिरसा भाभा सरसों-1 बीज का वितरण

**चान्हो।** डॉ अरुण कुमारए पीआईए एआईसीआरपी ऑन सरसों बीएयू ने सोमवार को प्रखंड के बाबा जलेश्वर नाथ एफपीओ लुंडरी के किसानों के बीच करीब 2 क्विंटल बिरसा भाभा सरसों-1 के बीज वितरण किया। उन्होंने बताया कि प्रखंड के किसान लगभग 100 एकड़ में सरसो का प्रदर्शन टीएसपी योजना के अन्तर्गत किया जाएगा। इस वितरण कार्यक्रम के दौरान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ अरुण कुमार ने वैज्ञानिक खेती की तकनीक की जानकारी भी उपलब्ध कराईण साथ ही इस अवसर पर कुछ किसानो के प्रक्षेत्रों का भी भ्रमण कर सरसो के खड़ी फसलों के रखरखाव एवं प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराई। मौके पर पंचायत सदसय सृष्टि देवी, एफपीओ सचिव नईम, चुम्नु ओराव, प्रकाश उरांव, प्रदीप साहू, राजकिशोर प्रसाद, फील्ड ओभरशियर आदि उपस्थित थे।

### ठाकुरगांवः अवैध बालू परिवहन के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव पुलिस ने अवैध बालू के परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में सोमवार की सुबह थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के इटहे मोड़ से अवैध बालू लोड पांच ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। पुलिस को देखते ही सभी गाड़ियों के ड्राइवर भाग निकले। जब्त ट्रैक्टरों को पुलिस थाना लाकर झारखंड खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। विदित हो कि बुढ़मू प्रखंड के छापर नदी से बालू का अवैध परिवहन चरम पर है। छापर से प्रतिदिन दर्जनों हाइवा व ट्रेक्टर से खुलेआम अवैध बालू का धंधा निरंतर जारी है। पुलिस के इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप है।

### खलारीः कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

खलारी। मोहननगर के ओड़िया धौड़ा के समीप एक मारुति स्विफ्ट डिजायर और मोटरसाइकिल में टक्कर मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से हुआ घायल। प्राप्त जानकारी अनुसार खलारी जी टाइप निवासी 30 वर्षीय मो आरजू अपने मोटरसाइकिल से अम्रपाली जा रहा था तभी मोहननगर ओड़िया धौड़ा के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही स्विफ्ट डिजायर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से पहले ही अनियंत्रित हो गया तथा स्विफ्ट कार तीन बार पलटते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मरते हुए पलट गया। बताया जाता है कि कार में दो लोग सवार थे दुर्घटना के बाद गाड़ी छोड़ दोनों युवक फरार हो गया। जबकि घायल आरजू को आनन फानन में डकरा केंद्रीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद राँची रेफर कर दिया गया।घायल आरजू के दोनों हाँथ व कमर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी अनुसार स्विफ्ट कार डकरा के चितरंजन सिंह का बताया जा रहा है।वही घायल मो आरजू कोयला व्यवसाय है।

# हर घर गंगा जल


बिहार के गया, बोधगया, राजगीर और नालंदा शहरों के निवासियों को गंगा जल की आपूर्ति की जाएगी। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में दिसंबर 2019 में गया में कैबिनेट की विशेष बैठक हुई थी। इसी में इस अतिमहत्वाकांक्षी गंगाजल आपूर्ति परियोजना को मंजूरी दी गई। इसी के अंतर्गत 'हर घर गंगाजल' योजना शुरू की जा रही है। देश में पहली बार गंगा नदी के बाढ़ के पानी को पेयजल के रूप में परिवर्तित कर 7.5 लाख लोगों की प्यास बुझाने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार सरकार की ओर से 2051 तक जनसंख्या वृद्धि का अनुमान लगाते हुए इस परियोजना का निर्माण किया गया। आने वाले भविष्य में इस परियोजना से लगभग 25 लाख से अधिक लोगों को फायदा होगा। इस परियोजना के माध्यम से जुन से अक्टूबर तक बाढ़ के दिनों में गंगा नदी का पानी दक्षिण बिहार के इन महत्वपूर्ण शहरों में ले जाया जायेगा। धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण नालंदा, गया और बोधगया में हर साल लाखों देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं, मगर इन शहरों में गर्मियों में पेयजल की कमी हो जाती है। इस परियोजना का उद्देश्य इन्ही दक्षिणी क्षेत्रों नालंदा, गया और नवादा जिलों में उपचारित गंगा जल की आपूर्ति करना है। सबसे बड़ी बात है कि यह योजना समय से पहले पूरी हुई है। ऐसी ही एक योजना का पर झारखंड में भी चर्चा हुई थी जिसमें साहेबगंज से गंगा का जल रामगढ़ तक लाना था लेकिन झारखंड में यह योजना जहां बनी उससे एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी। झारखंड में भी जल संकट की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस कारण बिहार के तर्ज पर अगर पानी पाईप के माध्यम से जल संकट वाले शहरों का अनुमान लगाकर लाया जाए तो आने वाले समय में आम लोगों के साथ राज्य के औद्यागिक विकास के लिये एक मील का पत्थरसाबित होगा।

# भाजपा साफ

पंचकूला जिला परिषद चुनाव के नतीजों में राज्य में सत्तासीन भाजपा को झटका लगा है। पंचकूला जिले की सभी 10 सीटों पर बीजेपी का सूपड़ा साफ हो गया है। चुनाव में सभी निर्दलीय प्रत्याशी जीत गये हैं। निश्चित तौर पर यह एक जिला परिषद का चुनाव है लेकिन जिस प्रकार लोगों का भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और वादाओं को लेकर मोहभंग हो रहा है उसका एक उदाहरण है। यह सच है कि भारतीय जनता पार्टी से पूरे देश को बड़ी उम्मीद थी लेकिन कोरोना काल की त्रासदी और महंगाई का जो असर हुआ है उससे आम लोगों के जीवन पर नकरात्मक असर हुआ है। यह असर विभिन्न चुनावों के परिणामों में दिखेगा। आखिर भारतीय जनता पार्टी को आम लोगों ने जिस कांग्रेस के विकल्प के तौर पर भेजा था उन आमलोगों की परेशानियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र में सरकार ने गंभीर कदम नहीं उठाये हैं। क्रिकेट में हॉफ कोक शार्ट एक विख्यात शॉट है जिसमें बल्लेबाज अनमने ढंग से शॉट खेलता हुआ आउट हो जाता है। आज देश की गंभीर समस्या बेरोजगारी और महंगाई है। लेकिन इसको लेकर कोई ठोस नीति केन्द्र सरकार के पास नहीं दिखती है। भारतीय जनता पार्टी के सभी चुनाव में उसके कार्यकता अतंरराष्ट्रीय उपलब्यिों को बताकर लोगों की परेशानियों को नजर अंदाज कर रहें हैं। हिमाचल और गुजरात के परिणाम भले ही भाजपा के पक्ष में आये लेकिन उसके विरोध में पड़ने वाले वोट को नजरअंदाज करना ठीक उसी तरह होगा जैसा झारखंड में क्षेत्रिय पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से हारकर भाजपा ने कहा था कि हमारा वोट बढ़ गया है। हिंदूत्व और मोदी के एजेंडा की एक सीमा है और लगता है इस सीमा पर भाजपा पहुंच चुकी है। कांग्रेस और आप की कमजोरियों से सत्ता में आना अगर भाजपा की मजबूरी है तो निश्चित ऐसा संकेत भाजपा के लिये अच्छा नहीं है।

# बजट बढ़ा लेकिन समस्या भी बढ़ती गयी





-सूरज शाहदेव

**बिहार** और झारखंड में भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भाषाई इन चारों ही दृष्टि से झारखंड हमेशा ही बिहार से पृथक परिचय लिए हुए था। जहां बिहार मैदानी क्षेत्र और कृषि प्रधान क्षेत्र हुआ करता था तो वहीं झारखंड पठारी,वन और खनिज संपदाओं से घिरा हुआ एक क्षेत्र था।यहां कृषि लायक भूमि बहुत कम थी। बिहार की भाषा जहां आर्यन थी तो झारखंड की भाषा द्रविड़ और ऑस्ट्रेलॉयड्स थी। जहां बिहार में 1 प्रतिशत आदिवासी जनजाति का निवास था वही झारखंड में 26 परसेंट आदिवासी निवास करते थे। यहां 32 प्रकार की जनजातियां रहती थी।यहां की बोली,भाषा, खान पान,पहनावा,पर्व त्यौहार बिहार से पूरी तरह से भिन्न थी।

जब अंग्रेजों ने 1793 ई में स्थायी बंदोबस्त कानून लाया और 1859 में बिक्री और किराया कानून बनाया इन दोनों ही कानून के कारण झारखंड की आदिवासियों की जमीन बाहरियों को हस्तांतरित की जाने लगी। उसके बाद जब अंग्रेजों ने भारतीय वन अधिनियम कानून बनाया इसके तहत झारखंड के आदिवासियों को वनोत्पाद लेने से रोका गया जो उनका आमदनी एवं जीविकोपार्जन का जरिया था। झारखंड खनिज पदार्थों से परिपूर्ण एक राज्य था। जिसके कारण यहां कल कारखाने लगाये जाने लगे और यहां के मूलवासियों को जमीन और घर छोड़ना पड़ा ,उन्हें विस्थापित होना पड़ा,उन्हें उचित मुआवजा नहीं दी गई। यहाँ बाहरियों का आगमन शुरू हो गया। इनके बीच आपसी टकराव भी होने लगा। अतः इन सभी कारणों को लेकर सबसे पहले 1920 में जयपाल सिंह मुंडा ने पहली बार अधिकारिक रूप से झारखंड अलग राज्य की मांग रखी थी।लेकिन अंग्रेजों ने उसे खारिज कर दिया। कहा जाता है कि जयपाल सिंह मुंडा अलग राज्य के मुद्दे को लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस से भी मिले थे और अलग राज्य बनाने की मांग रखी थी। लेकिन तब नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कमजोर न पड़ जाये इस खातिर उसे रोकने को कहा था। जब देश आजाद हुआ और जयपाल सिंह मुंडा की पार्टी ने विधानसभा में अच्छा परफॉर्म किया तब उन्होंने राज्य पुनर्गठन आयोग के सामने एक अलग राज्य बनाने की मांग को रखी लेकिन तत्कालीन सरकार ने इसे बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया। झारखंड अलग राज्य की मांग की लड़ाई वर्षों तक चलती रही। जब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड के करोड़ों लोगों के सपने को साकार करने के लिए उनकी मांग को पूरा किया। 15 नवंबर 2000 को झारखंड एक अलग राज्य के रूप में देश के मानचित्र में 28 वां राज्य बना।

> झारखंड का पहला बजट 5516.33 था। आज उससे बढ़कर 100101 करोड़ हो गया। इसमें 22 साल में बजट का आकार 20 गुणा बढ़ा । तीन मार्च 2001 को झारखंड को मृगेंद्र प्रताप सिंह ने झारखंड का पहला बजट पेश किया था। इस बजट में उन्होंने सभी क्षेत्रों को समाहित करने की कोशिश की थी। राज्य के मुखिया बाबुलाल मरांडी थे उन्होंने कम संसाधनों के बावजूद भी विकास का काम किया।

**झारखंड में बजट का आकार बढ़ा**

झारखंड में पिछले 22 सालों में बजट का आकार 20 गुणा बढ़ गया, लेकिन उस अनुपात में ना तो लोगों की आमदनी बढ़ी और ना ही रोजगार बढ़े।आज भी राज्य में सबसे ज्यादा गरीब परिवार हैं। राज्य की एक चौथाई से अधिक आबादी अब भी निरक्षर है। झारखंड का पहला बजट 5516.33 था। आज उससे बढ़कर 100101 करोड़ हो गया।यानी कि 22 साल में बजट का आकार 20 गुणा बढ़ा ।तीन मार्च 2001 को झारखंड को मृगेंद्र प्रताप सिंह ने झारखंड का पहला बजट पेश किया था। इस बजट में उन्होंने सभी क्षेत्रों को समाहित करने की कोशिश की थी। राज्य के मुखिया बाबुलाल मरांडी थे उन्होंने कम संसाधनों के बावजूद भी विकास का काम किया। उन्होंने भ्रस्टाचार पर नियंत्रण रखा।

भाजपा की रघुवर जी की सरकार एकमात्र ऐसी सरकार रही जो अपने कार्यकाल को पूरा किया और रघुवर जी की सरकार में भी झारखंड में विकास नजर आया। उनके कार्यकाल में झारखंड का अपना विधानसभा भवन बना, जो 19 साल से किराये के भवन में सदन संचालित हो रही थी। अभी भी सबसे ज्यादा गरीबी है

झारखंड में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या देश में सबसे अधिक है । झारखंड के 37 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं। 2004-05 में झारखंड में 45.3 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर कर रहे थे। वहीं साल 2009-10 में राज्य में बीपीएल परिवारों की संख्या 39.1 प्रतिशत थी झारखंड अलग होने के समय राज्य की लगभग आधी आबादी गरीबी रेखा के नीचे थी। झारखंड की आर्थिक स्थिति ऐसी है कि राज्य का हर व्यक्ति 26 हजार से अधिक का कर्जदार है।प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय से झारखंड में प्रति व्यक्ति आय काफी कम है। राज्य के 37 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करते हैं। वहीं 27 प्रतिशत आबादी अनपढ़ है। मतलब सूबे में बेरोजगारी दर में इजाफा देखने को मिला है, आंकड़ा 17.13 फीसदी पर पहुंच गया है। इस मामले में झारखंड देशभर में तीसरे स्थान पर है यानी देश में तीसरी सबसे बड़ी बेरोजगारों की फौज झारखंड में ही है। श्रम, नियोजन और प्रशिक्षण विभाग ने भी इसे स्वीकार किया है। इससे पहले सीएमआईई के दिसंबर 2021 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में बेरोजगारी दर 17.3 फीसदी थी। वहीं कृषि क्षेत्र में 26.04 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि दर दर्ज की गई है।जानकारी हो कि छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर 1.2 फीसदी है।वहीं, बिहार में दर 14 फीसदी है।

साल 2018 में बेरोजगारी दर 12 प्रतिशत थी। 2019 के अंत में झारखंड में 100 योग्य युवाओं में से मात्र 7.6 युवा ही बेरोजगार थे। यानी बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत थी। कोरोना के कारण नवंबर 2020 से अक्टूबर 2022 के बीच बेरोजगारी दर 18.1 प्रतिशत हो गई। पिछले कुछ सालों में रोजगार बढ़ने के बजाय घटा है।

**22 सालों में झारखंड में साक्षरता**

बिहार से अलग होने के समय राज्य की आधी आबादी निरक्षर थी। 2001 में झारखंड के 53.56 प्रतिशत लोग साक्षर थे। दस साल बाद 2011 में यह प्रतिशत बढ़कर 66.41 हो गया। 2018 में यह आंकड़ा 73.20 प्रतिशत तक पहुंचा। मतलब अब भी राज्य में 27 प्रतिशत लोग निरक्षर हैं। 22 सालों में मात्र 20 प्रतिशत आबादी साक्षर हो पाई।

## खास बात

# इतिहास का लेखन कैसे करें

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

असम के महान सेनापति लाचित बरफुकन की 400 वीं जयंति पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारतीय इतिहास को फिर से लिखा जाना चाहिए। यही बात कुछ दिनों पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कही थी। यह ठीक है कि प्रत्येक इतिहासकार इतिहास की घटनाओं को अपने चश्मे से ही देखता है। इस कारण उसके अपने रुझान, पूर्वाग्रह और विश्लेषण-प्रक्रिया का असर उसके निष्कर्षों पर अवश्य पड़ता है। इसीलिए हम देखते हैं कि एक इतिहासकार अकबर को महान बादशाह बताता है तो दूसरा उसकी ज्यादतियों को रेखांकित करता है।

एक लेखक इंदिरा गांधी को भारत के प्रधानमंत्रियों में सर्वश्रेष्ठ बताता है तो दूसरा उन्हें सबसे अधिक निरंकुश शासक सिद्ध करता है। इस तरह के दोनों पक्षों में कुछ न कुछ सच्चाई और कुछ न कुछ अतिरंजना जरुर होती है। यह पाठक पर निर्भर करता है कि वह उन विवरणों से क्या निष्कर्ष निकालता है।

भारत में इतिहास-लेखन पर सोवियत संघ, माओवादी चीन और कास्त्रो के क्यूबा की तरह कभी कोई प्रतिबंध नहीं रहा।

यह ठीक है कि मुगल काल और अंग्रेजों के राज में जो इतिहास-लेखन हुआ है, वह ज्यादातर एकपक्षीय हुआ है लेकिन अब बिल्कुल निष्पक्ष लेखन की पूरी छूट है। हमारे इतिहासकार यदि यह बताएं कि विदेशी हमलावर भारत में क्यों सफल हुए और इस सफलता के बावजूद भारत को वे तुर्की, ईरान व अफगानिस्तान की तरह पूरी तरह क्यों नहीं निगल पाए तो उनका बड़ा योगदान माना जाएगा।

यदि सरकारी संस्थाएं इतिहास को अपने ढंग से लिखने का अभियान चला रही हैं तो कई गैर सरकारी संगठन भी इस दिशा में सक्रिय हो गए हैं। इन दोनों अभियानों का ध्यान भारतीय इतिहास के उन नायकों पर भी जाए, जो लाचित बरफुकन की तरह उपेक्षित रहे हैं तो भारतीय जनता के मनोबल में अपूर्व वृद्धि होगी। जैसे मानगढ़ के भील योद्धा गोविंद गुरु बेंगलुरु के नादप्रभु केंपेगौडा, आंध्र के अल्लूरी सीताराम राजू, बहराइच के

# मेघनाथ का क्रोध

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**अहिरावण** की वध के बाद रावण ने मेघनाथ से बातचीत की।मेघनाथ ने कहा पिताजी निश्चिंत रहिये मैं युद्ध जीतूंगा और युद्धभूमि में जा रहा हूं। मेघनाथ ने सोचा कि दुश्मन जरूर शक्तिशाली होगा। कुम्भकर्ण का वध हो गया। अहिरावण अनेक सिद्धियों को जानने वाला था उसका वध हो गया। अतः मुझे अब विशेष तैयारी करनी चाहिए। ऐसा सोचकर वह दुर्गा की सिद्धि के लिये यज्ञ करने लगा। वह एक एकांत स्थान पर गया जहां वह यज्ञ करता था। जिसकी आहुति में मांस और रुधिर दिया जाता था एवं अपरा जगत की सिद्धियों को सिद्ध किया जाता था एवं अपरा जगत की सिद्धियों को सिद्ध किया जाता था वह उन सिद्धियों में लग गया। यह खबर विभीषण जी ने राम को दे दी। उन्होंने कहा प्रभु मेघनाथ बलवान है और अनेक सिद्धियोंका जानकार है। अगर वहजो वर्तमान में यज्ञ कर रहा है उसको करने में सफल हो गया तो उसका मारना अत्यंत कठिन हो जाएगा।

इसके लिये एक ही उपाय है कि जैसे भी हो इस यज्ञ को विध्वंस कर दिया जाए। इतनासुनते ही हनुमान जी वानर भालू के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंच गये। उन लोगों ने उसके यज्ञ की आग बुझा दी और उसके घड़ों को फोड़ दिया। उसे गलत संवोधन करने लगे। फिर भी वह अपनी जगह से हिला नहीं। वह नहीं चाहता था कि उसका यज्ञ विध्वंस हो। तब उनलोगों ने उसका केश पकड़कर खींचा और पैर से ठोकर मारी तो मेघनाथ क्रोधितहो उठा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**किस** अवैद्य कार्य से कितना काला धन आ रहा है ये जानकारी राज्य के हेमंत जी के सरकार को जरूर है । लेकिन शिक्षा, रोजगार , विकास क्षेत्र में क्या हो रहा है इसका कोई डाटा नहीं । इस लेन देन की सरकार को जनता से कोई लेना देना नहीं है।

**– निशीकांत, दूबे सांसद**

## रोचक ट्वीट

**रांची** व टाटानगर से दक्षिण भारत के लिए अधिकाधिक ट्रेनें हों,रांची-लोहरदगा-टोरी लाइन से लम्बी दूरी की अधिकाधिक ट्रेनों का परिचालन हो, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के समक्ष कई प्रस्ताव रखे गए हैं।उम्मीद है कुछ अच्छा होगा।

**–महेश पोद्दार, सांसद**





मोहब्बत करने वाले किसी से नहीं डरते, और जो डरते हैं वो मोहब्बत नहीं करते।

**–राहुल गांधी**

# गांधी के बगैर आजादी का अमृत उत्सव

## सामयिक

**श्याम शरण**

हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। मार्च 2022 से शुरू होने वाले वर्ष के दौरान नियोजित विभिन्न गतिविधियों के जरिये समाविष्ट किए जाने वाले विभिन्न विषयों पर एक नजर डालते हुए मैंने स्वतंत्रता संग्राम की इस थीम के अंतर्गत नियोजित स्मरणोत्सव की गतिविधियों को खंगाला। इसमें महात्मा गांधी द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई गई भूमिका का कोई उल्लेख नहीं था और न ही जवाहरलाल नेहरू तथा कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण नेताओं का। यह उन गुमनाम नायकों की गाथाओं को जीवंत करना चाहता है, जिनके बलिदानों ने हमारे लिए आजादी को हकीकत बनाया है। यह निरपवाद है, लेकिन जिन 'गुमनाम नायकों' का उल्लेख किया गया है, वे हैं जनजातीय नेता बिरसा मुंडा और सुभाष चंद्र बोस। क्या महात्मा गांधी द्वारा निभाई गई भूमिका की अनदेखी करना वास्तव में संभव है, भले ही नेहरू अब उपहास के पात्र बन गए हों? यदि हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में विशेष उपलब्धियों का स्मरणोत्सव मनाना उद्देश्य है, तो क्या यह संभव है कि महात्मा गांधी की ऊंची शख्सियत, सत्याग्रह और अहिंसा के उनके विचारों की शक्ति तथा एक स्वतंत्र भारत का ख्याल, जिसे उन्होंने देश को विरासत में दिया था, हमारी यादों में कमतर दिया जाए? यह सच है कि आजादी के बाद के वर्षों में गांधी के निदेर्शों का कभी-कभार ही पालन किया गया। उन्होंने राष्ट्र के सामने जो आदर्श स्थापित किए, उन्हें सत्ता और विशेषाधिकार के अधिक निंदक कार्यों से ढक दिया गया। लेकिन उन्होंने एक पथ-प्रदर्शक के रूप में समाज और राज्य व्यवस्था के रूप में हमारी विफलताओं के निरंतर अनुस्मारक के रूप में सेवा करना जारी रखा। उनके नाम के आह्वान में भारत के लाखों लोगों को प्रेरित करने की शक्ति बनी हुई है, क्योंकि इन 75 वर्षों के दौरान उन लाखों लोगों ने उन्हें अपने में से एक; विनम्रता की, करुणा की और सबसे अधिक ईमानदारी की मूर्त के रूप में पहचाना है।

वह एक नेता थे क्योंकि उन्होंने ऐसे विचार व्यक्त किए, जिन्होंने अपने लोगों की कल्पना को समझा। अधिकांश नेताओं में यह गुण होता है। अंतर इस बात में होता है कि क्या वे हमारे हृदय की सर्वोत्तम चीज या इसके विपरीत हमारे भीतर की सबसे संकीर्ण और पूर्वग्रह से जुड़ी चीज को आकर्षित करते हैं। गांधी भारत की अविश्वसनीय रूप से विविध भीड़ के बीच छिपे राक्षसों, नफरत फैलाने के जरिये भड़काए जा सकने वाली आग के संबंध में अत्यधिक जागरूक थे। विशिष्टता के वे संकेतक विभाजन के उपकरण बन सकते हैं। यही कारण है कि वह हिंदू-मुस्लिम एकता, भारत की सबसे निचली, सबसे उत्पीड़ित जातियों और समुदायों की मुक्तितथा आर्थिक विकास के अधिक समावेशी और समतावादी स्वरूप को अपनाने के लिए इतने भावुक थे। वह एक धर्मनिष्ठ हिंदू थे, लेकिन उनका दृढ़ विश्वास था कि हिंदू-मुस्लिम द्विभाजन के आधार पर व्यापक हिंदू एकता का निर्माण नहीं किया जा सकता है। आज हमें अपने देश में मुसलमान की जो निरंतर विषमता दिखती है, वह उनके लिए नैतिक अभिशाप हो गई होती। यह एक ऐसी राजनीति का भी प्रतिनिधित्व करती, जो उनके प्यारे देश के लिए नुकसान और दुर्भाग्य ही ला सकती थी। वह भारत के विभाजन का विरोध कर रहे थे, जिसे उन्होंने भारत के 'जीवच्छेदन' के रूप में, एक प्राणघाती घाव के रूप में देखा था, जो आने वाले वर्षों तक कटुता उत्पन्न करता। और ऐसा ही हुआ है।

सर्वोदय फाउंडेशन, जो राजदूत एलन नेजरेथ की एक पहल है, महात्मा गांधी के विचारों को भारत और विदेशों में प्रसारित करने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण

## कॉर्टून वर्ल्ड


कोरोना काल में छिजता बचपन

## लेटर टू एडिटर

### नकरात्मक सोच

**जेइइ** ओर नीट को लेकर दुनिया भर की निगाहें, प्रतिक्रियाएं और अपने दावे हैं। कुछ का कहना है कि कोरोना वायरस के इस दौर में जहां सारे स्कूल-कॉलेज व गतिविधियां सरकारी आदेश के कारण बंद हैं. वहीं, देश के बड़े हिस्से में बाढ़-बारिश का कहर है। ऐसे में इन परीक्षाओं का आयोजन कराना गलत होगा। लेकिन नकरात्मक लोगों को कौन समझायें। **–प्रकाश सिंह, रांची**

### सही सूचना दे सरकार

**सरकार** अभी तक एक नकली आशावादी स्थिति की धारणा बनाने की कोशिश कर रही थी जो कि अब धीरे धीरे टूट कर गिर रही है। उन्होंने डीडब्ल्यू से बातचीत में कहा कि सबसे पहली बात तो यह है कि भारत इस वक्त बहुत ही गहरी आर्थिक मंदी की चपेट में है यह बताये सरकार। केन्द्र और राज्य के एक दूसरे के दोषारोपण से आमलोगों की समस्या हल नहीं हो सकती है। **–सुनील, हजारीबाग**

# आप मानसिक अवसाद से निकलना भी जानें

## स्वास्थ्य

**सुधांशु कुमार**

**क्या** आप पिछले कुछ समय से ऐसे किन्हीं कारणों से डिप्रेशन में हैं, जिनका आप को कुछ पता ही नहीं है? क्या आप का कोई प्रियजन डिप्रेशन में है और आप उसकी कोई मदद नहीं कर पा रहे?

मैं ये जो कुछ कह रहा हूं वह इसलिये नहीं है कि मुझे आप के बारे में कोई चिंता नहीं है या मैं संवेदनहीन हूं लेकिन इसलिये कि आपको जो हो रहा है, उसका स्वभाव, उसकी प्रकृति यही है। अगर आप खुद को डिप्रेशन की स्थिति में ला रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आप पर्याप्त मात्रा में तीव्र भावनायें और विचार अपने मन में पैदाकर रहे हैं, लेकिन गलत दिशा में। अगर किसी विशेष बात के लिये आप की भावनायें बहुत प्रबल नहीं हैं या आप के विचार अत्यन्त तीव्र नहीं हैं तो आप का मन निराशनहीं हो सकता, आप डिप्रेशन में नहीं हो सकते। बात बस ये है कि आपऐसे विचार और भावनायें पैदा कर रहे हैं जो आप के खिलाफ काम कर रही है, आप के लिये नहीं। तो अपने आपको डिप्रेशन की स्थिति में लाने के लिए आप पर्याप्त रूप से समर्थ हैं। ज्यादातर डिप्रेशन खुद अपने ही बनाये हुए होते हैं। बहुत कम ही लोग वास्तव मेंकिसीरोग के कारण डिप्रेशन में होते हैं। वे कुछ नहीं कर सकते, उनका डिप्रेशन अंदर से, किसी आनुवांशिक कमजोरी या ऐसे ही किसी अन्य कारण से होता है। बाकी लगभग सभी लोगों को पागल किया जा सकता है क्योंकि स्थिर मानसिकता और पागलपन की सीमारेखा में अंतर बहुत ही पतला, महीन होती है।

लोग इसे लगातार धक्का मारते रहते हैं, इसे पार करने में लगे रहते हैं। जब आप गुस्सा होते हैं तब आप इस बीच के अंतर को कम करदेतेहैं। वास्तव में आप जानते भी हैं कि आप इस रेखा को पार कर रहे हैं, अंतर को कम कर रहे हैं। इसीलिये कई बार लोग ऐसा कहते हैं, मैं आज उस पर (गुस्से से) पागल हो गया था। कृपया देखिये, आप किसी पर पागल नहीं होते, आप बस पागलपन की ओर जा रहे होते हैं। आप 'किसी पर पागल' नहीं हो सकते। आप बस स्थिर मानसिकता की सीमारेखा को कुछ समय के लिये लांघते हैं, पागलपन की अवस्था तक पहुँचते हैं और फिर वापस आ जाते हैं।

आप इसे रोज क्यों नहीं आजमाते? हर दिन 10 मिनट, किसी पर जबरदस्त, तीव्र गुस्सा करके देखें! आप देखेंगे कि 3 महीनों में आप, डिप्रेशन के रोगी हो जायेंगे। हां, क्यों नहीं? अगर आप चाहते हैं तो ऐसा कीजिये, कोशिश कीजिये! क्योंकि अगर आप उस सीमा रेखा को पार करते रहेंगे, अगर आप रोज पागलपन करते रहेंगे तो एक दिन आप बिलकुल वापस नहीं आ पायेंगे। तब आप को चिकित्सकीय रूप से बीमार घोषित कर दिया जायेगा। आप को यह समझना चाहिये कि अगर एक पलके लिये भी आप बीमार होते हैं तो आप बीमार ही हैं। शायद आप को ऐसी कोई मेडिकल रिपोर्ट न दी गई हो कि आप बीमार हैं पर आप उसी अवस्था की ओर जा रहे हैं, है कि नहीं? आप को क्या लगता है, आपको इस तरह आक्रोश प्रकट करने का अधिकार है? आप को क्या लोगों पर इस तरह गुस्सा होने का अधिकार है? आप को क्या ऐसा लगता है कि डिप्रेशन में होना किसी खास तरह का अधिकार है, जिससे लोगों का ध्यान आप की तरफ रहेगा? अगर आप ऐसा ही करते रहे तो एक दिन ऐसा आयेगा कि आप वापस नहीं आ सकेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# करोड़ों की लागत से बना उरगी मॉडल विद्यालय हुआ खस्ताहाल

## व्यवस्था का अभाव, कैसे भविष्य गढ़ें नौनिहाल, दो शिक्षकों के सहारे चल रहा है विद्यालय, शुद्ध जल और शौचालय की नहीं है व्यवस्था




उरगी मॉडल विद्यालय व टूटा-फूटा टॉयलेट।

**शैलेन्द्र पाठक**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बच्चों को मॉडल शिक्षा मिले इसे लेकर भेलवारा पंचायत अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के निकट उरगी में मॉडल विद्यालय का निर्माण किया गया था। लेकिन विष्णुगढ़ का मॉडल विद्यालय मॉडल नाम के सिवा कभी मॉडल नहीं बन पाया। इस विद्यालय में न तो बच्चे हैं और न ही शिक्षक। केंद्र सरकार द्वारा संचालित मॉडल विद्यालय में सुविधाओं का घोर अभाव है। विद्यालय में महज 40 से 45 बच्चे जमीन पर बैठकर धूप में दो शिक्षकों के साथ अध्ययन करते मिले। मॉडल विद्यालय में वर्ग छह से लेकर 12वीं तक के विद्याथीर्यों को अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने व स्मार्ट बनाने को लेकर स्थापित किया गया था। बच्चों की कम उपस्थिति के सवाल पर यहां के प्रधानाचार्य नित्यानंद मेहता ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक की कमी है। विद्यालय में लगभग 135 बच्चे नामांकित है। जबकि उपस्थिति महज 70 बच्चों की है।प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी से 11वीं और 12वीं के बच्चे विद्यालय में नामांकन करवा कहीं और पढ़ाई कर रहे हैं। मॉडल विद्यालय में कुल 5 शिक्षक होने की बात बताई गई जिसमें दो शिक्षक रेगुलर है व तीन शिक्षक सप्ताह में तीन दिन किसी अन्य विद्यालय से आ कर क्लास लेते है।

**करोड़ों की लागत से बना है विद्यालय :** इस मॉडल विद्यालय के निर्माण में करोड़ों रुपए की लागत लगी है। लेकिन व्यवस्था के नाम पर कुछ भी ठीक नहीं। न शुद्ध जल की व्यवस्था है न तो बच्चों के लिए शौचालय। विद्यालय में न पंखे हैं और न ही बिजली। शौचालय है भी तो पैन नहीं, बेसिन कई टुकड़ों में बिखरे हुए थे। विद्यालयी कागजात के रखरखाव के लिए दिए गए अलमीरा व बक्सा भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त देखने को मिले।

## स्पीड न्यूज

### गिफ्ट प्रतिष्ठान का किया उद्घाटन

**दारू।** दारू पंचायत के माँ दुर्गा कॉम्प्लेक्स में के एल के गिफ्ट वर्ल्ड एंड सी एस पी प्रतिष्ठान का किया गया उद्घाटन। जिला परिषद सदस्या गीता देवी तथा प्रतिष्ठान के मालिक विजय भूषण सिन्हा और आशा सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया उद्घाटन । मुख्य अतिथि गीता देवी को बुके देकर किया गया सम्मानित । प्रतिष्ठान के मालिक जितेंद्र भूषण ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में उत्तम किस्म के गिफ्ट आइटम तथा उचित मूल्य के सामानों को रखा गया है । इस मौके पर मुख्यरूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण , प्रकाश सिन्हा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

**चरही।** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह चौधरी ने बताया कि अनसुंधान के क्रम में गुप्त जानकारी मिली कि रामगढ़ के बड़की कुंदरू निवासी नजरुल अंसारी पिता अबास अंसारी,साजिद अंसारी पिता वाहिद अंसारी और जाफीर अंसारी तीनों चरही हाट आते हैं ।तीनों ने भीड़-भाड़ के फायदे को उठाते हुए बाइक को चोरी कर भाग निकलते हैं ।चरही पुलिस बाइक चोर नजरुल अंसारी के घर पहुंचकर धर दबोचा ।कड़ाई से पूछताछ करने के बाद चरही से चोरी किये गए चार बाइक को बरामद कर लिया गया ।वहीं अन्य दो लोग फरार हो गए ।पकड़े गए एक चोर और चारों बाइकों को चरही थाना लाया गया बताया गया कि उपरोक्त नामजद चोरों ने रामगढ़,रांची, हजारीबाग सहित कई जगहों से इस तरह के अंजाम को दे चुके हैं। नजरुल को पुलिस ने कोविड जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।दो अन्य की तलाश जारी है।

### टीबी के मरीजों को बांटे पोषण किट

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने सोमवार को टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच दूसरे चरण का पोषण किट वितरित किया। इससे पहले इनके बीच पहले चरण में 22 सितम्बर को पोषण किट बांटा गया था। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस इस किट में आहार सामग्रियों जैसे - हॉर्लिक्स, च्यवनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसों तेल आदि शामिल थे। ये सभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि हजारीबाग के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आरके जायसवाल ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास को बेहद सराहनीय बताया।

### तोपा अर्जुन होटल आवास में चोरी

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत तोपा पुराना कांटा घर के निकट अर्जुन होटल के पीछे होटल संचालक के आवास का ताला तोड़कर बीती रात चोरों ने मोटर पंप की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार होटल संचालक अर्जुन चार दिनों पूर्व आवश्यक काम से अपने घर बंगाल गया था। होटल व आवास बंद होने की भनक लगते हीं बीती रात चोरों ने आवास के तीन कमरे में लगे सभी तीन ताला को तोड़कर पूरे सामानों को तीतर बीतर कर दिया। बाद में चोरों ने पानी सप्लाई के लिए लगे मोटल पंप को खोलकर ले गए।

### तलाक के बाद पत्नी ने लगायी न्याय की गुहार

**भदानीनगर (रामगढ़)।** पांच साल से लगातार मारपीट और उसके बाद पति द्वारा तलाक देकर बेसहारा छोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत पीड़िता गेगदा निवासी नैमुन खातुन ने बासल थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा है कि वर्ष 2018 में चिकोर निवासी आलम अंसारी के साथ मेरी निकाह हुई थी। उम्र का ज्यादा फासला होने के बावजूद गरीबी का फायदा उठा मुझसे निकाह कर लिया। आवेदन में पीड़िमा नैमुन खातुन ने बासल पुलिस से मानसिक व शारीरिक शोषण कर छोड़ देने वाले पति आलम अंसारी व मारपीट करने वाले सभी लोगों पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आगाज

## विद्यालयी बच्चे दिखायेंगे अपनी प्रतिभा का जौहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**हजारीबाग।** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा सोमवार को जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन कर्जन ग्राउंड स्टेडियम एवं संत कोलंबस कॉलेज न्यू स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण, जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता, शिक्षोपाधीक्षक नंद कुमार शर्मा व एडीपीओ सुनीला लकड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार तिवारी ने किया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा स्कूली बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद और रचनात्मक अवसर प्रदान करने और बच्चों के अंदर छिपी नैसर्गिक प्रतिभा को उभारने के लिए खेलो झारखंड का आयोजन किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों को उनके उम्र के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने को आवश्यक बताया। इसी माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। कक्षा छह से आठ तक के सभी बच्चों के लिए एथलेटिक्स के साथ कराटे, हॉकी, फुटबॉल एवं कुश्ती जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस पूरे आयोजन में 1500 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 30 नवंबर को विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, शिक्षक समुदाय, बीपीओ, बीपीएम, बीआरपी, सीआरपी और शारीरिक शिक्षकगण की भूमिका अहम रही। खेलो झारखंड प्रतियोगिता 29 एवं 30 नवंबर तक आयोजित है।

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का युवा जदयू ने किया जोरदार स्वागत

**गिद्दी।** युवा जदयू जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नव निर्वाचित झारखंड प्रदेश जदयू अध्यक्ष खीरू महतो का बुके देकर जोरदार स्वागत किया । इस दौरान युवा जदयू के जिलाध्यक्ष प्रदीप रजक ने प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के मनोनीत होने पर स्वागत करते हुए कहा कि श्री महतो के अध्यक्ष निर्वाचित होने से पूरे झारखंड प्रदेश में संगठन का विकास होगा और पार्टी मजबूत होगी। जिसका लाभ पार्टी को आनेवाले चुनावों में होगा। कहा कि राज्य के विभिन्न जिला के कार्यकर्ता खीरू महतो के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे हैं।

### संगठन को मजबूत करने का संकल्प

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोक जनशक्ति पार्टी का 23वां स्थापना दिवस सोमवार को जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता के आवासीय कार्यालय में धूमधाम व उत्सव पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित लोजपा व दलित सेना के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान ने अपने संघर्षों के बदौलत लोजपा को देश में एक नई पहचान दी। उनके द्वारा किये गये विकास कार्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम कार्यकताओं को संकल्पित होना होगा। उन्होंने कहा कि लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ कंधा से कंधा मिलाकर पार्टी को और बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए तन-मन से कार्य करना होगा। इस दौरान संगठन को मजबुत बनाने के लिए सामुहिक रूप से संकल्प लिया गया। साथ ही पार्टी की मजबुती पर बल दिय गया।

# भुरकुंडा की बेटी तमन्ना वर्मा दिखा रही हैं तीरंदाजी में अपना जलवा

## यूपी के मथुरा में चल रहा है तृतीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हेमा मालिनी के साथ तमन्ना वर्मा।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल की बेटी तमन्ना वर्मा तीरंदाजी में बेहतर प्रदर्शन कर अपना जलवा बिखेर रही है। यूपी के मथुरा में आयोजित तृतीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी 2022 के प्रतियोगिता में तमन्ना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व कोयलांचल का मना बढ़ाया है। भाजपा सांसद सह सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी ने तमन्ना को पुरस्कृत कर उसकी खूब प्रशंसा करते हुए कहा है कि वर्तमान समय में किसी भी क्षेत्र में लड़कियां लड़कों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चियां खेलों में अपना कैरियर तो बना ही रही हैं देश का भी नाम रोशन करने में जुटी है। उन्होंने तमन्ना के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि लपंगा कॉलोनी निवासी शेखर कुमार वर्मा व रूबी वर्मा की 13 वर्षीय पुत्री तमन्ना बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली में पिछले दो वर्षों से प्रशिक्षण ले रही थी। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से सैंकड़ो प्रतिभागी शामिल हुए हैं। अकादमी ने तमन्न सहित कई प्रतिभागियों को राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतियोगिता में शामिल कराया है। पहले दिन के ही खेल में तमन्ना ने अपने बेहतर प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन करते हुए सबों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ठ किया है। जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता के तहत नेशनल वुमेंस रैंकिंग होगी। पांच राउंड के बाद प्वाइंट कांउट कर 32 प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा। चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय ओलंपिक तीरंदाजी में अपना जौहर दिखायेंगे। तमन्ना के बेहतर प्रदर्शन पर परिजनो से कोयलांचलवासियों में हर्ष का माहौल है। तमन्ना वर्मा ने बताया कि देश के लिए तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीतने का सपना संजोए हुई हूं। कठिन परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर परिश्रम करूंगी, मुझे पूरा उम्मीद है कि मैं देश के लिए सोना जरूर लाउंगी। इधर तमन्ना के इस सपने को पूरा करने में माता-पिता के साथ उनके परिजन भी तमन्ना का पूरा साथ दे रहे हैं।

# भाषण प्रतियोगिता व क्विज का आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** चितरपुर महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता व क्विज का आयोजन शैक्षणिक कार्यक्रम समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया उसके बाद प्राचार्या डॉ. संज्ञा ने उपस्थित सभी लोगों को प्रस्तावना का पाठ करते हुए शपथ दिलाया। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. संज्ञा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय प्रशंसनीय कदम है। लोकतंत्र में संविधान के महत्ता और सर्वोच्चता हम नागरिकों को समझना और एक दूसरे समझाना जरूरी है। तब हम भारत के लोकतंत्र को और मजबूत बना सकते हैं। कार्यक्रम की नेतृत्व कर रहे उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश के संविधान के बारे में नागरिकों में जागरूकता फैलाने और संवैधानिक मूल्यों का प्रचार करने के लिए 26 नवंबर 2015 को पहली बार संविधान दिवस मनाने का फैसला किया गया था।

## आजसू पार्टी ने लचर विद्युत व्यवस्था में सुधार को ले सहायक अभियंता भुरकुंडा को सौंपा ज्ञापन, कहा

# 15 दिनों में सुधार नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ज्ञापन सौंपते आजसू के लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था के खिलाफ एवं विभिन्न मांगों को लेकर आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी ने सोमवार को सहायक अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भुरकुंडा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र में अविलंब बिजली कटौती बंद कर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल की मांग की गई है।

सौंपे गए ज्ञापन में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने, बिना कवरिंग वाले तारों के नीचे गार्डवायर लगाने, जर्जर हो चुके तारों एवं पोल को बदलने, प्रतिमाह रीडिंग लेने की मांगे शामिल है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि तीन-चार महीनों में बिल उपलब्ध कराया जाता है जिससे लोगों की आर्थिक व्यवस्था असंतुलित हो जाती है। साथ ही खराब बिजली आपूर्ति के कारण क्षेत्र की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चौबीस घंटे में मात्र दस से बारह घंटे हीं बिजली ग्रामीणों को मिल रही है जिससे खेती, शिक्षा, उद्योग, व्यापार एवं विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है की बिजली आमजनता की मूलभूत सुविधा है। 15 दिनों के अंदर सभी मांगों पर साकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो क्रमवार आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में आजसू पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड कोषाध्यक्ष ब्यास पांडेय, जिला संगठन सचिव शशि पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष गुलाबचंद्र मिश्रा, जिला सह सचिव रामशरण गिरी, महिला मोर्चा सचिव पुष्पा बाखला, कला संसति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत महतो, छात्र संघ सचिव इमरोज खान, छात्र संघ कोषाध्यक्ष दिलीप महतो, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय, पटेलनगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राज नायक, प्रखंड सह सचिव जितेंद्र चौरसिया, मनीष सिंह, फुलहरी देवी, गुड़िया देवी, सुरु कुमार, बंटी राम, सागर लाल, शुभम कुमार लाल, राजन कुमार, बबलू कुमार, बीरेंद्र कुमार आदि शामिल थें।

## एक नजर में

### ग्रेड चार में प्रोन्नति को लेकर संघ ने उपायुक्त से लगायी गुहार

**पांच वर्षो से प्राथमिक शिक्षकों को नहीं मिली है प्रोन्नति**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मो अतीकुज्जमा ने ग्रेड चार में प्रोन्नति को लेकर उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्थापना समिति से गुहार लगाई है।

उन्होंने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के पत्र का हवाला देते हुए कहा है कि प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए जिला शिक्षा स्थापना समिति सक्षम प्राधिकार है। उपायुक्त को लिखे पत्र में उन्होंने जिक्र किया है कि प्रति वर्ष प्राथमिक शिक्षकों की वरीयता सूची का प्रकाशन करते हुए वांछित अहर्ता पूरा करने वाले शिक्षकों को पद उपलब्धता की तिथि से वैचारिक रूप से प्रोन्नति दी जानी चाहिए। ऐसा ही प्राथमिक शिक्षकों के लिए प्रोन्नति नियमावली 1993 में भी उल्लेख है। साथ ही नियमावली के अनुसार प्रोन्नति हेतु वरीयता सूची का निर्माण एवं प्रकाशन प्रति वर्ष किया जाना भी जरूरी है। 2017 के बाद ग्रेड चार में प्रोन्नति नहीं दी गई है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कई शिक्षक प्रोन्नति की आस में सेवानिवृत्त हो गए तो कई की मृत्यु भी हो गई।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की शिल्पी रानी ने कांस्य पदक जीता



शिल्पी रानी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** 33 वां राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेलकूद समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,हजारीबाग की बहन शिल्पी रानी ने बाल वर्ग में के अंतर्गत4.100 रिले रेस में पूरे राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। शिल्पी रानी के पिताजी हजारीबाग निवासी पवन कुमार सोनी एक व्यवसाई है एवं उनकी माता निरमा देवी हैं' गौरतलब है कि राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अलवर ,राजस्थान में संपन्न हुआ। बहन शिल्पी के राष्ट्रीय एथेलेटिक खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन से विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव, अजय कुमार तिवारी एवं अन्य अधिकारी गण, हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख, ओम प्रकाश सिन्हा, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अधिकारीगण,विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र एवं समस्त आचार्य बंधु -भगिनी ने बहन शिल्पी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। शिल्पी के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

### नव झारखंड फाउंडेशन की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** नव झारखण्ड फॉउंडेशन के तत्वधान में मुम्बई के भायंदर जिला में संगठन का विस्तार किया गया। जिसमे मुम्बई में रह रहे झारखंडवासी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव झारखंड फॉउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने की। नेतृत्व अमर सिंह ने किया। बैठक में संचालन सुमन रजक, विकास साव, तुलसी साव, एंव सुजीत गुप्ता ने किया। किशोरी राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार प्रवासी मजदूरों पर ध्यान नहीं दे रही है झारखंड के लोग दूसरे राज्यों की ओर काम करने के लिए पलायन कर रहे हैं जबकि यहां खनिज संपदा से भरी पूरी धरती है। गांव गांव में लोग भ्रष्टाचार से जूझ रहे हैं ऐसे में नव झारखंड फाउंडेशन लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। संस्था के महामंत्री अमर सिंह ने कहा कि बहुत ही मजबूती ढंग से संस्था अपनी शाखा का विस्तार कर रही है और कड़ी से कड़ी जोड़ कर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य कर रही है।

सुखदेव यादव ने पलायन मजदूरों की होने वाले कठनाई एंव परेशानियों पर जिक्र किया। बैठक में तिलेश्वर यादव राजेश कुमार सिंह विकास साव , नरेश यादव, सुनील साव , त्रिलोकी यादव, अभय नारायण,तिवारी, राशिद खान, अनिल पासवान, अशोक सिंह, बबिता साह, संजय यादव, सुजीत कुमार, नरेश रजक, राहुल सिंह, संदीप कुमार, सुमन रजक आदि लोग उपस्थित थे।

### गरीब कन्या के विवाह में आर्थिक सहयोग

**दारू।** दारू प्रखंड के जिला परिषद सदस्या गीता देवी ने इरगा पंचायत के ग्राम खैरिका में एक गरीब परिवार के कन्या रानी कुमारी पिता स्वर्गिय सुधीर साव के विवाह में आर्थिक सहयोग कर उनके परिवार की मदद की । गीता देवी के पति समाजसेवी सोनू साव ने कहा कि किसी भी गरीब की बेटी हमारी बेटी जैसी है हमे उनके शादी में आर्थिक सहयोग करने का अवसर प्राप्त होता है ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है । मैं हमेशा प्रयास करूंगा कि ऐसे परिवार की मदद करता रहूं। रानी कुमारी की मां ने बताया कि मेरे तीन बच्चे है जिसमे बड़ी बेटी रानी है तथा दो छोटे छोटे बेटे है । इनके पिता की आकस्मिक मृत्यु होने के कारण इनका भरण पोषण बहुत ही मुश्किल से कर पा रहे है। अब बेटी का विवाह भी करना है जिसमे पैसे की बहुत ही कमी हो रही है । समाज के लोगो के द्वारा सहयोग प्राप्त हो रहा है तथा उन्होंने गीता देवी का तहे दिल से धन्यवाद तथा आशीर्वाद दिया।

### मक्का मदीना उमरा के लिए दर्जनों लोग हुए रवाना

**कुजू।** क्षेत्र के तोपा व दर्रिया से सोमवार को दर्जनों लोग उमरा के लिए मक्का मदीना रवाना हुए। मिली जानकारी के अनुसार तोपा बस्ती निवासी मौलवी जहीरूद्दीन, उनकी पत्नी कलीमुन निशा,हुआग दर्रिया निवासी गयासुद्दीन मियां, उनकी पत्नी समेत कई अन्य लोग मक्का मदीना के लिए रवाना हुए।

स्पीड न्यूज

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**डुमरी।** आरसी माध्यमिक विद्यालय चिरैया डुमरी में सोमवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद मरियानुस तिग्गा के द्वारा फीता काटकर किया गया। वही अतिथियों को विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से समानित किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथि के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

## 13 गोवंशीय पशुओं को चैनपुर पुलिस ने बचाया

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मड़ईकोना के पास से पुलिस ने तस्करी के लिए जा रहे 13 गोवंशीय पशु को जब्त किया। जिसे गरीब किसानों के बीच सोमवार को वितरित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने रविवार की देर रात दल बल के साथ कुरूमगढ़ रोड के मड़ईकोना गांव के पास छापामारी कर तस्करी के लिए जा रहे 13 पशुओं को जब्त किया। वही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गये। पुलिस ने सभी 13 पशुओं को जब्त कर थाना ले आयी। गौरतलब है कि पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जा रही है। बावजूद क्षेत्र में पशु तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध पशु तस्करी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पशु तस्करी के खिलाफ लगातार छापामारी की जा रही है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया गया धरना

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल किसान मंच व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के तत्वावधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कचहरी परिसर में एकदिवसीय चेतावनी स्वरूप धरना दिया गया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व किसान नेता आदित्य सिंह ने की। लघु सिंचाई विभाग गुमला द्वारा प्राक्कलन व नियम को ताक पर रखकर बिशुनपुर प्रखंड के भैयाबांध व गुमला के खरका एवं असनी में तालाब निर्माण की जांचोरांत कार्रवाई की मांग को लेकर आयोजित धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग– गुमला जिले में किसानों के हित के नाम पर खुलेआम लूट खसोट कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । झारखंड आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा ने भ्रष्टाचार को हर हाल पर रोकने की मांग सरकार से की है।

## स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के कटकाया के समीप अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घटना के बाद स्कार्पियो चालक वाहन लेकर भाग निकला। घटना में रायडीह पाकरटोली निवासी 35 वर्षीय अजय मिंज व 25 वर्षीय रोहित टोप्पो को चोट लगी है। घायलों को राहगीरों की मदद से रायडीह अस्पताल भेजा गया। रायडीह अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## कुंए में गिरकर एक बच्ची की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के चपका मकरा मोड़ के समीप रविवार की देर शाम कुआं में गिर कर एक नाबालिक बच्ची की मौत हो गई। वही सोमवार की सुबह परिजनों ने उक्त नाबालिक बच्ची के शव को लेकर घाघरा थाना पहुंचे। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाबत मृतक के मामा जितेंद्र उरांव ने बताया कि घर के सभी लोग खेत और खलिहान में काम करने के लिए गए थे। उक्त बच्ची राविवार शाम 4:00 बजे खलिहान से घर के लिए लौटी थी। देर शाम जब हम सभी परिजन घर पहुंचे तो देखा कि बच्ची घर पर नहीं थी।

# खेल में हार मिले तो उसे शालीनता से करें स्वीकार: उपायुक्त

### अव्यवस्था के बीच हुआ दो दिवसीय खेलो झारखंड कार्यक्रम का आयोजन




कार्यक्रम को संबोधित करते उपायुक्त व कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं बच्चियां।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सर्व शिक्षा अभियान के द्वारा खेलो झारखंड 2022-23 के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगा खड़िया स्टेडियम में सोमवार भारी अव्यवस्था के बीच किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने आये हजारों खिलाडियों के लिए न तो पानी की व्यवस्था की गई थी और न ही बाथरूम की। छात्राओं को प्रतियोगिता के दौरान सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आये खिलाड़ियों के अंगुलियों का नाखुन बड़ा हुआ था। जिसे जांच के क्रम में रेफरी के द्वारा ऐसे खिलाड़ियों को बाहर निकाल दिया। खिलाड़ी अपने को बाहर होते देख दांतों से फाटाफट नाखुन काटना आरंभ कर दिये। जबकि इतना बड़ा आयोजन में एक नेल कटर भी बच्चों को नाखुन काटने के लिए नहीं दिया गया। वहीं प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त सुशांत गौरव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उप विकास आयुक्त हेमंत सती द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर चयनित बच्चों ने भाग लिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को इंस्पायर करें। अपने प्रदर्शन से खेल नगरी गुमला का गौरव बढ़ायें। श्री गौरव ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में भाग केवल जीतने के उद्देश्य से लिया जाता है परंतु यदि हार का सामना करना पड़े तो भी उसे शालीनता से स्वीकार करने वाले खिलाड़ी ही भविष्य में मुकाम हासिल करते है। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में जूनियर 6 से 8 कक्षा तक के बच्चे तथा सीनियर वर्ग में 9 से 12 कक्षा तक के बच्चों ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग के खेल में 100 मी, 200 मी, 400 मी, 600 मी रेस, 4.100 रिले रेस, लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, कराटे, कबड्डी, हॉकी और फुटबॉल, कुश्ती, तीरंदाजी आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 1350 बच्चों ने भाग लिया है। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, डीडीसी हेमंत सती, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र पांडेय, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

## लायंस क्लब के दो दिवसीय शिविर में 14 लोगों का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। शिविर में 27 लोगों ने अपना नामांकन कराया। जिसमें 13 लोगों का बीपी शुगर अधिक होने के कारण ऑपरेशन नहीं किया जा सका। बाकि बचे 14 लोगों का लेंस प्रत्यारोपण कर सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया इस। मरीजों का ऑपरेशन डॉक्टर नवल, सहायक नेत्र चिकित्सा सदानंद महतो ने किया । इस अवसर पर मंगल जी, संजय जी, संदीप जी, लायंस क्लब के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, पीआरओ मुरली मनोहर प्रसाद मौजूद थे।

# मृतकों के पार्थिव शरीर को अस्पताल में रखने के लिए कक्ष की मांग

### अंजुमन के कार्यवाहक सदर ने सिविज सर्जन को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला के कार्यवाहक अध्यक्ष इरसाद खान ने सिविल सर्जन गुमला को ज्ञापन सौंपकर सदर अस्पताल में मृत हुए लोगों के पार्थिव शरीर रखने के लिए एक कक्ष का निर्धारण करने की मांग की। इरशाद खान ने कहा कि दुर्घटना में मृत व्यक्ति का शव सदर अस्पताल गुमला में जब लाया जाता है तब ऐसे शव को रखने के लिए कोई विशेष कमरा नहीं है। यदि किसी शव को रात में लाया जाता है तो पोस्टमार्टम के लिये रखा जाता है तो उसे महिला एवम पुरुष वार्ड के बीच रखा जाता है। जिससे मरीजो एवम उनके परिजनों को परेशानी होती है। दुर्घटना ग्रस्त मृत शव को पोस्टमार्टम के इंतेजार में शौचालय के बगल में रख दिया जाता है। जो संवेदन हीनता है और इलाजरत मरीजों के मनोदशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस सम्बंध में दुर्घटना ग्रस्त मृत शव को रखे के लिये अलग से कक्ष बनाए जाने की मांग की गई है। इस मांग के समर्थन में योग परिवार गुमला के सचिव संजय कुमार शाह, लायन्स क्लब गुमला के सचिव अशोक जायसवाल, सेव योर लाइफ संस्था के सचिव सन्तोष कुमार झा ने भी अपना समर्थन दिया।



सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपते इरशाद खान।

## मुखिया ने विभिन्न विभागों के कर्मियों के साथ की बैठक

**घाघरा।** चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया विनीता कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत कर्मी, स्कूल के प्रधानाध्यापक, राशन डीलर, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, वार्ड सदस्य, प्रधान, जेएसएलपीएस, ग्राम संगठन का समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक की कार्यवाही में राजकीय उत्क्रमित विद्यालय ईचा के शिक्षक ने बताया कि बच्चों को बैठने में काफी दिक्कत होती है। दो वर्ष पूर्व 02 कमरा बन रहा था, जो अधूरा बनके रह गया है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय महू गांव में चापाकल खराब की बात आयी। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुरजू में पेयजल की समस्या, वहीं स्कूलों में आधार अपडेट नहीं रहने के कारण बच्चों का खाता नहीं खोला जा सका है।

## शिक्षा प्रमुख ने डुमरी सशिमं स्कूल का किया भ्रमण



विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ शिक्षा प्रमुख।

**डुमरी (गुमला)।** सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में सोमवार को अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के शिक्षा प्रमुख पी.वी. राधाकृष्णन एवं प्रांतीय शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे ने भ्रमण किया। जहां विद्यालय का निरीक्षण करते हुए श्री राधाकृष्णन ने विद्यालय प्रबंध समिति के साथ एक बैठक में शामिल हुए। जिसमें विद्यालय अंतर्गत पठन पाठन, शिशु विकास, विद्यालय विकास आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही वनवासी कल्याण आश्रम के उद्देश्य एवं लक्ष्य पर भी चर्चा की गई।

## विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** संविधान सप्ताह के तहत सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा बाल सुधार गृह व मंडल कारा गुमला में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में अतिथि के रुप में एडीजे वन श्री दुर्गेश चंद्र अवस्थी उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यक्रम में संविधान के प्रस्तावना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की तथा संविधान के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि संविधान हमें समानता तथा पूर्ण स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। हमें हमारा संविधान एक लंबे संघर्ष तथा अनगिनत बलिदानों के बाद मिला है।




शिविर को संबोधित करते एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी।

# जनता को खाद्य सुरक्षा अधिनियम का लाभ दिलायें जनप्रतिनिधि : हिमांशु शेखर

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने जिले के मुखियाओ के साथ किया संवाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि जनप्रतिनिधिगण अपनी जनता को खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत दिये गये अधिकारों को अपनी जनता तक पहुंचाएं, उन्हें उनका हक दिलाएं। अगर राशन कार्डधारी को कम अनाज मिल रहा है, मध्याह्न भोजन में मेनू के अनुसार बच्चों को भोजन नहीं मिल रहा है या आंगनवाड़ी केंद्र में पोषाहार समुचित नहीं मिल रहा हो तथा इस अधिनियम अंतर्गत आनेवाले किसी भी सेवा में कोई कमी हो रही है तो इसके खिलाफ आवाज उठाएं । उक्त बातें राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने सोमवार को नया नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम मुखियाजनों के साथ संवाद व जनसुनवाई में बतौर मुख्य अतिथि कही। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के आधार पर जो मेनू बना है उसका पालन के लिए आप जनप्रतिनिधियो को निगरानी करनी है। निगरानी में शिकायत पर सुधार नही होता है तो लिखित शिकायत साक्ष्य सहित दें ।

जन प्रतिनिधि रखें जानकारी : राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि जन प्रतिनिधि अपने क्षेत्र में मिलनेवाले अधिकारों की जानकारी अवश्य रखें। कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोये इसके लिए प्रत्येक पंचायत के पास आकस्मिक निधि के रूप में 10 हजार रूपए की राशि उपलब्ध रहती है, उसका इस्तेमाल करें।यदि राशि समाप्त होती है तो पुनः राशि दी जाती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत राशनकार्ड धारियों की संख्या सीमित है, राज्य स्तर पर अभी राशन कार्ड बनाये जा रहे हैं। कोई भी राशन डीलर अपने कार्डधारी को नेटवर्क या सर्वर का बहाना बनाकर अनाज देने से मना नहीं कर सकता, इसके लिए उसके पास एक पंजी होती है। वह उसमें नाम अंकित कर राशन दे सकता है। इसी प्रकार पंचायत निगरानी समिति होती है जिसके पदेन अध्यक्ष मुखिया होते हैं। वन नेशन वन कार्ड की जानकारी अवश्य रखें ताकि कोई भी कार्डधारी विशेष परिस्थिति में किसी अन्य राज्य में जाकर या किसी भी राशन डीलर से राशन का उठाव करना चाहता है तो कर सके। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं ऑनलाईन रखी गई हैं। तो ऐसी ही कई तरह की जानकारी आप सभी को रखना है ताकि आप अपनी जनता को न्याय दिला सकें।वैसे मुखिया जो लोहरदगा जिला में अपने क्षेत्र की जनता को लाभ दिलाने में बेहतर कार्य करेंगे। वैसे सर्वश्रेष्ठ तीन मुखिया को राज्य खाद्य आयोग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।कार्यक्रम को राज्य खाद्य आयोग की सदस्य शबनम परवीन द्वारा भी संबोधित किया गया।कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।मौके परजिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम,जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास ने अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओ और कार्य की जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्याएं रखी गईं।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



मुखियाओं को संबोधित करते आयोग के अध्यक्ष।

एक नजर में

## बालू की किल्लत से प्रधानमंत्री आवास व अन्य विकास कार्य प्रभावित

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के लोग इन दिनों बालू की किल्लत से काफी परेशान हैं। बालू नहीं मिलने से जगह-जगह सड़क, नाला, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर निर्माण का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा पिछले दो वर्षो से बालू के उठाव पर रोक लगी है। इसके चलते बालू की खरीद-बिक्री नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से जिले सहित भंडरा के अधिकतर इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पंचायत के कई विकास योजना के निर्माण सहित अन्य विकास योजनाओं के निर्माण कार्य में सरकारी अधिकारी बार-बार लाभुकों को तेजी लाने का निर्देश देते हैं। लेकिन बालू की कमी से कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लाभुकों को आवास व पंचायत द्वारा नाली,पीसीसी बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। इस कारण लाभुकों की योजना निमार्णाधीन स्थिति में है। बालू की कमी से ग्रामीण इलाकों के लोग भी परेशान हैं। कई लाभुकों का कहना है कि योजना निर्माण कैसे होगा जब बालू नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद पदाधिकारियों का ध्यान नहीं है। यहां तक कि क्षेत्र के लोग घरेलू निर्माण के लिए बालू की व्यवस्था कर किसी तरह ट्रैक्टर से मंगाने की बात करते हैं तो ट्रैक्टर मालिक प्रशासनिक अधिकारियों के डर से नहीं लाते। उनके अंदर डर होता है कि कहीं उनके ट्रैक्टर को प्रशासन जब्त न कर ले। पहले बालू घाट चालू थी तो पीएम आवास के लाभुकों को सस्ते दर पर बालू उपलब्ध हो जाता था। इस कारण बालू के लिए उन्हें न अधिक परेशानी होती थी और न ही अधिक रुपये की खर्च होते थे। लेकिन अब यहां के लोकल घाट बन्द हो जाने से परेशानी बढ़ गई है।

## मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के साइट में गड़बड़ी से परेशान हैं किसान

**कैरो।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए नजदीकी प्रज्ञा केंद्रों में सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लग रही है, किन्तु साइट में ओटीपी नही गिरना, डिभाइस का काम नही करना, कागजात अपलोड नही होने जैसे दर्जनों परेशानी के कारण जहाँ एक तरफ केंद्र संचालकों को दिन भर इसके पीछे लगना पड़ रहा है वहीं दूसरी तरफ किसान भी अहले सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार में काम धाम छोड़ कर इसके पीछे परेशान हैं। झारखंड सरकार द्वारा 30 नवम्बर तक का अंतिम तिथि निर्धारित करने के कारण किसानों में ज्यादा मारा मारी की स्थिति बनी हुई है। प्रज्ञा केंद्र में अपनी बारी का छ घण्टे से इंतजार कर रहे किसान विनायक दुबे, मुन्नी उरांव, सुनीता उरांव, मंगरी उरांव, संजय उरांव, बुलु महतो सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि मात्र दो दिन का समय है और इस तरह से काम नही होने से ऐसा लगता है कि सरकार को लाभ देने का मन ही नही है, अगर इतना कम समय मे पंजीकरण करवाना था तो साइट को सही बनाना चाहिए या ऑफलाइन ही काम करवाना था, ऐसे में तो किसानों के साथ काफी परेशानी हो जाएगी। मामले को लेकर कोई भी अधिकारी कुछ भी स्पष्ट बता पाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं, बस प्रज्ञा केंद्र संचालक परेशान हैं।

## भंडरा मुख्य पथ पर एक सप्ताह से बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

**भंडरा।** मेन रोड भंडरा का ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से जला हुआ है। जिसके कारण बिजली उपभोक्ताओं को कई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर जले रहने के कारण एटीएम सहित कई आवश्यक सेवा प्रभावित हो रहा है। भंडरा में तीन एटीएम है। एक्सिस बैंक का एटीएम का सेवा रोजाना ग्राहकों को मिलता है। अन्य दो एटीएम केवल कार्य दिवस के दिन ही खुला रहता है। परंतु बिजली ट्रांसफार्मर जले रहने के कारण एक्सिस बैंक के एटीएम भी एक सप्ताह से बंद है। जिसके कारण ग्राहकों को नगदी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही पोस्ट ऑफिस, बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक, गैस एजेंसी ,दवाखाना सहित कई आवश्यक सेवाओं पर बिजली आपूर्ति का प्रभाव पड़ रहा है। एक सप्ताह से बिजली उपभोक्ता परेशानी का सामना कर रहे हैं। बिजली विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं की परेशानी पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । जबकि ग्राहकों का कहना है कि भंडरा के इस ट्रांसफार्मर से सबसे अधिक राजस्व बिजली विभाग को मिलता है फिर भी बिजली विभाग के द्वारा आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की जा रही है। बिजली बिभाग के प्रति ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है ।

## बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं का काटा गया कनेक्शन

**भंडरा।** भंडरा में 20हजार से ऊपर बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा काटा गया। बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा भंडरा के ऐसे 8 उपभोक्ता जिनका बिजली बिल 20हजार से लेकर 80 हजार तक है। वैसे उपभोक्ताओं का बिजली बिल काटते हुए हिदायत दी गई कि बकाया बिजली बिल का भुगतान शीघ्र करें। बकाया बिजली बिल का भुगतान शीघ्र नहीं करने पर विभाग के द्वारा ऐसे उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बिजली कर्मी प्रकाश प्रजापति, संदीप महतो, सुचिंद्र प्रजापति, जामवंत प्रजापति, संजय प्रजापति, सायो उराव, रोहित भगत सहित अन्य बिजली कर्मी थे।

## ऑटो सहित चालक गिरा कुंए में, चालक की हुई मौत

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने तिलसिरी ग्राम के कुंए से टेम्पो और चालक का शव रविवार की रात बरामद किया है। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान गेरेटोली निवासी सुखदेव उरांव के रूप में किया जो टेंपो का मालिक है और खुद से वह टेम्पो भी चलाता था। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर शाम सुखदेव उरांव टेम्पो गाड़ी बुकिंग से घर लौटा था और अपने मित्र को तिलसिरी गांव छोड़ने के लिए गया था। वहीं रविवार की देर शाम पटवन करने के लिए गांव के लोग उक्त कुआं में मशीन लगाने के लिए गए थे तो देखा कि एक टेंपो गिरा पड़ा है। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। जहां पुलिस घटनास्थल पहुंच तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार की देर रात 10:00 बजे टेंपो को बाहर निकाला है। जहां सुखदेव टेंपो में ड्राइवर सीट पर था और उसकी मृत्यु हो चुकी थी। वहीं पुलिस शव को कब्जे में कर थाना ले आई। प्रथम दृष्टया ग्रामीणों के अनुसार कुआं उक्त सड़क के किनारे हैं अनुमान लगाया जा रहा है कि अनियंत्रित होकर टेंपो कुआं में जा गिरा होगा। जिससे चालक की मौत हो गयी।

## गुमला प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने निकाली भारत जोड़ो पदयात्रा

**गुमला।** गुमला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा शहरी क्षेत्र में सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा के तहत पदयात्रा निकाला गया। पदयात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम सरवर अंसारी ने की। पदयात्रा चंदाली से आरंभ हुई जो शहर के विभिन्न मार्गो में घूमी। पदयात्रा के दौरान थाना चौक स्थित स्व. रामस्वरूप साहु का प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद मेन रोड होते हुए जशपुर रोड से अलर्बट एक्का स्टेडियम पदयात्रा पहुंचा। जहां कांग्रेसियों ने परमवीर अलर्बट एक्का, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसी दौरान नफरत मिटाओं भारत जोड़ो का जोरदार नारा लगाया गया। पदयात्रा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रोशन बरवा, संयोजक चैतु उरांव, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार, अकील रहमान, महासचिव राम निवास प्रसाद, मुरली मनोहर प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष अमृता भगत, मो. मुख्तार आलम, खालिद शाह,योगेंद्र भगत सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 11 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया संबंध इकाई मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन अफ झारखंड के तत्वावधान में 11 दिसंबर, रविवार को प्रातः 6 बजे से जमशेदपुर स्थित जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में एक दिवसीय, राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 -23 के सफल आयोजन को लेकर आज दिनांक -28 नवंबर 2022 की संध्या 5:00 बजे से जमशेदपुर के टेल्को रिग्रेशन क्लब प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मास्टर एथलीटों की उपस्थिति में मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन अफ झारखंड के चेयरमैन एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट गुरदेव सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक प्रतियोगिता की सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गयी।

मौके पर उपस्थित आयोजन की सफलता को लेकर एवं तैयारियों के बाबत एसोसिएशन के महासचिव सह अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट संजीव कुमार तोमर ने बैठक को तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अहम प्रतियोगिता में आज तक झारखंड राज्य की 12 जिलों के प्रतिभागियों के आने की सूचना प्राप्त है एवं अन्य जिलों से भी आवेदन आने का सिलसिला जारी हैं। इस प्रतियोगिता को लेकर राज्य के मास्टर पुरुष और महिला खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जहां पुरुष वर्ग में कुल 5 आयु वर्ग जिसमें-पहला 30 से 34 वर्ष, दूसरा- 35 से 44 वर्ष, तीसरा- 45 से 54 वर्ष, चौथा- 55 से 64 वर्ष और पांचवां- 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग है, वहीं महिलाओं में 4 आयु वर्ग हैं- जिसमें पहला- 30 से 34 वर्ष, दूसरा- 35 से 44 वर्ष, तीसरा- 45 से 54 वर्ष और चौथा- 55 से अधिक वर्ग निर्धारित किए गए हैं। पुरुषों के सभी आयु वर्ग के लिए 100 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर की दौड़, 3 किमी पैदल चाल, मैदानी स्पर्धाओं में- लंबी कूद, ट्रिपल जंप, शट पुट थ्रो, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो कि स्पर्धा है। वहीं महिलाओं के सभी चारों आयु वर्गों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर की दौड़, 1 किलोमीटर पैदल चाल, मैदानी स्पर्धाओं में- लंबी कूद , शटपुट, डिस्कस और जैवलीन थ्रो की स्पर्धा सुनिश्चित की गई है। आयु वर्ग निर्धारण के लिए कट अफ डेट 14 फरवरी 2023 रखा गया है। इसमें पुरुष वर्ग और महिला वर्ग में कुल 78 इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं




जानकारी देते हुए आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों की टीम।

**कार्यक्रम की खास बातें :** विजयी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के दौरान स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही प्रदर्शन के आधार पर झारखंड राज्य मास्टर एथलीटों की टीम बनाई जाएगी जो आगामी फरवरी माह में 'माफी' द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2023- 24 में राज्य का प्रतिभागी के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। महासचिव ने आगे जानकारी देते हुए बताया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रंगारंग उद्घाटन के साथ ही प्रारंभ होगा। जिसमें वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मास्टर अथिलीट पुरुष और महिलाओं के द्वारा मशाल दौड़ के रूप में प्रारंभ किए जाएंगे। मेजबान शहर को कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट ओ को देखने का मौका मिलेगा। अब तक सर्वाधिक प्रविष्टियां कोल्हान के तीनो जिला से प्राप्त हुई हैं। पुरुष प्रतिभागियों से ज्यादा उत्साह महिला प्रतिभागियों में देखा जा रहा है। बीते वर्ष के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति और बेहतर आयोजन को लेकर आशान्वित है। आयोजन की तकनीकी सफलता के लिए 60 तकनीकी अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। इसके अलावा 30 पूर्व एथलीटों का सहयोग लिया जा रहा है। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक प्रतिभागियों के आने की सूचनाएं मिल रही हैं। प्रतियोगिता में निबंधन एवं विशेष जानकारी के लिए एसोसिएशन द्वारा विशेष रूप से मोबाइल नंबर 92342 75251 और 9110 9431 52 से संपर्क किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण बैठक का संचालन एसोसिएशन के अधिकारी मुकेश कुमार सिंह ने किया, एसोसिएशन के चेयरमैन गुरदेव सिंह ने सभी का स्वागत किया, कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी महासचिव संजीव कुमार तोमर ने दिया, धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वीरधन मरांडी ने दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञान सिंह, वीर धन मरांडी, मुकेश कुमार, मानिक लाल चटर्जी, एल एम महंता, साबू जोसेफ, राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में दीपक कुमार , नितिन कुमार, कमलेश कुमार, श्रवण कुमार, विजय कुमार, सतविंदर सिंह एसोसिएशन के अधिकारी के रूप में एसके शर्मा, सुबोल चटर्जी, आर एल दास शामिल होकर सफल बनाया।

स्पीड न्यूज

## टेल्को कोऑपरेटिव का चुनाव लड़ेंगे अनूप सिंह



**जमशेदपुर।** टेल्को कोअपरेटिव चुनाव आगमी दिसंबर में होनेवाला है इस चुनाव में टाटा मोटर्स कर्मचारी और प्रबंधन दोनों वोट देते हैं। इस बार चुनाव में नये-नये लोग अपना भाग्य आजमाना चाह रहे हैं जिसमें भाजपा नेता अनूप सिंह ने चुनाव में लड़ने जाने का मन बना लिया है। इस बार के चुनाव में 10 सीट है जिसमें 5 सीट महिलाओं के लिए आरक्षण दिया गया है 5 सीट के लिए बहुत से प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाना चाह रहे हैं।

## एमवे का आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन लांच

**जमशेदपुर।** एमवे इंडिया ने इस सिद्धांत के अनुरूप कि त्वचा को स्वस्थ रहने के लिए शरीर की तरह ही पोषक तत्वों की जरूरत होती है, भारत में आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन लाइन के साथ स्किन न्यूट्रिशन में प्रवेश करके अपने प्रीमियम स्किन केयर ब्रांड आर्टिस्ट्री को स्पष्ट रूप से स्वस्थ सौंदर्य ब्रांड में बदलने की घोषणा की। लन्च के पहले चरण में कंपनी ने रिन्यूइंग और फर्मिंग सल्यूशन सेट की एंटी-एजिंग रेंज पेश की। नई रेंज विज्ञान और प्रति की शक्ति को मिला कर त्वचा को पोषण प्रदान करने को स्किन केयर से शाकाहारी स्किन केयर लाइन हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे शुद्ध, सुरक्षित और प्रभावी हैं।

## जलेस की भव्य काव्य गोष्ठी आयोजित



**जमशेदपुर।** जनवादी लेखक संघ, सिंहभूम के तत्वावधान में भोजपुरी भवन, गोलमुरी में 25 नवंबर की संध्या भव्य काव्य गोष्ठी की गयी। इसके अध्यक्ष मंडल में अशोक शुभदर्शी, अरविंद विद्रोही और ज्योत्सना अस्थाना शामिल थे। गोष्ठी के मुख्य अतिथि रायबरेली, उत्तर प्रदेश से पधारे श्री जय चक्रवर्ती थे। इस गोष्ठी में समाज की विसंगतियों, मंहगाई, बेरोजगारी और किसान, मजदूर की दयनीय स्थिति पर कवियों ने मारक काव्य पाठ किया। गोष्ठी में शैलेंद्र अस्थाना, राजदेव सिन्हा, हरिहर राय चौहान, विनोद बेगाना, विमल किशोर विमल, बलविंदर सिंह, अजय प्रजापति, शिवनंदन सिंह, तापस चटराज, देवाशीष मुखर्जी ने काव्य पाठ किया। गोष्ठी का संचालन अजय प्रजापति ने किया और धन्यवाद ज्ञापन तापस चटराज ने।

## करांडीह ग्राम संगठन ने मनाया स्थापना दिवस

**पोटका।** करनडीह स्थित दुखू टोला में सहयोगी ग्रुप मिलकर करनडीह ग्राम संगठन ने धूमधाम से दूसरा स्थापना दिवस सोमवार को मनाया। मौके पर मुख्य अतिथि जमशेदपुर मुखिया संघ के महासचिव कान्हू मुर्मू एवं विशिष्ट अतिथि ब्रांच मैनेजर बिरेन गोप, सत्यनाथ टुडू उपस्थित हुए। दोनो अतिथियों ने ग्राम संगठन के कार्यों की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं समाज के विकास को ज्यादा गति दे सकती है। दो साल में मिले लाभ एवं अनुभव को भी साझा किया गया। सक्रिय सदस्य को अतिथि ने सम्मानित भी किया। जिसमें कौशल्या टुडू, संगीता हेंब्रम, पानो मरदी, छिता टुडू, काजोल गोप, अंबिका गोप, पुतुल महाकुड एवं तेजस्विनी परियोजना के भी प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## परसूडीह गैंग रेप के चार आरोपी दोषी करार

**जमशेदपुर।** जिले के परसुडीह थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को शादी करने का झांसा देकर परसुडीह के हलुदबनी चौक पर बुलाने और दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में एडीजे चार राजेंद्र कुमार की अदालत ने सोमवार को चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोषी आरोपियों में परसुडीह इलाके का करने वाला लालटू भूमिज, सरोज कर्मकार उर्फ सूरज कर्मकार उर्फ अर्जुन, सूरज पात्रो और सत्यनारायण पात्रो उर्फ फेंटा शामिल है। मामले का एक अन्य आरोपी रासल कुजूर को कोर्ट ने बरी कर दिया है। इस मामले में कोर्ट सजा के बिंदु पर 30 नवंबर को सुनवायी करेगी। मामले में कोर्ट में कुल 5 लोगों की गवाही हुई है। आरोपी अर्जुन ने युवती को मोबाइल पर फोन किया था।

### टाटा मोटर्स ने 2021-22 में 6012 यूनिट रक्तदान कर बनाया रिकॉर्ड

# डॉक्टर्स, नर्स और पुलिस की तरह रक्तदाता भी कोरोना योद्धा : रवींद्र

■ वार्षिक रक्तदान सम्मान समारोह में 75 वीं बार रक्तदान करने वाले अरविंद समेत कई सम्मानित

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड, जमशेदपुर के कर्मचारियों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 6012 यूनिट रक्तदान कर झारखंड समेत पूरे देश में कंपनी की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाने का काम किया है। यह रक्तदान कर्मचारियों ने प्लांट के भीतर स्थित ब्लड डोनेशन सेंटर में समय-समय पर आयोजित रक्तदान शिविर के जरिए किया। कर्मचारियों ने जो रक्तदान किया है वह वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है। आज टाटा मोटर्स प्रबंधन की ओर से टेल्को क्लब में आयोजित वार्षिक रक्तदाता सम्मान समारोह में यह जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि 2021-22 में 50 ऐसे कर्मचारी चिन्हित किए गय जिन्होंने 50 बार रक्तदान किया है जबकि 25 बार रक्तदान करने वालों की संख्या 102 रही। पंद्रह बार रक्तदान कर चुके कर्मचारियों की संख्या 120 रही। जमशेदपुर में कुल 41 रक्तदाता ऐसे हैं जिन्होंने 100 बार रक्तदान किया है। इन शतकबीर रक्तदाताओं में 19 अकेले टाटा मोटर्स जमशेदपुर के कर्मचारी रक्तदाता हैं। यानी शतकवीर रक्तदाताओं में टाटा मोटर्स की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है। समारोह में 75 बार रक्तदान करने वाले जनरल ट्रांसपोर्ट के कर्मचारी अरविंद कुमार को प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने पुरस्कृत किया जबकि जमशेदपुर ब्लड बैंक की ओर से झारखंड में सर्वाधिक रक्तदान के लिए टाटा मोटर्स को सम्मानित किया गया। यह सम्मान जमशेदपुर ब्लड बैंक की सचिव श्रीमती नलिनी राममूर्ति से कंपनी की तरफ से प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने ग्रहण किया।

आज सोमवार की शाम टाटा मोटर्स क्लब में वार्षिक रक्तदान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड के नए प्लांट है रविंद्र कुलकर्णी ने कर्मचारियों की रक्तदान के प्रति दीवानगी की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स के देश- विदेश में जो भी प्लांट हैं उनमें सबसे ज्यादा रक्तदान जमशेदपुर प्लांट के कर्मचारी करते हैं जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। श्री कुलकर्णी ने कहा कि मैंने अगस्त 2022 से जमशेदपुर प्लांट में योगदान किया है और मुझे जब कंपनी के भीतर रक्तदान शिविरों में जाने का अवसर मिला तो कर्मचारियों के बीच रक्तदान को लेकर जो उत्साह मैंने अपनी आंखों से देखा वह विरले ही देखने को मिलता है।




जमशेदपुर ब्लड बैंक की सचिव श्रीमती नलिनी राममूर्ति से टाटा मोटर्स के लिए सम्मान ग्रहण करते प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी।

**टाटा मोटर्स 21 दिसंबर को करायेगी 2000 यूनिट रक्तदान : आरके सिंह**

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनियन के महासचिव आरके सिंह ने कहा कि रक्तदान में टाटा मोटर्स लिमिटेड जमशेदपुर को जो गौरव हासिल है वह गौरव प्लांट के कर्मचारियों का समाज के प्रति कमिटमेंट का प्रमाण है। हमारे साथी ही जानते हैं कि ब्लड फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता इंसानों के रक्तदान से ही गंभीर रूप से बीमार रोगियों को रक्त उपलब्ध हो सकता है। कोविड-19 में जान हथेली पर रखकर कंपनी के कर्मचारियों ने रक्तदान और एसडीपी दान करके दर्जनों कोरोनावायरस जान बचाने का काम किया। टाटा मोटर्स यूनियन कंपनी से अलग भी रक्तदान शिविर का आयोजन करती है। यूनियन के सालाना रक्तदान शिविर में पिछ्ले वर्ष हम लोगों ने 1562 यूनिट रक्तदान किया जो एक रिकार्ड है।

एक नजर में

## जमशेदपुर : हिल व्यू स्कूल की छठी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लू हाउस चैंपियन



**जमशेदपुर।** गत 27 नवंबर को टेल्को स्थित हिल व्यू स्कूल का छठा वार्षिक खेलकूद प्रयोजन संपन्न हुआस जिस के मुख्य अतिथि समाजसेवी मिथिलेश यादव थे जबकि विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद परितोष सिंह थे। सम्मानित अतिथि हाजी जमील हैदर थे। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त रुप से मिथिलेश यादव, परितोष सिंह, हाजी जमील हैदर ने बैलून उड़ा कर किया। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में हिल्स व्यू स्कूल का ब्लू हाउस ओवरऑल चैम्पियन रहा। रेड हाउस रनर रहा, जबकि येलो हाउस को अनुशासन के क्षेत्र में पुरस्त किया गया। खेलकूद के साथ-साथ विद्यालय के बच्चों ने ताइक्वांडो के माध्यम से बालिकाओं के स्वयं रक्षार्थ तकनीक का बेहतर प्रदर्शन किया गया सविद्यालय के छात्र छात्राओं ने योगा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसे काफी सराहा गया। मुख्य रूप से खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन में हिल व्यू स्कूल के सचिव शाह आलम खान, कोषाध्यक्ष अशरफ सिद्दीकी, प्राचार्य श्रीमती लीना दास और सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में टेल्को वेलफेयर सोसाइटी के सचिव रियाजुद्दीन खान, टेल्को उर्दू मध्य विद्यालय के सचिव एहसान अहमद शिरा जी, उत्तरी घोराबांधा पंचायत समिति की सरपंच श्रीमती राबिया खान, समाजसेवी ड यूके सिंह, डॉक्टर मतीन अहमद खान, मुजफ्फर उल हक उर्फ हीरा, इसरार खान, अमीन खान, सोहेल खान, समी उल्लाह अंसारी, शाहिद परवेज, आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

## भुइयांडीह भागवत कथा का पांचवां दिन : गोपियों संग नटखट बाल लीला की कथा सुन झूमे श्रद्धालु



**जमशेदपुर।** भुइयांडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कलोनी में श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा में पांचवें दिन सोमवार को वृदांवन से पधारे श्रीहरि जी महाराज ने व्यासपीठ से ष्ण भगवान की बाल लील, माखन चोरी, गोपीयों सांग नटखट लीला, गोवर्धन पर्वत को धारण करना, इंद्रा का मन मर्दन की कथा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। श्रीष्ण बाल लीला की कथा सुनकर श्रद्धालु भगवान कृष्ण की जयजयकार कर भाव विभोर होकर झूम उठे। कथा के दौरान बीच-बीच में श्रद्धालुओं द्वारा नृत्य कर भक्तिभाव प्रकट किया गया। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए महाराज ने भगवान ष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ष्ण बचपन में नटखट थे। भगवान बोले जिसके यहां माखन की चोरी की हो उसके द्वार पर बैठकर माखन खाने में आनंद आता है। उन्होंने कहा कि भगवान ष्ण माखन चुरा लेते थे। गोपियों को बुरा नही लगता था, वे तो उनके बार बार दर्शन का व्याकुल होकर माता यशोदा के पास शिकायत को पहुंच जाती थीं। गोवर्धन कथा की प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने आगे कहा कि गोवर्धन का अर्थ है गौ संवर्धन। भगवान श्रीष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र इसीलिए उठाया था कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रति एवं गौ संवर्धन से ही हो सकता है। इंद्र के कुपित होने पर श्रीष्ण ने गोवर्धन उठा लिया था। श्रीष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए राक्षसों का अंत किया तथा सामाजिक कुरीतियों को मिटाने एवं निष्काम कर्म के जरिए अपना जीवन सफल बनाने का उपदेश दिया। सोमवार की कथा विश्राम के बाद मुख्य यजमान सुधा देवी-परशुराम कुमार पोद्दार और आरती देवी-श्रीहरिनाथ पंडित ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस मौके पर डॉ एस के तिवारी, श्री राम सरोज, विकाश शर्मा, सृष्टि सरोज, ओम प्रकाश सिंह, रवि शंकर सिंह, असीम दास, श्याम खंडेलवाल, महेश कुमार, हेमंत कुमार, प्रदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अरका जैन विश्वविद्यालय ने आयोजित की औद्योगिक यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय, ने एमबीए के छात्रों के लिए 'स्पेक्ट्रा सुपर अलयज प्राइवेट लिमिटेड, गम्हरिया' में एक उद्योग यात्रा का आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों को उद्यमशीलता के जुनून और प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करना था। यह उन्हें उत्पादन उद्यमों में काम के माहौल और प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना था। अरका जैन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसएस रजी ने कहा कि 'औद्योगिक यात्रा वास्तविक जीवन के माहौल में कक्षा सैद्धांतिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक शिक्षा के बीच की दूरी को मिटाती है। डॉ. प्रवीण ठाकुर, डीन, स्कूल अफ कमर्स एंड मैनेजमेंट, ने कहा , कि 'इस उद्योग यात्रा ने छात्रों को उद्योग के नेताओं, पेशेवरों, उद्यमियों, नीति निर्माताओं और कर्पोरेट्स से मिलने का मौका प्रदान किया।

## मानगो चौक शिलापट्ट पर संशोधन करने को जुस्को तैयार,तब आश्वस्त हुए भाजपाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम और टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पहले जुस्को) द्वारा मानगो चौक गोलचकर नवीकरण के उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो को आमंत्रित नही करने और गोलचक्कर पर महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की प्रतिमा के स्थापनाकर्ता श्रद्धेय बाबू मृगेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति को शिलापट्ट में अंकित नही किये जाने पर भाजपा के विरोध और सुधार हेतु 48 घंटे के अल्टीमेटम दिए जाने की अवधि सोमवार को पूर्ण हुई। अल्टीमेटम की समाप्ति पर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में कंपनी के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा से मुलाकात की।



टाटा स्टील यूआइएसएल के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा के साथ बैठक करते भाजपाई।

## अल-कबीर पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों का एक्स्प्लोर 9.0, 2022 में सराहनीय प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पोखारी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में शुक्रवार दिनांक 25, नवम्बर, 2022 के दिन वार्षिक विश्वविद्यालय के फेस्ट एक्सप्लोर 90, का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन क्रिकेट मैच, फायरलेस कुकिंग, क्विज, बिजनेस फेस्ट, सोलो एवं ग्रुप सिंगिंग, स्पेलिंग टेस्ट और मिमिक्री इत्यादि की प्रतियोगिताओं में जमशेदपुर के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने बढ-घ्चढ़ कर हिस्सा लिया जिनमे अल-कबीर पलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं ने पाँच प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया एवं तीन प्रतियोगिताओं में पुररूस्त किये गये। बिजनेस फेस्ट में प्रथम स्थान पर अल-कबीर पलिटेक्निक के कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के अमान मुजफ्फर अंसारी, अरमान खान तथा मोहम्मद सैफ अंसारी रहे, क्विज में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से शहजादा खान तथा समीर सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




प्राचार्य प्रो बारिस सरवर के साथ विजयी टीम के छात्र।

## कस्तूरबा विद्यालय में हिंसा के खिलाफ पोस्टर प्रतियोगिता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फर वोलंटरी एक्शन (युवा) की ओर हिंसा के खिलाफ हम सब की आवाज मुझे नहीं मेरे अधिकारों को सुरक्षित करो... 16 दिवसीय अभियान के तहत प्रखंड पोटका के कस्तुरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्लस टू की किशोरियों के साथ पोस्टर राइटिंग प्रतियोगिता की गई, जिसका उद्देश्य था लड़कियां अपने अधिकारों को जाने और लड़कियों, महिलाओं विकलांग लड़कियों के साथ हो रहे भेदभाव को पहचाने एवं उनके साथ हो रही हिंसा को पहचाने। किशोरियों ने रचनात्मक तरीके से पोस्टर बनाकर अपने संदेश को दर्शाया जैसे शिक्षा को लेकर लड़कियों के साथ हो रहे अंतर, खेलकूद में भेदभाव, जल्द विवाह, डायन प्रथा को लेकर अंधविश्वास, विकलांग लड़कियों के साथ बलात्कार अपनी पसंद और सपनों की उड़ान को चित्र बनाकर बयां किया।

## पूर्वी सिंहभूम जिले की सात ज्वलंत समस्याओं को लेकर सीएस से मिले पूर्व विधायक कुणाल

>> मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से शीघ्र विभागीय पहल का मिला आश्वासन



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने पूर्वी सिंहभूम जिले के कई ज्वलंत व लंबित समस्याओं को लेकर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मुलाकात की। सोमवार को रांची में किये मुलाकात में कुणाल षाड़ंगी ने जिले के सात ज्वलंत व लंबित समस्याओं पर मुख्य सचिव का ध्यान आिष्ट कराते हुए इसके निवारण की मांग की। उन्होंने जनहित से जुड़े कई लंबित समस्याओं को बिंदुवार दर्शाते हुए आग्रह किया की इन समस्याओं के निदान हेतु विभागीय कार्रवाई की जाए। कुणाल षाड़ंगी ने बडामारा चाकुलिया रेलवे लाईन के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार से जल्द लैंड व फरेस्ट क्लीयरेंस रेलवे को सौंपने की मांग की उन्होंने बताया कि उड़ीसा सरकार की ओर से क्लीयरेंस पहले ही दे चुकी है। बहरागोड़ा के केवला से कैमी तक की जर्जर सडक को दुरूस्त करना तथा पथ निर्माण विभाग के माध्यम से मोटेल चौक से पाथरा तक की सड़क की मरम्मत की टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करवाई जाए। बहरागोडा में एनएच 6 के किनारे अवस्थित षि विभाग की 25 एकड जमीन पर षि अनुसंधान केंद्र की स्थापना। पोटका प्रखंड के रोलडीह ग्राम से चमाई जुड़ी चौक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण। गोलमुरी के केबुल टाउन क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं को इंडिविजुअल बिजली कनेक्शन देना और सभी लोगों के सामूहिक बिलिंग होने की समस्या के निदान हेतु जुस्को प्रबंधन को आदेश निर्गत करना। करनडीह में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का काम अविलंब शुरू करने और गोविंदपुर जलापूर्ति योजना को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है। मुख्य सचिव ने बिन्दुवार सभी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुए आश्वस्त किया कि अतिशीघ्र संबंधित विभागीय सचिवों को इन मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर पहल करने को निर्देशित करेंगे।

# टाटा स्टील माइनिंग ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र और सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सुकिंदा/जमशेदपुर।** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड की सुकिंदा क्रोमाइट माइन में सबल पहल के तहत रविवार को दिव्यांगता प्रमाणपत्र और सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। सुकिंदा क्षेत्र के 65 पीडब्ल्यूडी (लोकोमोटर डिसएबिलिटी 47, सुनने में असमर्थध्बोलने में असमर्थ 10, सेरेब्रल पाल्सी 03, दृष्टिहीन 03, अटिज्म स्पेक्ट्रम डिसअर्डर 01, इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी 01) के बीच डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट वितरित किया गया। सुकिंदा और कलिंगानगर क्षेत्र में क्रमशः 34 पीडब्ल्यूडी और 42 पीडब्ल्यूडी को एसवी निर्तार के सहयोग से सहायता और सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। सहायक सामग्री और उपकरणों में 34 ट्राइसाइकिल, वयस्क के लिए 8 व्हील चेयर, बच्चों के लिए 2 व्हील चेयर, 21 जोड़ी एक्सिलरी बैसाखी, 2 वकिंग स्टिक्स और 24 जोड़ी श्रवण यंत्र शामिल हैं। यह वितरण अगस्त 2022 की शुरुआत में एसवी निरतार, कटक के सहयोग से सहायक सामग्री और उपकरणों के लिए आयोजित दो दिवसीय दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर के आधार पर किया गया था। ईआर प्रितिरंजन घराई, माननीय मंत्री, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और ग्रामीण विकास, ओडिशा सरकार, डॉ शिबाशीष, सीडीएमओ, जाजपुर और सन्यासी बेहरा, अवर सचिव, सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारिता विभाग (एसएसईपीडी) ने पंकज सतीजा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।



शिविर में एक महिला को प्रमाण पत्र प्रदान करते मुख्य अतिथि और साथ में टीएसएम के एमडी पंकज सतीजा व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### थाना परिसर में मना संविधान दिवस



नौडीहा बाजार (पलामू)। थाना परिसर में थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव के नेतृत्व में संविधान दिवस मना। कार्यक्रम में थाना प्रभारी के अलावा सभी अवर निरीक्षक एवं पुलिस कर्मी के साथ भारतीय संविधान को पढ़ा और रक्षा करने की शपथ ली। कहा कि भारत का संविधान को उच्चतम विधान माना गया है जो सविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ था। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक शंकर टोप्पो, सीता राम मुर्मू, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश पासवान, सोमाय मेलगांडी, युगल किशोर कुमार, शक्ति राम, चंदन कुमार, कन्हैया यादव मौजूद थे।

### बीडीसी की बैठक में योजनाओं की समीक्षा



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी तथा संचालन बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने किया। बैठक में मनरेगा सहित कई योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में 1 से 15 दिसंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाने, सोन नदी से प्रखंड क्षेत्र को पाइप लाइन के माध्यम से पानी उपलब्धता शुरू होने तथा वर्ष 2022- 23 के लिए अंबेडकर आवास योजना के तहत 19 आवास लक्ष्य प्राप्त होने की जानकारी दी गई। बैठक में उप प्रमुख ममता देवी, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, पंसस शैलेंद्र सिंह, सत्येंद्र भुइयां, उषा देवी, मनीता कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह, बीएओ बृजेश कुमार, प्रधान सहायक आजम बेग, एसबीएम को-ऑर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार, जेई विपिन राय आदि थे।

### बभंडी-बैंराव मैच ड्रॉ, रपूरा की दूसरी जीत



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल का फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 के पांचवे दिन का पहला मैच बभंडी बनाम बैंराव खेला गया। दोनों टीमों को गोल करने का कई मौका मिला लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हुई। मुकाबला गोल रहित बराबरी पर रही। दूसरा मैच रपूरा बनाम डंडीला खेला गया। जिसमें रपुरा ने डंडीला को 2-0 से हरा दिया। रपुरा की तरफ से बिक्रमा कुमार ने गोल किया। इसके पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें अनुशासन से खेलने को कहा। मौके पर पूर्व मुखिया डबल सिंह, संतोष सिंह, शिवपूजन सिंह, सच्चिदानंद सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश पासवान पूर्व खिलाड़ी कृष्णा बैठा, नेहाल मिर्जा, जयकुश सिंह, सुभाष कुमार, लड्डू विशाल उपस्थित थे।

### लातेहार ने सदर प्रखंड को 2-0 से हराया



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम किशनपुर में विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथा दिन लातेहार बनाम सदर प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें लातेहार की टीम दो गोल से विजयी रही। मैच समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में लोइंगा पंचायत के मुखिया गुड्डू यादव, जंघासी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य गुबेश भुइयां शामिल थे। मौके पर छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी के द्वारा उपलब्ध कराई गई खिलाड़ियों के लिए टी शर्ट एवं पैंट का वितरण सूठा पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम के द्वारा दोनों टीमो के बीच किया गया। मैच का शुभारंभ जघासी पंसस, सूठा पंचायत के पूर्व मुखिया, सुठा पंचायत के उप मुखिया सुकुल मियां तथा ग्राम सूठा निवासी अशोक तिवारी और ग्राम लोईंगा निवासी ईद मोहम्मद अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया। मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के खिलाड़ी को जघासी पंचायत के समिति सदस्य गुबेस भुइयां ने पुरस्कार प्रदान किया। मंगलवार को पाटन प्रखंड बनाम चैनपुर प्रखंड के बीच मैच खेला जायेगा।

### मूल्यांकन से छात्रों की रुचि, शैक्षणिक संस्थाओं की योग्यता का ज्ञान : हरेंद्र



**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के मैदान में सभी विद्यार्थियों के निवेदन तथा एक साथ नवाचार के उद्देश्य से विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा लगभग 400 विद्यार्थियों जो विज्ञान संकाय में अध्ययनरत है उनका भौतिक शास्त्र भाग एक के पूर्ण पाठ्यक्रम में से अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें बहुविकल्पीय लघु उत्तरीय अति लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय और ओएमआर शीट के साथ झारखंड अधिविध परिषद रांची के अनुरूप का अनुसरण करते हुए इस परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा 100 अंको का था जिसमें प्रायोगिक परीक्षा के लिए भी मानदंड तय किए गए थे। अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान सतबरवा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी तथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज ने निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों में समय अनुसार विक्षणं का कार्य मैदान में किया। बीइइओ हरेंद्र ने कहा कि छात्रों के व्यवहार में सार्थक परिवर्तन ही आकलन है। मूल्यांकन से छात्रों की रुचि, शैक्षणिक संस्थाओं योग्यता का पता चलता है।

# पाटन के सिक्की खुर्द के बिहारी का बेटा थैलेसीमिया से ग्रसित, रक्त की जरूरत

- फोन करने के बाद एसपी ने दिलाया एक यूनिट रक्त, पीड़ित परिवार ने एसपी को शुक्रिया कहा
- पलामू एसपी हर रूप में गरीबों का मदद करते हैं आज खूद देख रही हूं : पार्वती देवी



**खास बातें :** माता-पिता ने बताया कि अब मेरे बच्चा का जान नहीं बचेगा। बच्चे एवं मां को रोते देख ब्लड बैंक के पास से गुजर रहे कुछ व्यक्तियों के द्वारा पूछा गया क्यों रो रही है, तो पीड़ित बच्चे के मां के द्वारा बच्चे को ब्लड की आवश्यकता के बारे में बताई परंतु कोई भी मदद नहीं किया। उसके बाद बच्चे की मां बच्चे को अपने गोद में लिए रोते हुए सदर अस्पताल से बाहर चौक पर आ गए तभी ऑटो वाले ने पूछा कि क्या बात है। उनके द्वारा बताया जाने पर ऑटो वाले ने कहा कि आप एक बार पलामू एसपी साहब चंदन सिन्हा से बात करके देखिए आपका काम हो जाएगा आपको तुरंत ब्लड मिल जाएगा। हम रोज पेपर में देखते हैं जो भी लोग एसपी साहब को इस समस्या के बारे में बताएं। एसपी साहब खुद अपना ब्लड देकर भी गरीबों के सहारा का मदद किये है। इतना सुनने के बाद बच्चे की मां को थोड़ा उम्मीद जगा और तुरंत पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को फोन करके रोते हुए जानकारी दी। अपने सारे समस्या को बताई। एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि आप अस्पताल में जाकर बच्चा को एडमिट कीजिए और जांच करवाइए तब तक ब्लड आप तक पहुंच जाएगा। आपके बच्चा को कुछ नहीं होगा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के ग्राम सिक्की खुर्द निवासी बिहारी भुईयां व माता पार्वती देवी के एक वर्षीय पुत्र आयुष कुमार थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित है। बच्चे को थैलेसीमिया होने के कारण शरीर में ब्लड नहीं बनता है। बच्चे को हर महीने में ब्लड की आवश्यकता पड़ती हैं। अक्टूबर महीना में उनके पिता बिहारी भुइयां के द्वारा ब्लड दिया गया था 10 दिन पहले उनके माता पार्वती देवी ने दिया था परंतु तबीयत खराब होने के कारण बच्चे को तत्काल ब्लड की आवश्यकता पड़ गयी। उनके माता पार्वती देवी परेशान थी। काफी प्रयास के बाद वे अपना ब्लड फिर से देने के लिए बोलने लगे परंतु ब्लड बैंक ने बोला कि आप 1 महीने में ब्लड नहीं दे सकते। कम से कम 3 महीना के बाद ही रक्त दे सकते हैं। इतना सुनते ही मरीज के मां ब्लड बैंक के बाहर जाकर रोने लगी एवं अपने आप को असहाय महसूस करने लगी।

# नियम, अनुशासन और खेल भावना के साथ होगी खेलो झारखंड प्रतियोगिता : डीइओ

➲ पुलिस स्टेडियम में आज से शुरू होगी जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय खेलो झारखंड-2022 की सफलता के लिए राजकीयकृत +2 गिरिवर उच्च विद्यालय में खेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी ने की और संचालन एपीओ जान मुथू ने किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा उपस्थिति थे। मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम में सम्पन्न होगा जिसके मुख्य अतिथि पलामू जिला उपायुक्त श्री आंजनेयुलु डोडे होंगे।



सभी खेल गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए उपस्थित सदस्यों को विशेषज्ञता के अनुसार जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर डीईओ अनिल चौधरी ने कहा कि खेलो झारखंड-2022 का आयोजन नियम, अनुशासन व खेल भावना के तहत किया जाना है ताकि जिला की प्रतिभाएं उभरकर राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कक्षा-9-12 समूह (सीनियर ग्रूप) के प्रथम स्थान लाने वाले विजेताओं को राज्य स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिलेगा। बैठक का मूल उद्देश्य तैयारी की समीक्षा एवं शेष तैयारी पूरी कर लेना है। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी ने खेल एवं आयोजन के बारिकियों से सबको अवगत कराते कहा कि हर खेल गतिविधि समान रूप से महत्त्वपूर्ण है कि इसलिए सभी कर्मी गाइडलाइन के अनुरूप पूरी गंभीरता व पारदर्शिता से अपने दायित्वों का पालन करेंगे। बैठक में प्राचार्य परशुराम तिवारी, खेल विशेषज्ञ संजय त्रिपाठी, कमलानंद दुबे, फुटबॉल एसोसिएशन के महेश तिवारी, मो फरीद, प्राचार्य नीरज द्विवेदी, प्रीतम शुक्ला, भरत रजक, ओमकार पाठक, संतोष कुमार, नीरज सिन्हा, आमोद कुमार समेत 50 से अधिक फिजिकल टीचर व शिक्षा कर्मी थे।

**पुलिस स्टेडियम में होंगी एथलेटिक्स की सभी प्रतियोगिताएं :** 29 नवंबर को एथलेटिक्स की सभी गतिविधियां पुलिस स्टेडियम में होंगी। जबकि जूनियर ग्रूप (कक्षा 6-8) का फुटबॉल मैच जिला स्कूल के मैदान में होंगे। 30 नवंबर को सीनियर ग्रूप 9-12 की फुटबॉल व हॉकी की प्रतियोगिताएं जिला स्कूल के मैदान में ही होंगी।

# निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही शुरू होगा पथ निर्माण कार्य : विधायक

- जो कहा सो किया प्रयास रंग लाया
- दशकों से थी उक्त सड़क की मांग
- संज्ञान में आते ही कर दी अनुशंसा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रखण्ड नीलांबर-पितांबर पुर कुंदरी अंबेडकर चौक से पिपरा चौक भाया महरजा तक 332.737 लाख की लागत से 3.200 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मांग के पश्चात मिल गयी है।

विधायक डॉ मेहता ने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कहा कि उक्त सड़क के निर्माण की मांग दशकों से थी लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया। मामला मेरे संज्ञान में आते ही चार जुलाई को पत्र के माध्यम से सड़क के अविलंब निर्माण के लिए विभाग को अनुशंसा किया। जिसे स्वीकृति भी मिल गयी। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को हर स्तर व माध्यम से राज्य सरकार व संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा है। आखिरकार प्रयासों की जीत हुई और परिणाम आप सबों के समक्ष है।

हम सिर्फ कहने में नहीं करने में विश्वास रखते है। कहा कि मेरे अथक प्रयास से इस सड़क के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित हूँ। कहा कि पूर्व के लोगों की अकर्मण्यता के कारण पांकी विधानसभा काफी पिछड़ गया था। जनता के दुख-दर्द और क्षेत्र के विकास से उन्हें कोई मतलब नही था। लेकिन दिन-रात पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से जनता की सेवा एवं क्षेत्र का विकास कर पांकी विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# वर्तमान विधायक व उनके प्रतिनिधि लाला पीट रहे विकास का झूठा ढिंढोरा : विशुनदेव यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस पार्टी के मनातू प्रखंड अध्यक्ष बिशुनदेव यादव ने अधिवक्ता सह समाजसेवी का ढिंढोरा पीटने वाले लाला प्रसाद यादव के द्वारा अखबार में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लाला यादव के द्वारा दिया गए बयान सत्य से कोसों दूर है। उन्होंने लाला यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लगता है कि लाला यादव का वकालत नहीं चल रहा है। अपने पेशे से लाचार और बेरोजगार होकर होकर वे उलूल, जलुल बातें बोल रहे हैं और अनुकंपा कि विधायकी बताते चल रहे हैं। अगर कुशवाहा शशिभूषण मेहता पांकी विधानसभा क्षेत्र से अपने दम खम से चुनाव लड़ रहे थे तो वो लगातार 15 वर्षों से हार की मुंह क्यों देख रहे थे।



**खास बातें :** अगर उनमें काबिलियत थी तो पहले ही बार में जीत हासिल कर विधायक बन जाना चाहिए था। लाला को कुछ बोलने से पहले अपने नेता की गिरेबां में झांक लेना चाहिए। पांकी विधायक को पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता अब उन्हें अच्छी तरह से समझ गई है।लाला प्रसाद यादव द्वारा कहना कि राज्य संपोषित योजना पथ निर्माण कार्य का संवेदक देवेंद्र कुमार सिंह हैं। तो बोलने से पहले सही जानकारी हासिल कर लेना चाहिए। देवेंद्र कुमार सिंह किसी भी कार्य में संवेदक नहीं है। वर्तमान विधायक के पास अब समय कम और जनता के विकास के लिए किए गए वादों की सूची लम्बी है। वर्तमान विधायक जी अब क्या करें तो ये अखबार में अपने और कुछ पेशेवरों से अखबार में ताबड़तोड़ बयान बाजी करवा रहे। जनता से किया हुआ वादा हर गांवों 5 डिप बोर, पांकी बिनेका अमानत नदी पर जनता पुल, पांकी बराज के पास सड़क निर्माण, तेतराई से कसमार तक सड़क निर्माण जैसे अनेकों वादा अभी तक पूरा नही हुआ है। साथ ही कुदरी में छठ घाट सूर्य मंदिर की भुमि पुजन सहित सैंकड़ों कार्यो की झुठी बादे लम्बी लम्बी सुची है। इन सबों से जनता की ध्यान को भटकाने के लिए उनके प्रतिनिधि से इस तरह बेतुका बयान वर्तमान विधायक अखबारों में दिला रहे हैं। प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मनातू उमेश प्रसाद साहू के छोटे सुपुत्र विकास कुमार उर्फ चुन्नू, जिला परिषद पूर्व प्रत्याशी पंकज कुमार पासवान, समाजसेवी जितन यादव, कांग्रेस कमेटी के प्रखंड महामंत्री प्रभु यादव, मनातू कांग्रेस कमेटी के महासचिव चंद्रशेखर कुमार मेहता, एवं मनातू प्रखंड के गणमान्य व्यक्ति मनोज कुमार यादव, सूबेदार यादव सहित कई कांग्रेसी शामिल थे।

# कउवल विद्यालय में रसोइया पर किया गया जानलेवा हमला

- विद्यालय प्रबंधन मामले में लीपापोती करने में लगा
- संयोजिका ने रसोइया पर गर्म खिचड़ी उलट दी
- घटना 12 नवंबर को घटित हुई थी
- मामले की जांच कराई जा रही है : बीइइओ
- रसोइया को न्याय दिलाकर रहूंगी : अनीता देवी



**गजेन्द्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड के कउवल मवि में संयोजिका ने रसोइया पर गर्म खिचड़ी उझल कर मारने का प्रयास किया। जिससे रसोइया लालमति कुंवर जान बचाने को चिल्लाने लगी। लेकिन विद्यालय का कोई शिक्षक उसे बचाने नहीं गया। सहायक रसोइया अनरवा कुंवर ने विद्यालय के बाहर से लोगों और उसके परिवार को बुलाकर छतरपुर अस्पताल में इलाज कराने के लिए भर्ती कराया। जहां छतरपुर थ्पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया। लेकिन इस मामले में पुलिस भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है। इसके बाद गंभीर स्थिति में चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर रेफर कर दिया। गर्म खिचड़ी पड़ जाने के कारण रसोईया लालमति कुंवर के चेस्ट, पीठ, पेट समेत शरीर के कई भाग काफी जल चुका है। जख्मी लालमति कुमार ने बताया कि खिचड़ी बनाकर रखे थे।

# कार्रवाई : हटाये गये प्राचार्य संयोजिका-रसोइया कार्यमुक्त

- तरहसी थाना क्षेत्र के छेचानी में गर्म माड़ से दो बच्चियों के झुलसने का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** सेलारी पंचायत के छेचानी मध्य विद्यालय में गर्म माड़ में गिरने से दो बच्चियों के झुलसने की घटना में बीइइओ परमेश्वर साव ने कार्रवाई की है। संकुल साधन सेवी की रिपोर्ट पर सचिव सह प्राचार्य रीमा देवी से स्पष्टीकरण पूछते हुए उन्हें पद से हटा दिया है। कार्यरत सहायक शिक्षक विजय यादव को प्रभारी प्राचार्य बनाया है।

प्राचार्य को इसी विद्यालय में सहायक शिक्षक रखा गया है। संयोजिका शोभा देवी और रसोईया कालो देवी एवं सविता देवी को कार्य मुक्त कर दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साव को भी शोकॉज किया है और इसमें उनकी भी लापरवाही सामने आयी है। साथ ही पद मुक्त करने की चेतावनी दी है। बीइइओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि विद्यालय में मध्यान भोजन बनाने के क्रम में चावल बनाने के बाद उसका गर्म माड़ खुले में छोड़ने से यह घटना हुई।

### नौडीहा पंचायत में निकली भारत जोड़ो पदयात्रा



**मनातू पलामू।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र नौडीहा पंचायत के ग्राम घंघरी कर्बला चौक से कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो पदयात्रा निकाला। पदयात्रा रहेया होते हुए कई गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को प्रेरित किया। पदयात्रा का नेतृत्वपलामू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष बिट्टु पाठक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव ने की। वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न गांव में पदयात्रा के माध्यम से लोगो को जोड़ा जा रहा है। जन जन के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक सभी प्रखंड एवं प्रदेश में 150 किलोमीटर प्रतिदिन एवं 3570 किलोमीटर एक देश का एक आवाज विश्वास एक संकल्प है। पदयात्रा में 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष सीना यादव, वीरू यादव, नूर मोहम्मद मियां, समद खान, टोकन भुइयां, प्रकाश यादव, इंद्रदेव यादव, प्रभु यादव, चंद्रशेखर मेहता, जिला परिषद के पूर्व प्रत्याशी पंकज कुमार पासवान, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष अजय साहू, मेदिनीनगर राजेश चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हुसैनाबाद : हैदरनगर के श्रीराम जानकी मंदिर में धूमधाम से मनाया राम विवाह महोत्सव



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में राम जानकी विवाह विधिवत व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। राम विवाह महोत्सव को सम्पन्न कराने के लिए डॉक्टर निर्मल स्वामी जी महाराज वाराणसी व गोविंदा जी महाराज द्वारा भगवान राम विवाह को संगीतमय धुन पर वैवाहिक कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। इस कार्यक्रम में वाराणसी से पधारे आचार्य नीतीश दुबे, आकाश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार का उच्चारण कर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। राम विवाह के मौके पर पारंपरिक रूप से तिलक, मटकोड, मण्डपछाजन के साथ भगवान राम का विवाह संपन्न हुआ। विवाह संपन्न कराने के लिए यजमान के रूप में दशरथ की भूमिका में कामता दुबे, कौसल्या के रूप में सुधा देवी, जनक के रूप में धनंजय सिंह, सुनैना के रूप में अंजू देवी अहम भूमिका निभाई। जहाँ उपस्थित काफी संख्या में महिलाओं ने मंगल गीत के साथ साथ वैवाहीक गीत गा कर पूरे माहौल को भक्ति रश में डूबा दिया। डॉक्टर निर्मल स्वामी ने संगीतमय धुन पर भी भगवान राम पर आधारित कई मनमोहक गीत प्रस्तुत कर लोगों के बीच जमकर वाहवाही लूटी।

# भाजपा नेता ने किया स्पीड फोर्स मल्टी ब्रांड बाइक सर्विस सेंटर का उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** शहर के अररुआ खुर्द पंचायत सचिवालय के समीप एनएच 98 किनारे सोमवार को स्पीड फोर्स कंपनी द्वारा संचालित रॉयल ऑटो पार्ट्स एंड सर्विस सेंटर का भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम तथा भाजपा जिला मंत्री सूर्यांशु सिंह ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस सर्विस सेंटर खुलने से क्षेत्र के दुपहिया वाहन के मालिकों को सुविधा उपलब्ध हो गई है। अब उन्हें अपने वाहनों के सर्विसिंग व अन्य कार्यों के लिए दूसरे शहर जाना नहीं पड़ेगा। स्पीड फोर्स के ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट हेड संदीप जोशी ने कहा कि इस सर्विस सेंटर में मल्टीब्रांड दुपहिया वाहनों का सर्विस, स्पेयर पार्ट्स तथा आईएनसी रिन्यूवल की सुविधा उपलब्ध होगी। संचालक शुभम जायसवाल ने बताया कि यहां किसी भी कंपनी के दुपहिया वाहनों का सर्विस किया जायेगा। साथ ही ब्रेक डाउन सर्विस भी दिया जायेगा। मौके पर कंपनी के यूपी, बिहार-झारखंड मार्केटिंग हेड अभिनव राय, टेक्निकल एडवाइजर आलोक पंडित, टेक्नीशियन ट्रेनर अरमान शेख थे।

# जन विश्वास जीतने निकला हूं मिल रहा जन आशीर्वाद : मनोज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह रोजाना की तरह आपका बेटा आपके द्वारा कार्यक्रम के साथ दिन की शुरूआत कर रहे हैं। श्री सिंह मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड 4 में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सिंह ने कहा कि भ्रमण के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वे जनता का विश्वास जीतने निकले हैं, जनता उन्हें भरपूर आशीर्वाद भी दे रही है। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब यहां के लोग अपने जनप्रतिनिधि पर विश्वास करें। बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं का इनके प्रति जोश व उत्साह इस बात की ओर इशारा है कि मेदिनीनगर में बदलाव की लहर बह रही है। ज्ञात हो कि निकाय चुनाव अभी के लिए टल गया है लेकिन मनोज सिंह लगातार क्षेत्र भ्रमण पर हैं और निगम की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं और समस्याओं के खिलाफ मुखर भी हो रहे हैं। यात्रा में आशीष श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, अभय पांडे, राहुल पांडे, संतोष कुमार, राजू दुबे, जय कुमार, निशांत तिवारी, राकेश सिंह थे।

# उंटारी रोड : लो लेबल सब-वे के लिए ग्रामीण संघर्षरत, पर अब तक कोई सार्थक पहल नहीं

- दरुआ-कल्याणपुर गांव का मामला, आधा दर्जन गांव के लोग हैं प्रभावित
- सब-वे के अभाव में जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करते हैं ग्रामीण

**अमित कुमार चौधरी**

**उंटारी रोड (पलामू)।** मुगलसराय रेलखंड के सिगसिगी व करकट्टा रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 327-12/14 के बीच लो लेबल सब वे नहीं रहने से दरुआ, कल्याणपुर, बिरजा सहित आधे दर्जन गांव के लोग प्रभावित हैं। लो लेबल सब वे की मांग को लेकर ग्रामीण पलामू सांसद, स्थानीय विधायक से लेकर मुगल सराय के डीआरएम तक ज्ञापन सौंपा लेकिन कोई सार्थक पहल नहीं की गयी। लो लेबल सब वे नहीं रहने से लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं। राहगीरों, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों सहित शव का अंतिम संस्कार करने भी रेलवे ट्रैक को पारकर जाना पड़ता है। लो लेबल सब वे की मांग को लेकर ग्रामीण लगातार संघर्षरत हैं लेकिन कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है।



**रेल प्रशासन जल्द करे सबवे निर्माण**

"मेरी अध्यक्षता में रेलवे ट्रैक की समस्या से निदान हेतु बैठक की गई थी जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने रेल प्रशासन से जल्द से जल्द सबवे निर्माण की मांग की है। - **कमला देवी, मुखिया जोगा पंचायत**

"लो लेबल सबवे नहीं रहने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। - **सुनैना देवी, पंसस जोगा पंचायत**

"सबवे नहीं रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, कभी कभी लोग हादसे के शिकार भी हो जाते हैं। - **सुकेंद्र चौधरी, ग्रामीण दरुआ**

"लो लेबल सबवे नहीं रहने के कारण रेलवे ट्रैक बहुत मुश्किल से पार होना पड़ता है, रेलवे क्रॉसिंग भी एक किमी दूर है। जिससे रोजमर्रा का आवागमन रेलवे ट्रैक पार कर करना पड़ता है। - **रामप्यारी पाल, ग्रामीण दरुआ-कल्याणपुर**

"आधा दर्जन गांव के लगभग पांच हजार आबादी का आवागमन का अवरुद्ध है जिस कारण शव यात्रा, शादी विवाह, कृषि, पशुचारण इत्यादि में बाधा उत्पन्न है। रेल प्रशासन से अतिशीघ्र लो लेबल सबवे का निर्माण कराने की मांग की है। - **रमेश चौधरी, शिक्षक सह ग्रामीण दरुआ-कल्याणपुर**

# बीइइओ ने किया खेलकूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला में सोमवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिमला कुमारी ने की और संचालन सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर खेलो झारखंड 2022 -23 के तहत विद्यालय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं के बीच धावाडीह पंचायत के मुखिया रिंकी देवी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



**खास बातें :** बीईईओ ने कहा कि खेलकूद स्वस्थ जीवन का अभिन्न अंग है। पढ़ाई के साथ साथ बच्चों में खेल की भावना को जागृत करने के लिए झारखंड सरकार ने विद्यालय, प्रखंड, जिला तथा स्टेट लेवल पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी खेल के प्रति जिज्ञासा बढ़े। कार्यक्रम के पूर्व मे सभी अतिथियों ने वर्ग कक्ष संचालन का निरिक्षण किया और बच्चों से जानकारी प्राप्त किया। बीईईओ ने विद्यालय प्रबंधन पर प्रधानाध्यापिका की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि कृषि विद्यालय पर इस विद्यालय का अनुकरण करें। मुखिया रिंकी देवी कहा कि खेल में भी कैरियर है। बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अगर खेल में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आगे चलकर स्टेट तथा देश लेबल के खिलाड़ी बनकर अपना कैरियर बना सकते हैं। कहा कि यह विद्यालय पंचायत क्षेत्र का इकलौता विद्यालय जहां सभी बच्चे यूनिफॉर्म में है तथा सभी बच्चों का बैंक खाता खुला गया है इसके लिए विद्यालय के प्रभारी धन्यवाद के पात्र जिन्होंने अपने प्रयास से इस प्रकार का कार्य किया है वहीं उन्होंने किसी प्रकार के सहयोग के लिए अपने आप को उक्त विद्यालय के लिए समर्पित करने की बात कही। मौके पर बीपीओ मनोज कुमार तिवारी, एमडीएम प्रभारी विवेक सिन्हा, सीआरपी शैलेश कुमार, राम अमृतम, बीआरसी कर्मी संजीत कुमार, प्रणव पाठक, समिति के अध्यक्ष रागनी देवी के अलावा कई लोग थे।

स्पीड न्यूज

## नुनुडीह नाली निर्माण में अनियमितताः नरेन्द्र

**धनबाद।** नगर निगम के वार्ड नंबर 49 के काली मंदिर समीप कॉलोनी में तकरीबन लाखो रुपये की लागत से बनने वाली नाली निर्माण कार्य में हो रही अनियमितता से जन विकाश संगठन ने निर्माण काम पर विरोध जताया हैं । जन विकाश संगठन सचिव नरेंद्र का कहना है कि नाली निर्माण के तय मानकों को दरकिनार कर कम गुणवत्ता वाली नाली का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के क्रम में ही नाली में दरार पड़ने लगी है। कहा कि जब तक प्राक्कलन बोर्ड और मजदूरों को समुचित मजदूरी के साथ काम नहीं कराया जाएगा इसकी शिकायत नगर आयुक्त से करेगे । नरेंद्र ने कहा कि जेई की अनुपस्थिति में काम को जैसे तैसे मुंशी या ठेकेदार पुत्र के द्वारा कराया जा रहा है। जितना इंच ढलाई होना चाहिए उसके बजाए उससे कम इंच ढलाई कराया जा रहा है। नरेंद्र ने दो टूक कहा कि काम की गुणवत्ता से समझौता हुआ तो विरोध जारी रहेगा।

## विवादित जमीन पर बन रहे मकान पर लगा धारा 144

**बेरमो।** न्यायालय बेरमो अनुमंडल दंडाधिकारी तेनुघाट द्वारा वाद संख्या 306६ 2022 के तहत धारा 144 लगा दिया गया है। इस वाद में आशीष सिंह बनाम शीला देवी के बीच बन रहे मकान विवाद का मामला चल रहा है। बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष नगर निवासी आशीष सिंह पिता राम जनम सिंह ने शीला देवी पति जानकी गिरि पर अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में धारा 144 के तहत मामला दायर किया था। इस आलोक में 26 ६11६2022 धारा 144 लगाया गया है। न्यायालय ने बेरमो थाना प्रभारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर उक्त जमीन पर बन रहे मकान पर धारा 144 लगाते हुए उक्त विवादित जमीन पर शीला देवी व उनके परिजनों द्वारा बनाए गए मकान पर किसी तरह का निर्माण कार्य करने या आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## सीएलएफ कार्यालय में चोरी का प्रयास

**बोकारो/कसमार।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ;जेएसएलपीएसद्ध कसमार प्रखंड के कमलापुर में सामुदायिक भवन स्थित कार्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर अंदर कमरे में रखे कंप्यूटर आदि सामानों को चोरी करने का प्रयास किया गया। कंप्यूटर सेटए प्रिंटरए साउंड सिस्टम आदि अन्य सामानों को बाहर निकाल कर ले भागने के फिराक में था। इस बीच बगल के एक महिला शौच करने के लिए निकली तो देखी कि कार्यालय में लाईट जला हुआ है और दरवाजा खूला है। सन्देह होने पर जब महिला ने कार्यालय के पास आकर देखा तो कंप्यूटर समेत कई सामान बिखरे पड़े थे। इसकी सूचना महिला ने पड़ोसी की सीएलएफ अध्यक्ष किरण देवी को दी। किरण ने गांव वालों को खबर दी। बाद में घटना की सूचना स्थानीय मुखिया एवं जेएसएलपीएस के अधिकारियों को दी।

## मजदूरों ने अभिकर्ता पर मजदूरी न देने का लगाया आरोप

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम में कार्यरत मजदूरों ने तीन माह का मजदूरी भुगतान नहीं देने का परिवहन अभिकर्ता जसमुद्दीन अंसारी पर आरोप लगाया है। मजदूरों का आरोप है कि अभिकर्ता द्वारा माह फरवरी से अप्रैल 2022 तक का मजदूरी भुगतान नहीं किया है। मजदूरी मांगे जाने पर गाली.गलौज करता है। इस संबंध में मजदूरों ने जिला आपूर्ति अधिकारी से शिकायत की है।

## बीएसएल में प्रिवेंटिव विजिलेंस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास केंद्र में ई.1 से ई.5 स्तर के अधिकारियों के लिए प्रीवेंटिव विजिलेंस पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई सीजीएम अरुण कुमार, जीएम सुश्री नीता बाए एजीएम एस पी गुप्ता सहित अन्य ने किया।

# स्पीकर ने शहीद शक्ति नाथ महतो को दी श्रद्धांजलि, ई लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

### 45वीं पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ।** सोमवार को झारखंड विधानसभा स्पीकर रविंद्र नाथ महतो सिजुआ स्थिति शहीद शक्ति नाथ महतो कॉलेज पहुंचे जहां से रविंद्र नाथ महतो शहीद शक्ति नाथ महतो की 45 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजलि दिया। जिसके बाद कॉलेज पहुंच वहां उन्होंने ईलाइब्रेरी का उद्घाटन किया। टाटा सिजुआ 12 नम्बर स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो इंटर कॉलेज मे ई लाईब्रेरी तथा कैटीन का उदघाटन सोमवार को झारखंड बिधान सभा के अध्यक्ष रविन्द्र महतो ने फीता काट तथा नरियल फोडकर किया । इस मौके पर उन्होने कहा कि शहीद शक्ति नाथ महतो कॉलेज मे आज जो ई लाईब्रेरी का उदघाटन हुआ यह इस क्षेत्र के छात्र - छात्राओ के लिए वरदान साबित होगा । इस कॉलेज मे ई लाईब्रेरी का संचालन होने से बच्चे देश दुनिया से मिनटो मे जुड जायेगे । कहा कि शहीद शक्ति नाथ महतो के सपनो का झारखंड बनने मे अब देर नही है । बहुत हद तक झारखंड के शहीदो का सपनो का झारखंड बन चुका है । एक सवाल पर उन्होने कहा कि दल बदल के मामला पर जल्द ही निर्णय आयेगा। झारखंड में दल बदल का फैसला जल्द आएगा फिलहाल इस मामले पर कुछ नही कहुँगा। उन्होने कहा धनबाद की विधि व्यवस्था को दूरस्त करने का मामला सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। जल्द ही विधि व्यवस्था में सुधार आएगी सीआईएसएफ गोलीकांड मामले मे उन्होने कहा की यह घोर निंदनीय है । जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने कहा कि शक्ति कॉलेज सुदुर ग्रामीण क्षेत्र मे होने के बावजुद लगातार अपनी स्थिति को बेहतर बनाने मे लगा है। यह कॉलेज ने राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाया है। हाई टेकनोलेजी के साथ बच्चे को शिक्षा प्रदान कर क्रितिमान स्थापित किया है।



### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो जेएमएम जिला अध्यक्ष रमेश टूडू, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टूडू पवन महतो, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो समेत सहित शक्ति नाथ के परिजन शहीद शक्ति नाथ महतो कॉलेज के प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य जेएमएम नेता राजा महतो मुन्ना सिद्दीकी प्रो अरूण कुमार महतो, बिरबल महतो, नागेंद्र नाथ महतो, मौकित उद्दीन , रमेश प्रसाद , राखोहरी महतो ,अविनाश कुमार, राकेश कुमार महतो ,मेघनाथ महतो ,कल्पना कुमारी ,राजू महतो, राजकुमार प्रसाद ,कमलाकांत महतो ,पीके ठाकुर ,मनोज कुमार महतो, पंचानन सिंह चौधरी ,दिनेश मद्धेशिया, तेंदुलकर भट्ट ,शेखर महतो ,नेहा कुमारी ,इंदु कुमारी, राजकुमारी ,राहुल कुमार महतो ,मोहित कुमार महतो ,जितेंद्र प्रसाद, चक्रधर महतो ,शंकर महतो ,फुल मनी देवी ,लालू महतो,शांति देवी, राजवंती देवी ,पंकज कुमार महतो ,प्रदीप कुमार महतो, भुनेश्वर महतो ,गणेश महतो ,दिलीप महतो ,सचिन महतो मौजूद रहे।

### शहीद शक्ति नाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद।** सोमवार को मासस जिला कमेटी ने सिजुआ स्थित शाहिद शक्ति नाथ महतो की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी ।45 वां शहादत दिवस पर मासस जिला कमेटी ने सोमवार को जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में धनबाद,गोधर,केंदुआ पुटकी, कपूरिया मोड़, भेलाटांड़ होते हुए सिजुआ स्थित शाहिद शक्ति नाथ महतो स्मारक स्थल पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया ।इस अवसर पर मासस जिलाध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि शाहिद शक्ति नाथ महतो सच्चे क्रांति दूत थे। उन्होंने शोषण, के खिलाफ डटकर मुकाबला किया। इसके चलते उन्हें शहादत देनी पड़ी। मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन में शाहिद शक्ति नाथ महतो की अग्रणी भूमिका रही।

## दो गुटों में चाकूबाजी के बाद थाना का घेराव

### चाकूबाजी की घटना में 2 युवक घायल, 2 लोग गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा स्टेशन के पास बीती देर रात चाय पीने को लेकर दो गुटों में हुई तू तू मैं मैं के दौरान दोनों गुटों के बीच बात इतनी बढ़ गयी कि चाकू बाजी तक पहुंच गईण चाकू बाजी में दो आदिवासी युवक बुरी तरह घायल हो गया ।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायल युवकों को डीवीसी अस्पताल भेज दिया। डीवीसी अस्पताल के डॉक्टर ने मामले को गंभीर देखते हुए तुरंत दोनो को चास के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया ।घटना के बाद आक्रोशित आदिवासी समाज के लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। इस मामले में चंद्रपुरा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चंद्रपुरा स्टेशन के पास बीती देर रात चाय पीने को लेकर विवाद में चाकू बाजी में दो आदिवासी युवक बुरी तरह घायल हो गया ।मामले में चंद्रपुरा थाना की पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर हमला करने वाले संबंधित एक युवक को चंद्रपुरा प्रमुख के घर से गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि युवक चंद्रपुरा प्रमुख चांदनी परवीन का देवर है। जिसने आदिवासी युवक पर हमला किया है। इस मामले में चंद्रपुरा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है।



### आदिवासी बनाम मुस्लिम में मामला तब्दील

मामला आदिवासी बनाम मुस्लिम समुदाय में तब्दील हो गई है। जहां आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक हथियारों के साथ चंद्रपुरा थाना का घेराव करते हुए सड़क जाम कर दिया और इस घटना के मामले से संबंधित सभी युवकों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं ।वहीं आक्रोशित लोग सड़क जाम कर दिया है। स्थिति को कंट्रोल करने के लिए चंद्रपुरा थाना में भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिससे सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जाए इसको लेकर पुलिस तत्पर है। इस मामले में पुलिस कुछ भी बोलने से बचती नजर आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुरे चन्द्रपुरा को एक तरह से पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिसए प्रशासन इस बात को लेकर जद्दोजहद कर रही है कि मामला किसी भी तरह शांत हो जाये। मामला किसी भी किमत पर सम्प्रदायिक रंग ना लेने पाये तथा पुलिस सख्ती के साथ मामले की छानबीन करने के साथ.साथ आरोपियों की गिरफ्तारी मे भी जुटी हैं।

## संविधान दिवस के दिन कार्यक्रम के सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** जारीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संविधान दिवस के दिन बालिका व्यक्तित्व विकास का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवी सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल मुखिया देवंती बेबी अग्रवाल देवी पुष्प लता देवी प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया संविधान दिवस के दिन कार्यक्रम के सफल प्रतियोगी को पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम में साड़ी प्रतियोगिता नित्य प्रतियोगिता रूप सज्जा मेहंदी प्रतियोगिता आदि के आयोजन में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बहनों को पुरस्कृत किया इसमें ईशा कुमारी सोनी कुमारी निधि कुमारी छाया कनिष्का अंतू आशा वर्षा आदि ने भाग लिया सभी को प्रशस्ति पत्र दिया गया मौके पर विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल ने कहा कि पढ़ाई तो सभी विद्यालय में होता है परंतु सा संस्कार देने की बात सिर्फ शिशु मंदिर में ही होता है प्रधानाचार्य आए हुए अतिथियों एवं आचार्य जी के प्रति आभार व्यक्त किए कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य सुरेश लाल सुषमा जी महेंद्र जी शकुंतला पिंकी खुशबू श्वेता सुमित धीरज अरुण आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## सड़क दुर्घटना में सिंदरी के दो युवक घायल, एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** गौशाला ओपी क्षेत्र के बीआईटी गेट नंबर 12 के समीप सोमवार की दोपहर तीन बजे तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होने से सड़क दुर्घटना में पीछे बैठे बाइक सवार साहिल की मौत हो गई है। साहिल गौशाला ओपी क्षेत्र के चूड़ी पट्टी निवासी सिकंदर का पुत्र था और दूसरा घायल युवक अनस अंसारी सिन्दरी थाना क्षेत्र के डोमगढ़ निवासी डॉ महफूज का पुत्र है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी बीआईटी सिन्दरी निवासी सोमनाथ रौशन ने बताया कि सिन्दरी की ओर से तेज रफ्तार में उक्त दोनों युवक बाइक संख्या जे एच 15 यू 8245 पर सवार होकर सिन्दरी से गौशाला जा रहे थे। तभी बीआईटी सिन्दरी गेट नंबर 12 के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात कार से अनियंत्रित होने के कारण बाइक चालक अनस ने सड़क किनारे जंगल में पेड़ से टक्कर मार दी। टक्कर इतना भयावह था कि दोनों युवक हवा में बाइक सहित लगभग बीस फीट उँचा चले गए थे।

### पुलिस ने जब्त की बाइक

सूचना के आधार पर पहुँची गौशाला ओपी की पुलिस ने घटना की जानकारी ली और बाइक जप्त कर लिया है। चासनाला सीएचसी के चिकित्सकों ने दोनों युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया था। एसएनएमएमसीएच धनबाद में घायलों की जाँच के दौरान चिकित्सकों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया है और समाचार लिखे जाने तक अनस खून की उल्टियाँ कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक अनस को एसएनएमएमसीएच धनबाद से परिजनों द्वारा धनबाद स्थित एशियन जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौशाला ओपी प्रभारी ने बताया कि दोनों घायलों को चिकित्सकों ने एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है।

## दो पक्षों में मारपीट, मामला पहुंचा थाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत नुनुडीह बस्ती में मोटरसाइकिल रोक गालीगलौज मारपीट करने के ले कर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई भुक्तभोगी महिला परिवार न्याय की मांग को लेकर सुदामडीह थाना पहुंची। वही घटना के बारे में रीता देवी ने बतया कि मेरा पुत्र मोटरसाइकिल लेकर नुनुडीह बस्ती तरफ गया था जहा पर सोनू गोराई ने मोटरसाइकिल रोक कर पुत्र से गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी जिसकी सूचना मिलने पर वहाँ कुछ महिला देखने गयी थी जैसे ही पहुची की सोनू गोराई के साथ और लड़का महिला के साथ मारपीट कर दी । कुछ समाजिक व्यक्तियो के हस्तक्षेप के बाद विवाद समाप्त हो गया लेकिन एक बार फिर कुछ घंटों बाद सोनू ने दर्जनों युवक अमित गोराई गोपाल गोराई सोनू गोराई राहुल गोराई रंजीत गोराई साथियो सहित अन्य के साथ हमारे आवास नुनुडीह दुर्गा मंदिर समीप रीता देवी ,रूबी देवी,आशा देवी ,अनारवा देवी के घर पर पहुच घर मे घूस कर महिलाओं लड़कियो के साथ जमकर मारपीट और छेड़खानी करने लगा जिसमे कुछ लोगो को चोट भी आई है जिसका लिखित शिकायत सुदामडीह पुलिस को दी है । वही सोनू गोराई ने बताया कि लड़का मोटरसाइकिल तेज चला रहा था । जिसको रोककर डाटफटकार किया तो घरवाले को बुलाकर लाया और वह लोग एक दुकान में हमसब के साथ दर्जनों लोग ने मार पीट किया ।

## मनरेगा योजना की डीडीसी ने की समीक्षा

**बोकारो।** बियाडा स्थित सभागार में डीडीसी कीर्तीश्री जी ने सभी बीडीओ के साथ मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण की समीक्षा बैठक की।उन्होंने दिसम्बर माह के अंत तक 03 हजार आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी पदाधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा। बाबा साहेब अम्बेदकर योजना अंतर्गत सभी आवासों को दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने एवं वित्तीय वर्ष 2022.23 के लक्ष्य का शत प्रतिशत स्वीकृतिए प्रथम किस्त भुगतान एवं नियमानुसार आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया ।मनरेगा योजना अंतर्गत सभी बीडीओ को मानव दिवस सृजनए वीर शहीद पोटो हो खेल मैदानए ऑगनबाड़ी केन्द्रए मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत प्रगति लाने को कहा। मनरेगा अंतर्गत बायोगैस प्लांट अंतर्गत सभी प्रखंडो को लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य का 50 फीसद लाभुकों का चयन छह दिसम्बर 2022 तक करने का निर्देश दिया ।मौके पर सभी प्रखंडों के बीडीओ एवं संबंधित अधिकारीध्कर्मी उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिनीडीह।** सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय की उन बहनों को सम्मानित किया गया । जिन्होंने अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय एवं विद्या विकास समिति, झारखंड का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता दिनांक 19 नवंबर से 23 नवंबर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित थी। विद्यालय के कक्षा एकादश की बहन बंदना कुमारी ने एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक, कक्षा दशम की बहन अंशु कुमारी ने एक रजत, बहन खुशबू कुमारी ने एक कांस्य एवं बहन निर्जला कुमारी ने भी एक कांस्य पदक प्राप्त कर सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह एवं विद्या विकास समिति, झारखंड झारखंड को गौरवान्वित किया। आज के इस सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विद्यालय के शारीरिक आचार्य मदन मोहन राय, विद्या विकास समिति के संगीत प्रमुख जितेंद्र कुमार दुबे ने विजेता बहनों को सम्मान पत्र एवं स्मारिका देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती समय-समय पर विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है, जिससे भैया- बहनों में छिपी प्रतिभा बाहर निकलती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति यदि प्रयास करें तो संसार में कोई भी काम असंभव नहीं है। विद्या भारती की कल्पना है कि एक ऐसे भारत का निर्माण हो जो सर्वशक्तिमान एवं संसार का रक्षक बन सके। उन्होंने कहा कि हर भैया बहनों में कुछ न कुछ प्रतिभा अवश्य होती है और वह प्रतिभा तभी बाहर निकलती है जब उन्हें प्रतियोगिताओं के दौर से गुजरना पड़ता है।



### पूरे प्रदेश का है सम्मान: उप प्राचार्य

उप प्राचार्य श्री दुर्गेश नंदन सिन्हा ने कहा कि आज का सम्मान समूचे प्रदेश का सम्मान है जब इस विद्यालय की बहनों ने विद्यालय को एवं संपूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के शारीरिक आचार्य मदन मोहन राय ने कहा कि यह 33 वां अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता यह साबित करता है कि हमारे भैया- बहनों में भी अपार क्षमता है, यदि उन्हें अवसर मिले तो वे निश्चित ही सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस सम्मान समारोह के अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिवार एकत्रित था। सबने विजेता बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक नजर में

## चतरोचट्टी के केकई जर्जर पुल दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण, सरकार और विभाग मौन

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बना केकई नदी पुल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है ।इस ओर सरकार और विभाग मौन है। केकई पुल का बना पिलर के अंदर व बाहर चारो ओर जर्जर ही नहीं जानलेवा भी हो गया है। जर्जर पुल से गुजरने वाले छोटे . बडे भारी वाहन चालक व ग्रामीण भी काफी परेशानियों से पुल को पार करते हैं। वही समाजसेवी हेमलाल महतो एवं कई ग्रामीणों ने बताया है कि केकई पुल इतना जर्जर हो गया है कि कभी भी यह पुल गिर कर छतिग्रस्त हो सकता है। पुल के मरम्मती निर्माण को लेकर यहांके हम ग्रामीण कई बार आवाज उठाये हैंए मगर आज तक किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया ।कहाकि केकई पुल काफी पुराना है और अभी पुल की स्थिति काफी कमजोर हो गया हैए कभी भी किसी समय घटना दुर्घटना हो सकता है ।कहा की जबकि इस पुल से वर्तमान विधायक सांसद एवं जिला एवं प्रखंड केअधिकारियों का आवागमन रहता हैंएइसके बावजूदएइस जर्जर केकई नदी पुल पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया हैए उन्होंने कहा जल्द ही जर्जर केकई पुल की मरम्मत कार्य नही किया गया तो व्यापक आंदोलन करेंगे।

## डीसी ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। मौके पर धनबाद सांसद प्रतिनिधि आर एन ओझाए बेरमो विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार महतोए चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि वीरभद्र ए सिविल सर्जन डाण ए बी प्रसादए डीटीओ संजीव कुमार समेत अन्य उपस्थित थे ।बैठक में श्री चौधरी ने पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की। जिला परिवहन पदाधिकारी ने इसकी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में दिए निदेर्शों का अनुपालन किया गया है।

## पेज एक का शेष

### पत्नी ने पति ...

अंजन ने अपनी पहली शादी छिपाकर पूनम से शादी की थी। स्पेशल सीपी रवींद्र यादव और डीसीपी क्राइम अमित गोयल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी दी। अंजन मूल रूप से बिहार का रहना वाला था। पूनम उसकी दूसरी पत्नी थी। वहीं, वह पूनम का तीसरा पति था। बिहार में अंजन की पहली शादी हुई थी। पहली पत्नी से उसके आठ बच्चे हैं। अंजन अपनी बहू-बेटी पर गंदी नजर रखता था, जिसके चलते पत्नी पूनम और बेटे दीपक ने उसकी हत्या कर दी। 30 मई को मां-बेटे ने अंजन की शराब में नींद की गोलियां मिला दी। जब वह शराब पीकर बेसुध हो गया तो दोनों ने गला काटकर उसकी हत्या कर दी। मृतक के शरीर से खून पूरी तरह निकलने के बाद अगले दिन दोनों ने मिलकर शव के 10 टुकड़े कर डाले और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में टुकड़े फेंके गये।

**बहू-बेटी पर रखता था गंदी नजर :** अंजन पूनम का तीसरा पति था। पूनम मूल रूप से बिहार की है। 14 साल की उम्र में बिहार में उसकी शादी सुखदेव नाम के व्यक्ति से हुई थी। सुखदेव से उसे एक बेटी हुई थी। सुखदेव पूनम को लेकर दिल्ली आया था। यहां उसने कुछ दिन पूनम को साथ रखा फिर छोड़ दिया। पति सुखदेव की तलाश के दौरान पूनम कल्लू नाम के व्यक्ति से मिली। कल्लू ने पूनम को सहारा दिया। इसके बाद पूनम ने कल्लू से शादी कर ली। कल्लू से उसे दो बेटी और एक बेटा दीपक हुआ। कल्लू पूनम को नशे में मारता-पीटता था। इसी दौरान पूनम अंजन के संपर्क में आयी। शराब पीने के चलते कल्लू बीमार हुआ और उसकी मौत हो गयी। कल्लू की मौत के बाद पूनम ने अंजन से विवाह कर लिया। पूनम के बेटे दीपक की शादी हुई तो उसकी बहू भी साथ रहने लगी। इसके साथ ही उसकी बेटी भी साथ रहती थी। पूनम का आरोप है कि अंजन बेटी-बहू पर गंदी नजर रखता था, जिसके चलते उसकी हत्या की।

**ऐसे हुआ खुलासा :** पुलिस को सूचना मिली कि अंजन दास नाम का आदमी पिछले काफी समय से लापता है। किसी ने अंजन के लापता होने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज नहीं कराई थी। इस बीच रामलीला मैदान और न्यू अशोक नगर के गंदा नाले के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। सीसीटीवी में एक महिला और युवक को कोई सामान फेंकता देखा गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों की पहचान कर ली। पूछताछ के दौरान दोनों ने अंजन दास की हत्या की बात स्वीकार कर ली। दोनों ने बताया कि सबूत मिटाने के लिए उन्होंने घर को पेंट कराया था। पुलिस ने उस फ्रिज को बरामद कर लिया है, जिसमें शव के टुकड़े रखे गए। पुलिस बिहार में रहने वाले अंजन दास के रिश्तेदारों का डीएनए टेस्ट कराएगी ताकि पता चल रहे कि शव के जो टुकड़े मिले थे वे अंजन के ही थे।

### अपनी कार्यशैली सुधारें ...

बिक्री की मुख्य जिम्मेवारी नियमानुसार मानव प्रदाता एजेंसियों की है। लक्ष्य से कम राजस्व वसूली के संबंध में विभागीय सचिव ने अवगत कराया कि मानव प्रदाता एजेंसियां निर्धारित बिक्री लक्ष्य के अनुरूप बिक्री नहीं कर पा रही है। वेतन इत्यादि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण विक्रेता हतोत्साहित हैं। कतिपय दुकानों में विभागीय पदाधिकारियों द्वारा एमआरपी से अधिक मूल्य पर बिक्री, मदिरा में पानी मिलाने जैसे गतिविधि तथा अवैध मदिरा बिक्री जैसी अनियमितताएं भी दर्ज की गयी है। अक्टूबर में भी बिक्री लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की गयी थी। जिस कारण से मानव प्रदाता एजेंसियों पर नियमानुसार 18.22 करोड़ रुपये का अर्थदंड अधिरोपित करते हुए इसकी वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

### इडी अब पूजा...

मालूम हो कि सीए सुमन सिंह ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि कई बार उसने पल्स अस्पताल के कैश काउंटर पर चार से पांच बार फर्जी बिल बनाकर पल्स अस्पताल की रसीद बढ़ा-चढ़ाकर देने के लिए 10 लाख रुपये की नकद राशि दी थी। पूजा सिंघल ने गलत तरीके से अर्जित धन को पल्स अस्पताल में समायोजित करने और अस्पताल से अर्जित लाभ को बेदाग दिखाने के लिए किया था। इडी ने कहा कि शादी से पहले पूजा सिंघल अपने ही बैंक खाते में फर्जी पैसे जमा करती थी, लेकिन शादी के बाद नकद जमा अभिषेक झा के खातों में किया गया था। बाद में, मैसर्स पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड को शामिल करने के बाद नकदी को पल्स डायग्नोस्टिक के साथ-साथ पल्स संजीवनी के निर्माण, खरीद और खातों में समायोजित किया गया था। ईडी ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 से मेसर्स पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों में कुल क्रेडिट संबंधित वित्तीय वर्ष में कंपनी के कुल कारोबार से अधिक था। जबकि ईडी के समक्ष पूजा के पति अभिषेक ने कहा है कि मैसर्स पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड में लगाया गया पैसा ऑस्ट्रेलिया में अर्जित किया था। वह ऑस्ट्रेलिया से 31०89 लाख रुपये नकद लेकर आया था। ईडी को करीब 100 करोड़ रुपये के भारी कैश का पता चला है।

### झारखंड के मुख्य सचिव ...

इसी नीति के तहत वर्ष 2016 में अनुसूचित जिलों में 8,423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9,149 पदों पर हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गयी। 13 अनुसूचित जिले के सभी तृतीय और चतुर्थ वर्गीय पदों को उसी जिले के लिए स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित किए जाने के विरोध में झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाई कोर्ट की लार्जर बेंच ने 21 सितंबर 2020 को राज्य सरकार की नियोजन नीति और हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाते हुए, नियोजन नीति को असंवैधानिक बताते हुए उसे निरस्त कर दिया था। हाई कोर्ट ने 13 जिलों में नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करते हुए गैर अनुसूचित जिलों की नियुक्ति को बरकरार रखा था। हाइकोर्ट के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थी सत्यजीत कुमार और अन्य की ओर से एसएलपी दायर की गयी थी।

